CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

लखनऊ, गुरुवार 25 सितम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 325 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 2 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



प्रियंका गांधी की उत्तराखंड में पेपर लीक पर तीखी प्रतिक्रिया पेज 2




आईसीसी टी-20 रैंकिंग: भारत चारों कैटेगरी में टॉप पर बरकरार खेल टाइम्स




कहां से शह पाते हैं ऐसे जहरीले लोग सम्पादकीय



फिनलैंड के राष्ट्रपति बोले- भारत उभरती हुई ताकत पेज 12

## जम्मू-कश्मीर की 4, पंजाब की एक रास सीट के लिए 24 अक्टूबर को चुनाव

**नई दिल्ली।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से चार तथा पंजाब से एक राज्यसभा सीट के लिए 24 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा। चुनाव आयोग ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस बारे में छह अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी और 13 अक्टूबर तक उम्मीदवार नामांकन कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 14 अक्टूबर तक की जाएगी और उम्मीदवार द्वारा 16 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। आयोग ने बताया कि राज्य सभा की द्विवार्षिक चुनाव प्रक्रिया के तहत 24 अक्टूबर को इन सभी पांच सीटों को भरने के लिए सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा और उसी दिन शाम पांच बजे से वोटों की गिनती का काम शुरू कर दिया जाएगा।

## महाराष्ट्र के पांच जिलों में बाढ़, आठ लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें लातूर में तीन, बीड में दो और छत्रपति संभाजीनगर, नांदेड़ और धाराशिव में एक-एक लोगों की मौत बिजली गिरने, डूबने और अन्य कारणों से हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि मराठवाड़ा के आठ जिलों में 766 घरों को बाढ़ से नुकसान पहुंचा है। 33,010 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर लगी फसलें खराब हो गईं। बीड और धाराशिव में पांच बांध, कई सड़कें, पुल और स्कूलों को भी नुकसान पहुंचा है। इधर, पश्चिम बंगाल के कोलकाता और आसपास के जिलों में बारिश से मरने वालों का आंकड़ा 10 पहुंच गया है। इनमें 8 मौतें सिर्फ कोलकाता में हुईं।

## आतंकी पन्नू के विरुद्ध NIA ने किया नया मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** एनआईए ने अमेरिका स्थित आतंकी और अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के महासचिव गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज की है। पन्नू पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ धमकी भरे बयान देने और हिंसा भड़काने का आरोप है। नए एफआईआर के अनुसार, पन्नू ने कथित रूप से सिख सैनिकों को स्वतंत्रता दिवस पर श्री मोदी को लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने से रोकने के लिए उकसाया था।

## सोनू सूद ईडी के सामने हुए पेश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद प्रतिबंधित एप 1एक्सबेट से जुड़े धन शोधन मामले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी का विशेष दल अभिनेता से पूछताछ कर रहा है और यह पूछताछ सात-आठ घंटों तक चल सकती है। उल्लेखनीय है कि इसी मामले में गुरुवार को पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह और 'गंदी बात' वेब सीरीज की अभिनेत्री आवेशी जैन से भी पूछताछ की गई थी।




चंडीगढ़: एयरफोर्स स्टेशन में 'मिग-21 ऑपरेशनल फ्लाइंग समापन समारोह' से पहले रिहर्सल के दौरान भारतीय वायुसेना के मिग-21 विमान। मिग-21 को 26 सितम्बर, 2025 को होने वाले समारोह में छह दशक से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाएगा।

# दिल्ली में कांड करके भागा चैतन्यानंद

## पूर्व कॉलेज प्रमुख पर यौन शोषण का आरोप, 17 छात्राएं बोलीं- अश्लील मैसेज भेजे, जबरन छूता था

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के पूर्व चीफ स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती पर 17 स्टूडेंट्स से यौन शोषण के आरोपों का बुधवार को खुलासा हुआ।

छात्राएं इंस्टीट्यूट में ईडब्ल्यूएस स्कॉलरशिप के तहत पीजीडीएम (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट) कर रही हैं। चैतन्यानंद पर उनसे गंदी बातें करने, अश्लील मैसेज भेजने और जबरन छूने का आरोप है। चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी के खिलाफ 4 अगस्त को वसंत कुंज नार्थ पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। तब वह इंस्टीट्यूट का प्रमुख था। उसे 9 अगस्त को पद से हटाकर निष्कासित किया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद से चैतन्यानंद फरार है। पुलिस को यूपी के आगरा में उसकी लोकेशन मिली है। दिल्ली पुलिस ने शारदा इंस्टीट्यूट के बेसमेंट से चैतन्यानंद की एक वॉल्वो कार जब्त की है। छात्राओं ने दावा किया कि इंस्टीट्यूट में काम करने वाले वार्डन ने उन्हें आरोपियों से मिलाया था। कार पर यूनाइटेड नेशन (यूएन) की नंबर प्लेट लगी थी। आमतौर पर ऐसे नंबर राजनयिकों को जारी किए जाते हैं। पुलिस ने बताया कि चैतन्यानंद को यह नंबर यूएन से जारी नहीं हुआ था। उसने खुद ही -शेष पृष्ठ दो पर

- फैकल्टी कहती थी, उसकी बात मानो- एफआईआर दर्ज ,
- शारदा इंस्टीट्यूट के बेसमेंट से एक वॉल्वो कार जब्त



# लद्दाख में भड़की हिंसा, 4 की मौत

## 72 घायल, राज्य का दर्जा मांग रहे प्रदर्शनकारियों ने भाजपा ऑफिस जलाया

लेह, वार्ता

**केंद्र शासित** प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में बुधवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। छात्रों की पुलिस और सुरक्षाबलों से झड़प हो गई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 70 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की। लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने बताया कि लद्दाख के हिंसा प्रभावित लेह जिले में जानमाल की हानि रोकने के लिए कर्फ्यू लगाया गया।

भाजपा ऑफिस और सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी। उधर, प्रशासन ने लेह में बिना अनुमति रैली, प्रदर्शन पर बैन लगा दिया है। ये छात्र सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वांगचुक पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे थे। मांगें पूरी न करने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को बंद बुलाया था। इसी दौरान हिंसा हुई। हिंसा के बाद वांगचुक ने अनशन तोड़ते हुए कहा कि यह लद्दाख के लिए दुख का दिन है। हम पांच साल से शांति के रास्ते पर चल रहे थे। अनशन किया, लेह से दिल्ली तक पैदल चलकर गए। आज हम शांति के पैगाम को असफल होते हुए देख रहे हैं। हिंसा, गोलीबारी और आगजनी हो रही है। मैं लद्दाख की युवा पीढ़ी से अपील करता हूं कि इस बेवकूफी को बंद करें। हम अपना अनशन -शेष पृष्ठ दो पर






### मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बोले-जनता के साथ नाइंसाफी

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और एनसी के विधायक तनवीर सादिक ने लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में सरकार की विफलताओं की आलोचना करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूर्ण राज्य की मांग (स्टेटहुड) बहाल नहीं किया गया, सिर्फ इसलिए कि बीजेपी चुनाव नहीं जीत पाई। यह जनता के साथ नाइंसाफी है।

### लद्दाख महोत्सव भी रद्द

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने चार दिवसीय लद्दाख महोत्सव के अंतिम दिन का कार्यक्रम रद्द कर दिया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने एक बयान जारी कर कहा कि स्थिति के चलते समापन समारोह को रद्द करना पड़ा है। हम स्थानीय कलाकारों, सांस्कृतिक समूहों, पर्यटकों और आम जनता से क्षमा चाहते हैं।

### लेह में पांच या इससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर लगा प्रतिबंध

लेह में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे स्थानीय लोगों के विरोध प्रदर्शन के बाद जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुसार लेह में पूर्व लिखित अनुमति के बिना कोई जुलूस, रैली या मार्च नहीं निकाला जाएगा।

- शहर में मार्च-रैली बैन, सोनम वांगचुक के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने CRPF की गाड़ी में भी लगाई आग
- सोशल मीडिया के माध्यम से भीड़ जुटाई, 24 सितम्बर को लद्दाख बंद बुलाने का किया था आह्वान

# रेलवे कर्मचारियों को दिवाली गिफ्ट

## मंत्रिमंडल ने किया 78 दिन के बोनस का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल कर्मचारियों को दीपावली पर 78 दिन का बोनस देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

उन्होंने बताया कि रेलवे कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए मंत्रिमंडल ने 10,91,146 रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के उत्पादकता-आधारित बोनस के रूप में 1865.68 करोड़ रुपये के भुगतान को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पात्र रेल कर्मचारियों को उत्पादकता-आधारित बोनस का भुगतान प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा या दशहरा की छुट्टियों से पहले किया जाता है और इस वर्ष भी, लगभग 10.91 लाख अराजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस का भुगतान किया जा रहा है। उनका कहना था कि बोनस का भुगतान रेलवे के प्रदर्शन में सुधार के लिए लवे कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए एक -शेष पृष्ठ दो पर



- 10,91,146 रेलवे कर्मचारियों को होगा फायदा

# वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने व हटाने का प्रोसेस बदला

**नई दिल्ली।** वोटर लिस्ट से नाम हटाने-जोड़ने के लिए अब ई-वेरिफिकेशन जरूरी होगा। इसके लिए चुनाव आयोग (ईसी) ने अपने पोर्टल और एप पर एक नया 'ई-साइन' फीचर शुरू किया है।

वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, हटाने या उस पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आवेदक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भेजा जाएगा। इससे सुनिश्चित होगा कि आवेदन करने वाला वही व्यक्ति है, जिसका नाम या नंबर इस्तेमाल किया गया है।यह मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 23 सितम्बर से पहले ई-वेरिफिकेशन जरूरी नहीं था।

- ई- वेरिफिकेशन जरूरी, रजिस्टर्ड नंबर पर ओटीपी आएगा

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से होंगी शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए संभावित डेटशीट जारी कर दी है। परीक्षाएं 17 फरवरी से 15 जुलाई, 2026 के बीच आयोजित होने वाली हैं।

इस अवधि के दौरान कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए मुख्य परीक्षाएं, खेल छात्रों के लिए परीक्षाएं, कक्षा 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षाएं, 12वीं की पूरक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। यह पहली बार है कि कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक शैक्षणिक सत्र में दो बार आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा का पहला संस्करण 17 फरवरी से 6 मार्च, 2026 तक आयोजित किया जाएगा। 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का दूसरा संस्करण 15 मई से 1 जून तक आयोजित किया जाएगा। सीबीएसई कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 9 अप्रैल, 2026 तक आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि छात्रों के लिए पहले चरण की परीक्षा देना अनिवार्य होगा, लेकिन अगर छात्र अपने अंक सुधारना चाहते हैं तो दूसरे चरण की परीक्षा में भी शामिल हो सकते हैं।

- कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक शैक्षणिक सत्र में दो बार होंगी

## मेडिकल कॉलेजों में स्नातकोत्तर की पांच हजार व स्नातक की 5023 सीटें बढ़ाने को कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के लिए स्नातकोत्तर की पांच हजार सीटें और स्नातक की 5023 सीटें बढ़ाने की मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मौजूदा राज्य सरकार/केंद्र सरकार के मेडिकल कॉलेजों/स्टैंडअलोन पीजी संस्थानों/सरकारी अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के लिए केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के तीसरे चरण को मंजूरी दे दी है ताकि 5,000 स्नातकोत्तर की सीटें और एमबीबीएस के लिए 5,023 सीटें बढ़ाई जा सकें।

# राहुल गांधी हाइड्रोजन-यूरेनियम बम फोड़ने वाले हैं: जयराम

पटना, वार्ता

**आजादी के बाद** पहली बार 24 सितम्बर को पटना में कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। इस मीटिंग में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी समेत कांग्रेस के सीनियर लीडर मौजूद रहे। बैठक करीब साढ़े 4 घंटे तक चली। 51 लोगों ने बैठक को संबोधित किया। मीटिंग में 2 प्रस्ताव पारित किए गए।

एक राजनीतिक प्रस्ताव था। दूसरा बिहार की जनता से अपील। मीटिंग के बाद कांग्रेस नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि, तेलंगाना में सितम्बर 2023 में ऐसी ही सीडब्ल्यूसी की मीटिंग हुई थी और 2 महीने के अंदर कांग्रेस की सरकार बनी थी। अब पटना में काउंटडाउन शुरू हो चुका है। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने वाली है। राहुल गांधी के नेतृत्व में वोट चोरी के खिलाफ अभियान चला, वो अभियान जारी रहेगा। आगे एक महीने में राहुल गांधी मिनी हाइड्रोजन बम, हाइड्रोजन बम, यूरेनियम बम सहित अलग-अलग बम फोड़ने वाले हैं। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बीजेपी नीतीश कुमार को मेंटली रिटायर्ड मान चुकी है। वो उन्हें बोझ मानती है। इसके साथ ही उन्होंने बेरोजगारी, किसान, बाढ़ को लेकर एनडीए पर निशाना साधा। वोटर वेरिफिकेशन को लेकर चुनाव आयोग को घेरा। तो अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रधानमंत्री को फेल बताते हुए कहा कि पीएम के दोस्तों की वजह से आज देश संकट में है।

- आजादी के बाद पहली बार पटना में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई



### राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 'वोट चोरी' के मुद्दे पर घेरते हुए बुधवार को उन पर फिर निशाना साधा और कहा कि यह अच्छी बात है कि उनकी सलाह पर वह मतदाता सूची को ज्यादा पारदर्शी बना रहे हैं, लेकिन यह भी बताएं कि वोट चोरी करने वालों को कब पकड़ेंगे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ज्ञानेश जी, हमने चोरी पकड़ी तब आपको ताला लगाना याद आया - अब चोरों को भी पकड़ेंगे, तो बताइए, सीआईडी को सबूत कब दे रहे हैं आप।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 9953305014

## संक्षिप्त समाचार

### प्रियंका की उत्तराखंड में पेपर लीक पर तीखी प्रतिक्रिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तराखंड में पेपर लीक की घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए हैरानी जताई कि बच्चे 15-15 घंटे तैयारी परीक्षा दे रहे हैं और सरकार में बैठे लोग 15 लाख रुपए लेकर पर्चे लीक करवा रहे है। श्रीमती वाड्रा ने एक अभ्यर्थी की पीड़ा को उधदृत करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- हम लाइब्रेरी में 15-15 घंटे पढ़ रहे हैं, ये 15-15 लाख में पेपर बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां सवाल सिर्फ एक उम्मीदवार की पीड़ा का नहीं, उत्तराखंड समेत देश के ज्यादातर युवाओं का यही दर्द है। आज बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्या है, क्योंकि उत्तराखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत जहां भी भाजपा सरकार में है, वहां बड़े पैमाने पर पेपर लीक करवाए जा रहे हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहा है और प्रधानमंत्री मूकदर्शक बने हुए हैं।

### रूस के उप प्रधान मंत्री ने किया ताजमहल का दीदार

**आगरा।** रूस के उप प्रधान मंत्री दिमित्री पत्रोशेव ने बुधवार को प्रेम की अद्वितीय धरोहर ताजमहल की बेमिसाल खूबसूरती का दीदार किया। पत्रोशेव ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोपहर करीब दो बजे ताजमहल परिसर में प्रवेश किया। वह ताज की खूबसूरती को करीब एक घंटे तक निहारते रहे। इस मौके पर जमकर फोटो सेशन कराया और ताजमहल के इतिहास के बारे में बारीकी से जानकारी हासिल की।

## योगी ने जीएसटी रिफॉर्म को लेकर व्यापारियों और ग्राहकों से किया संवाद

# 33 जीवन रक्षक दवाएं जीएसटी से मुक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बाजार की मजबूती और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि घटे हुए जीएसटी रेट्स से आम उपभोक्ता, व्यापारी और उद्यमी सभी वर्गों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इस रिफॉर्म ने जहां उपभोक्ताओं को राहत दी है, वहीं बाजार की मजबूती और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त किया है।

योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को हजरतगंज स्थित यूनिवर्सल बुकसेलर के पास पत्रकारों से बात. चीत में कहा कि उपभोक्ताओं के मामले में देश का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण जीएसटी रिफॉर्म का सबसे अधिक लाभ यूपी के व्यापारियों और ग्राहकों को होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए नोटबुक, पेंसिल और अन्य शैक्षणिक सामग्री पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है। इसी तरह ज्यादातर घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्रियों को जीरो या 5 प्रतिशत के दायरे में लाया गया है। जीवन रक्षक 33 प्रकार की दवाओं को भी पूरी तरह से जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाजार में खपत बढ़ने से उत्पादन में वृद्धि हुई है। इससे व्यापारी और उद्यमी दोनों को लाभ हुआ है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुले हैं। त्योहारों के सीजन में यह बड़ा कदम उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता राज्य है और इस रिफॉर्म से यहां की अर्थव्यवस्था को विशेष मजबूती मिलेगी। सीएम ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद देश का कलेक्शन 7 लाख करोड़ से बढ़कर 22 लाख करोड़ तक पहुंचा है, जबकि यूपी में यह 49 हजार करोड़ से बढ़कर 1.15 लाख करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हजरतगंज मार्केट में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जीएसटी रिफॉर्म से संबंधित पंपलेट और बैनर वितरित किए। उन्होंने दुकानदारों और ग्राहकों से संवाद भी किया। व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री के प्रति आभार जताया।

### योगी ने अस्पताल जाकर ओम प्रकाश राजभर से की वार्ता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ के मेदांता अस्पताल में जाकर वहां भर्ती कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। मुलाकात के दौरान योगी के साथ कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना भी मौजूद रहे। राजभर के दोनों बेटों अरविंद राजभर और अरुण राजभर से पूरी जानकारी ली और अस्पताल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेदांता अस्पताल में भर्ती प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर की सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। उनके भर्ती होने की सूचना पाकर सरकार के कई मंत्री उनसे मिलने अस्पताल पहुंच चुके हैं।

### जीएसटी रिफार्म मोदी का युगांतकारी फैसला: सुधांशु

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि जीएसटी का रिफार्म देश के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक युगांतकारी फैसला है जिसका असर भविष्य में देश की अर्थव्यवस्था में बड़े बदलाव के तौर पर देखने को मिलेगा। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में श्री त्रिवेदी ने जीएसटी रिफार्म के फैसले को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि जीएसटी 2-0 से देश के हर वर्ग का आर्थिक सशक्तिकरण होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग जीएसटी को राजनीतिक फैसला बता रहे हैं वो गलत है। उनको राजनीतिक चश्मे से बाहर आकर इसकी सरहाना करनी चाहिए।

## एकजुटता से ही हो सकती है पीडीए की हिफाजत: अखिलेश



■ पीडीए की जनचेतना पिछड़ेपन से बाहर निकलने की आवाज बन चुकी

**लखनऊ।** पंजाब में रहने वाले यादव जाति के लोगों द्वारा पिछड़ा वर्ग से निकाल कर अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल किए जाने की मांग पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र में जन्मी पीडीए की जनचेतना पिछड़ेपन से बाहर निकलने की आवाज बन चुकी है।

एकजुटता की शक्ति ही उनकी क्षतिपूर्ति और हिफाजत कर सकती है। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लिखा कि उप्र से जन्मी पीडीए की जनचेतना अब पूरे देश के 'पीड़ित, दुखी, अपमानित' समाज के लिए अपने सम्मान, अधिकार, आरक्षण, पिछड़ेपन के दंश व दमित स्तर से उबरने के लिए संघर्ष की नई आवाज बन गई है। जो लोग जहां भी संख्या में कम हैं वो भी जान गए हैं कि एकजुटता की शक्ति ही उनकी संख्या की कमी की क्षतिपूर्ति करने में सक्षम होगी और उनके हक की हिफाजत करने में भी। जिनके हिस्से ऐतिहासिक रूप से उपेक्षा और उत्पीड़न ही आया है, और ऐसे लोग हर समाज में हैं। इसीलिए 'जो पीड़ित वो पीडीए' के सैद्धांतिक सूत्र से एक-सूत्र हुए पीडीए समाज ने एक साथ मिलकर अब ये संकल्प उठाया है कि 'पीडीए का परचम पूरे देश में लहराएंगे, हम अपनी पीडीए सरकार बनाएंगे। वहीं एक दिन पूर्व गोंडा के स्थानीय विधायक और ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि के बीच जीएसटी रिफॉर्म्स को लेकर जनसम्पर्क के दौरान हुए बवाल को लेकर भी अखिलेश यादव ने निशाना साधा है।

## समुद्री क्षेत्र परिवहन के लिए 69,725 करोड़ मंजूर

नई दिल्ली, वार्ता

समुद्री क्षेत्र के सामरिक और आर्थिक महत्व को देखते हुए मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश में जहाज निर्माण और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए 69,725 करोड़ रुपए के एक दीर्घावधिक व्यापक पैकेज को मंजूरी दी।

इस पैकेज के पूरी तरह क्रियान्वित होने पर जहाजरानी और समुद्री परिवहन क्षेत्र में 4.5 लाख करोड़ का नया निवेश आकर्षित होने तथा रोजगार के 30 लाख नए अवसर सृजित होने की संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण, रेल और इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मांमलों के मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह पैकेज घरेलू क्षमता को मजबूत करने, दीर्घकालिक वित्तपोषण में सुधार करने, नए और पहले से चल रहे शिपयार्डों के विकास को बढ़ावा देने, तकनीकी क्षमताओं और कौशल को बढ़ाने और एक मज़बूत समुद्री बुनियादी ढांचा बनाने के लिए कानूनी, कराधान और नीतिगत सुधारों को लागू करने हेतु तय किए गए महत्वपूर्ण दृष्टिकोणों को परिलक्षित करता है।

इस निर्णय के बारे में जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस पैकेज के तहत, जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना (एसबीएफएएस) को 31 मार्च 2036 तक बढ़ाया जाएगा, जिसकी कुल राशि 24,736 करोड़ रुपए होगी। इस योजना का उद्देश्य भारत में जहाज निर्माण को प्रोत्साहित करना है और इसमें 4,001 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ शिपब्रेकिंग (पुराने पोतों को तोड़ने वाले उद्योग) के लिए ऋण सुविधा भी शामिल है।

### क्षमता निर्माण, मानव संसाधन विकास पर 2277.397 करोड़ खर्च करने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास पर वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान के लिए 2277.397 करोड़ रुपए के व्यय को मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने पंद्रहवें वित्त आयोग चक्र 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए 2277.397 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास पर वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग/वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद योजना को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि यह योजना सीएसआईआर द्वारा कार्यान्वित की जा रही है और देश भर के सभी अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं, राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, प्रतिष्ठित संस्थानों और विश्वविद्यालयों को कवर करेगी। यह पहल विश्वविद्यालयों, उद्योग, राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों में करियर बनाने के इच्छुक युवा, शोधकर्ताओं के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करेगी।

## मैं तो अपनी बीवी का नंबर भी भूल गया

### अखिलेश से फोन की बात के सवाल पर बोले आजम खान

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान कल मंगलवार को सीतपुर जेल से 23 महीने बाद जमानत पर रिहा होकर अपने घर रामपुर पहुंचे। आज बुधवार को मीडिया से बात करते हुए आजम खान ने कई सवालों के जवाब दिए। जब उनसे पूछा गया कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखलेश यादव ने कभी फोन नहीं किया, तो इस सवाल पर आजम खान ने कहा कि आप यकीन करिए मुझे दुनिया में सिर्फ मेरी बीबी का नंबर याद था, मैं वो भी भूल गया। मेरे पास फोन ही नहीं था।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान ने कहा कि हमारे पास एक चरित्र नाम की चीज है। लोग प्यार करें और इज्जत करें, मैं कोई बिकाऊ नहीं हूं। सपा नेता आजम खान ने अखिलेश यादव के सपा सरकार में मुकदमे वापस लेने वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। सपा नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने कहा कि इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी। आजम खान ने कहा जहां तक मुकदमों का सवाल है उन मुकदमों में अगर कोई दम होता, तो मैं आज बाहर नहीं दिखता। छोटी अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मुझे इंसाफ मिलने की उम्मीद है, एक दिन मैं बेदाग हो जाऊंगा। इसके साथ ही जब उनसे पूछा गया कि अखिलेश यादव ने आपकी रिहाई का स्वागत किया है, तो आजम खान ने कहा कि वह मेरी पार्टी के बड़े नेता हैं, मेरे जैसे छोटे आदमी के लिए अगर कुछ बात कहेंगे, तो उनका बड़प्पन है। जब उनसे पूछा कि पार्टी के शीर्ष नेता आपसे मुलाकात करने नहीं आए हैं और स्थानीय सांसद भी मिलने नहीं आए हैं, तो इस पर क्या कहेंगे। इस सवाल पर सपा नेता ने आजम खान ने कहा कि यही कहेंगे कि सब खैरियत से रहें।



सेंसेक्स 81715.63
निफ्टी 25056.90



सोना रु. 113428
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार




चांदी रु. 134712
प्रति किलो



## लगातार चौथे दिन भी टूटे शेयर बाजार

### सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों में गिरावट देखी गई

मुंबई, वार्ता



ऑटो, आईटी और रियलिटी शेयरों में तेज बिकवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक लगभग दो सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 386.47 अंक लुढ़ककर 81,715.63 अंक पर बंद हुआ। बीच कारोबार में यह 81,607.84 अंक तक टूट गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 112.60 अंक टूटकर 25,056.90 अंक पर रहा। यह दोनों का 11 सितम्बर के बाद का निचला स्तर है। रियलिटी, ऑटो और आईटी के साथ निजी बैंकों, धातु, तेल एवं गैस और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों पर भी दबाव रहा। सिर्फ एफएमसीजी सेक्टर में तेजी रही, जिसमें पिछले कुछ समय से बिकवाली हावी थी। सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों में गिरावट देखी गई। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 2.67 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। बीईएल में 2.24 फीसदा, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.52, टेक महिंद्रा में 1.30, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.13 और एक्सिस बैंक में 1.02 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, कोटक महिंद्रा बैंक, इटरनल, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, टाइटन, बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक और आईटीसी में भी गिरावट रही। पावर ग्रिड में सबसे अधिक 1.63 प्रतिशत की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर और एनटीपीसी दोनों के शेयर 1.31 फीसदी चढ़े। मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एलएंडटी के शेयर भी बढ़त में रहे। एनएसई में जिन 3,134 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 2,056 में गिरावट और 993 में तेजी रही, जबकि 85 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे।

मझौली और छोटी कंपनियों पर बिकवाली की ज्यादा दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.07 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.67 फीसदी टूट गया। एशिया में जापान का निक्केई 0.30 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.83 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 1.37 प्रतिशत की बढ़त में रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट रही और जर्मनी का डैक्स 0.20 प्रतिशत तथा ब्रिटेन का एफटीएसई 0.12 प्रतिशत नीचे था।

### सोने और चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली।** बुधवार को नवरात्र के तीसरे दिन देशभर में सोने-चांदी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सोने की कीमतों में लगातार तेजी आज थम गई है। रिकॉर्ड स्तर छूने के बाद 24 सितंबर को सोने की कीमत में गिरावट आई है। एमसीएक्स पर सोना 0.36 फीसदी टूटकर 1,13,428 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। चांदी में भी 0.26 फीसदी की गिरावट देखी गई। ये 1,34,712 रुपए प्रति किग्रा पर है। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 2,700 रुपए बढ़कर 1,18,900 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। वहीं अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि के कारण रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,16,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,650 रुपए बढ़कर 1,18,300 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। सोमवार को यह 1,15,650 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## चावल नरम, खाद्य तेलों-दालों में रही घट-बढ़, गेहूं और चीनी स्थिर



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के दाम घट गए। वहीं गेहूं में टिकाव रहा। खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार.चढ़ाव देखा गया। चीनी के दाम भी कमोबेश स्थिर रहे।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 37 रिंगिट चढ़कर 4,380 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49.70 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 10 रुपए टूटकर 3,853 रुपए प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं के भाव 2,849.71 रुपए प्रति क्विंटल पर स्थिर रहे। आटे की कीमत चार रुपए बढ़कर 3,303.44 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। मूंगफली तेल 31 रुपए और सूरजमुखी तेल 13 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल के भाव लगभग स्थिर रहे। अन्य खाद्य तेलों में गिरावट रही। वनस्पति 25 रुपए और पाम ऑयल 16 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत भी करीब 21 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत सात रुपए बढ़ गई। उड़द दाल में 49 रुपए और मूंग दाल में 17 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। मसूर दाल और चना दाल के भाव कमोबेश अपरिवर्तित रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 14 रुपए प्रति क्विंटल घट गई जबकि चीनी भाव लगभग अपरिवर्तित रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7929.45 रुपए, मसूर काली 8156.29 रुपए, मूंग दाल 10102.50 रुपए, उड़द दाल 10414.39 रुपए, अरहर दाल 10616.71 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.71 रुपए और चावल 3852.74 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दिल्ली में...**

लिखवाया था। दिल्ली स्थित शारदा इंस्टीट्यूट कर्नाटक के श्रृंगेरी स्थित दक्षिणाम्नाय श्री शारदा पीठ की शाखा है। पीठ ने पूरे मामले पर बयान जारी कर कहा कि स्वामी चैतन्यानंद का आचरण और गतिविधियां अवैध और पीठ के हितों के खिलाफ हैं, इसलिए पीठ का उससे कोई संबंध नहीं है। दिल्ली पुलिस के मुता. बिक, मठ और उसकी संपत्तियों के एडमिनिस्ट्रेटर पीए मुरली ने चैतन्यानंद के खिलाफ 4 अगस्त को शिकायत की थी। पूछताछ के दौरान 32 छात्राओं के बयान दर्ज किए गए। इनमें से 17 ने चैतन्यानंद पर यौन शोषण के आरोप लगाए। छात्राओं ने दावा किया कि इंस्टीट्यूट में काम करने वाले वार्डन ने उन्हें आरोपी से मिलवाया था। पुलिस ने चैतन्यानंद के ठिकानों पर छापेमारी की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वसंत कुंज नार्थ पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 75(2)/79/351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद आरोपी के ठिकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के बेसमेंट में एक वॉल्वो कार खड़ी मिली। पता चला कि फर्जी राजनयिक नंबर प्लेट 39 यूएन 1 वाली कार स्वामी चैतन्यानंद इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस ने कार जब्त कर ली।

**लद्दाख में...** तोड़ रहे हैं, प्रदर्शन रोक रहे हैं। इन मांगों को लेकर अगली बैठक दिल्ली में 6 अक्टूबर को होगी। साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। आंदोलनकारियों ने मंगलवार की रात को 24 सितम्बर को लद्दाख बंद बुलाने का आह्वान किया था। भीड़ जुटाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया। लोगों से लेह हिल काउंसिल पहुंचने की अपील की। इसका असर दिखा और बड़ी तादाद में लोग पहुंचे। लेह हिल काउंसिल के सामने आंदोलनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेड्स लगा रखे थे। जब आंदोलन कारी आगे बढ़े, तो पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी, लेकिन भीड़ ने पुलिस की गाड़ी जलाई और तोड़फोड़ की। सोनम वांगचुक ने कहा कि मुझे सही तो नहीं पता कि कौन से हथियार प्रयोग किए गए, रबर गोली का तो सुना था। हालांकि, हमारे कई युवा मारे गए हैं। इससे लगता है कि असली गोली भी चलाई गई है। आगे की रणनीति पर कहा कि गुरुवार को जब गृह मंत्रालय के बड़े अधिकारी आएंगे, तो देखेंगे कि वो हमारी बात सुनते हैं कि पहले की तरह अनसुना करते हैं। हम पिछले 5 सालों से शांति और अनशन के माध्यम से अपनी बात रख रहे थे, अगर वो सुनी जाती, तो युवाओं को सड़कों पर नहीं आना पड़ता। जब शांतिपूर्ण रास्ता मजाक बन रहा था, तो ये रास्ता अपनाया। सोशल मीडिया पर आंदोलन को जेन-जी रिवोल्यूशन बताने की वायरल वीडियो पर सोनम ने कहा कि मैंने जेन-जी रिवोल्यूशन शब्द यूज नहीं किया। लेह में हुई हिंसा पर सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने कहा कि आज जो हुआ वो बहुत दुखद है। कहा जा रहा है कि 3-4 युवक मारे गए हैं। लेह एपेक्स बॉडी के अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने कहा कि शहर में भारी गोलीबारी हुई। इसमें कई लोग घायल हुए और अब तक 4 लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने बताया, लेह एपेक्स बाडी (एलएबी) की युवा इकाई लद्दाख बंद का आयोजन किया था। अनशन पर बैठे 2 लोगों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा है। इसके बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। कुछ युवाओं ने पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिससे पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी। प्रदर्शन के बाद जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी किया कि लेह में पहले से लिखित अनुमति के बिना कोई जुलूस, रैली या मार्च नहीं निकाला जाएगा।जिले में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**रेलवे कर्मचारियों...**

प्रोत्साहन के रूप में कार्य करता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कर्मचारी के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस की अधिकतम देय राशि 17,951 रुपये है। यह राशि विभिन्न श्रेणियों के रेलवे कर्मचारियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप 'सी' कर्मचारियों को दी जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि 2024-25 में रेलवे का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। रेलवे ने रिकॉर्ड 1614.90 टन माल लादा और लगभग 7.3 अरब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया।

## सेबी के फैसले समूह की पारदर्शिता और संचालन के तौर-तरीकों को मान्यता

**नई दिल्ली।** अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने बुधवार को राष्ट्र निर्माण के प्रति समूह की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि हिंडनबर्ग आरोपों के मामलों में सेबी के फैसलों ने समूह की पारदर्शिता और संचालन के तौर-तरीकों पर मुहर लगा दी है। भारतीय पूंजी बाजार नियामक सेबी ने पिछले सप्ताह दो अलग-अलग फैसलों में अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग के जनवरी 2023 में लगाए गए आरा. `पों को गलत बताते हुए अडानी समूह की कंपनियों को क्लीनचिट दे दी थी। अडानी ने शेयरधारकों को आज एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सिर्फ अडानी समूह की आलोचना से परे, भारतीय उद्यमों के वैश्विक स्तर पर खुद को स्थापित करने के सपनों को चुनौती दी गई थी। समूह के लिए यह एक परीक्षा की शुरुआत थी, जिसने हमारे संचालन के तौर-तरीकों, हमारे उद्देश्य और इस सोच को चुनौती दी कि भारतीय कंपनियां वैश्विक स्तर पर सबसे आगे हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि सेबी के अंतिम फैसलों से सत्य की जीत हुई है, जिसका उद्देश्य समूह को कमजोर बनाना था।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# जीएसटी कटौती से अर्थव्यवस्था को मिली नई गति, सरकार का निर्णय दूरगामीः रोहित अग्रवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने केंद्र की एनडीए सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में की गई कमी का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव वाला निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि इस साहसिक कदम से न केवल देश के लाखों व्यापारियों को राहत मिलेगी, बल्कि आम उपभोक्ताओं को भी व्यापक लाभ होगा।



श्री अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, मोबाइल उपकरण, ऑटोमोबाइल, खाद्य सामग्री, शिक्षा सेवाएं, रियल एस्टेट, स्वास्थ्य, पर्यटन और छोटे व्यापार तक लगभग हर क्षेत्र को सीधा फायदा पहुंचेगा। इलेक्ट्रॉनिक और मोबाइल उपकरणों की कीमतें कम होने से आम उपभोक्ता तकनीक का अधिक लाभ उठा सकेंगे, जबकि वाहन उद्योग में राहत से दोपहिया, चारपहिया और वाणिज्यिक वाहन सस्ते होंगे, जिससे आम आदमी की खरीद क्षमता बढ़ेगी। खाद्य सामग्री और उपभोक्ता वस्तुओं पर कर घटने से हर घर को सीधी राहत मिलेगी और शिक्षा सामग्री पर कर कम होने से विद्यार्थियों और अभिभावकों का बोझ हल्का होगा। उन्होंने कहा कि इस फैसले से व्यापार में पारदर्शिता और नकदी प्रवाह में सुगमता आएगी, कारोबार का विस्तार होगा और उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति में वृद्धि होगी। साथ ही हएक देश, एक कर की नीति को मजबूती मिलेगी और स्वदेशी उद्योगों व स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे घरेलू रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। श्री अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम सरकार की व्यापारी और उपभोक्ता हितैषी सोच का परिचायक है। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे के नेतृत्व में हजरतगंज बाजार में पदयात्रा भी की गई। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल और पार्टी नेताओं ने व्यापारियों के बीच जाकर जीएसटी कम होने के फायदे बताए, दुकानों पर धन्यवाद स्टिकर लगाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। पदयात्रा के दौरान व्यापारियों से संवाद कर उनकी राय और सुझाव भी लिए गए। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने कहा कि जीएसटी दरों में कमी का लाभ प्रदेश के करोड़ों उपभोक्ताओं और लाखों व्यापारियों तक पहुंचेगा। इससे बाजार को मजबूती, अर्थव्यवस्था में तेजी और नए रोजगार अवसर मिलेंगे।

# बाबा नीम करोली महाराज के जीवन पर बनी फिल्म का पोस्टर लांच

## संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विश्व विख्यात संत बाबा नीम करोली महाराज पर आधारित भावपूर्ण फिल्म का पोस्टर आज राजधानी स्थित राय उमानाथ बली सभागार में लोकार्पित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्ख्रति मंत्री जयवीर सिंह और प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक पद्मश्री मधुर भंडारकर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

समारोह में संस्कृति विश्व. विद्यालय की प्रोफेसर मांडवी सिंह, जयसिंह पुंडीर और अलीगढ़ के जिला जज सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। फिल्म दिसम्बर माह में रिलीज होगी और सिनेमाघरों में आमजन को देखने को मिलेगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने फिल्म के निर्देशक व निर्माण टीम को बधाई देते हुए कहा कि बाबा नीम करोली महाराज के देश-विदेश में असंख्य भक्त हैं। इस फिल्म से श्रद्धालु उनके महात्म्य और जीवन से जुड़े अद्भुत प्रसंगों को जान सकेंगे।

उन्होंने कहा कि उन्हें बजरंग बली का अवतार भी माना जाता है, ऐसे में यह फिल्म भक्ति और आस्था का अद्वितीय दस्तावेज साबित होगी। फिल्म में बाबा महाराज की भूमिका सुबोध भावे ने निभाई है, जबकि युवावस्था का किरदार रोहित गुप्ता ने किया है। सिद्धि मां का रोल समीक्षा भटनागर ने निभाया है। टीवी और फिल्म जगत के चलचत अभिनेता हितेन तेजवानी ने रब्बुदा की भूमिका निभाई है, वहीं गोपाल का किरदार डॉ गौरी शंकर ने और सौम्या सिंह ने अहम भूमिका अदा की है। फिल्म का चित्रांकन कालतक मल्लूर ने किया है।

फिल्म की स्क्रिप्ट और संवाद लेखन डॉ कविता रायजादा और अनीशा द्वारा किया गया है। विमोचन समारोह का संचालन भी डॉ कविता रायजादा ने किया। फिल्म के पोस्टर विमोचन पर निर्देशक, लेखक और कलाकारों को स्मृति जैन ने शॉल व बुके भेंट कर सम्मानित किया। अनीशा फिल्म इंटरनेशनल, पीसी ज्वैलर्स और बीएसआर फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले बनी इस फिल्म में योगदान देने वाले सभी को विशेष रूप से सराहा गया।

# हर घर तक जागरूकता की किरण, मिशन शक्ति 5.0 बना जन-जन का अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 24 सितम्बर 2025 को प्रदेशभर में ग्राम स्तर तक व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि हर महिला और बच्चा अपने अधिकारों और योजनाओं से परिचित हो और समाज में सुरक्षा व सम्मान के साथ जीवन जी सके। नवरात्रि के अवसर पर प्रदेशभर के सार्वजनिक स्थलों और बाजारों में मोबाइल वैन, कैनोपी और स्टॉल के जरिए लोगों को जागरूक किया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, पति की मृत्युपरांत निराश्रित पेंशन योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना जैसी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर लोगों को बताया गया कि इनका लाभ तभी व्यापक होगा जब समाज सक्रिय भागीदारी निभाए। महिलाओं और बालिकाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम 2013, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, गर्भाधान पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994, किशोर न्याय अधिनियम 2015, पॉक्सो अधिनियम 2012 तथा बाल विवाह प्रतिषेद्य अधिनियम 2006 जैसे महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी दी गई। यह संदेश दिया गया कि कानून केवल पुस्तकों तक सीमित न रहें, बल्कि हर घर और हर समुदाय तक उनकी रोशनी पहुंचे।

इस अवसर पर विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती लीना जौहरी ने कहा कि मिशन शक्ति केवल योजनाओं की जानकारी नहीं, बल्कि स्थायी सामाजिक परिवर्तन की यात्रा है। उनका कहना था कि हर महिला और बच्चा सुरक्षित, सशक्त और आत्मविश्वासी होकर अपना भविष्य गढ़ सके, यही इस अभियान का उद्देश्य है। महिला कल्याण निदेशक संदीप कौर ने कहा कि आज का अभियान स्पष्ट करता है।

# बीएसए से मारपीट करने वाला शिक्षक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** तालगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर निवासी बृजेंद्र कुमार वर्मा पुत्र रामचंद्र वर्मा इन दिनों लखनऊ जनपद के विकास नगर थाना क्षेत्र के विकास नगर में रहते हैं। बृजेंद्र वर्मा महमूदाबाद के नदवा प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक हैं। प्रधानाध्यापक बृजेंद्र वर्मा ने मंगलवार को बीएसए कार्यालय में घुसकर बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह के साथ मारपीट की थी। अध्यापक ने बीएसए पर बेल्ट से हमला बोला था। इस दौरान बचाव करने आए लिपिक प्रेम शंकर मौर्य के साथ भी मारपीट की थी। घटना को लेकर शहर कोतवाली में केस दर्ज हुआ था।

# मंत्री ओ पी राजभर का हाल लेने मेदांता पहुंचे योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर को दो दिन पूर्व माइनर ब्रेन अटैक आया था, जब वह अपने आवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे थे।

अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों की सलाह पर परिजन उन्हें मेदांता अस्पताल ले आए। डॉक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति अब स्थिर है और स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। मंत्री ओमप्रकाश राजभर के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मेदांता अस्पताल पहुंचे। उन्होंने चिकित्सकों से विस्तृत बातचीत कर उनके उपचार की जानकारी ली और संतोष व्यक्त किया कि स्वास्थ्य में निरंतर सुधार दर्ज हो रहा है। मुख्यमंत्री ने परिवारजनों को भी ढाढ़स बंधाया और कहा कि सरकार हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराएगी।



मेदांता अस्पताल में मंत्री राजभर का हालचाल लेने के लिए लगातार समर्थक, उनके मंत्री सहयोगी और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता पहुंच रहे हैं। अस्पताल परिसर में उनके शुभलचतकों की भीड़ लगी रही और सभी ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। चिकित्सकों ने बताया कि माइनर ब्रेन अटैक के बाद किए गए समय पर उपचार से उनकी हालत में तेजी से सुधार हो रहा है और अगले कुछ दिनों में पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की संभावना है।

# बैलगाड़ी पर सवार किसान, डंडा लेकर पहुंचे डीएम ऑफिस

## बोले, जमीन भी गई और हक भी लूटे गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित उजरिया योजना की जमीन को लेकर किसानों का आक्रोश सोमवार को सड़कों पर उमड़ पड़ा।

बैलगाड़ी पर सवार होकर किसान लाठियां थामे कैसरबाग होते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया।प्रदर्शन कारियों में महिलाएं भी काफ़ी संख्या में शामिल रही। भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीय वादी के नेतृत्व में किसानों ने आरोप लगाया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण ने उनकी पुश्तैनी जमीन 1984 में अधिग्रहित कर ली थी। उस समय मामूली मुआवजा दिया गया और जब न्यायालय के आदेश पर 2016 में मुआवजे की राशि बढ़ाकर चार रुपए साठ पैसे प्रति वर्गफुट तय की गई, तब भी प्राधिकरण ने भुगतान नहीं किया। किसानों का कहना है कि अधिग्रहण के समय उन्हें आश्वासन दिया गया था कि परिवारों को नौकरी और मकान भी उपलब्ध कराए जाएंगे, मगर न तो नौकरी दी गई, न मकान और न ही न्यायालय से तय मुआवजा मिला। जमीन चली गई और किसान आज तक मेहनत-मजदूरी कर पेट पालने को मजबूर हैं।



किसानों का कहना था कि श्मशान भूमि तक पर प्राधिकरण ने कब्जा कर लिया है। इस अन्याय के खिलाफ वे चालीस साल से लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन सरकार और अफसर केवल टालमटोल कर रहे हैं। आंदोलनकारियों की अगुवाई कर रहे अशोक यादव ने कहा कि अब किसान मजबूर होकर बड़ा आंदोलन खड़ा करेंगे और दूसरे संगठनों को भी साथ लेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों के हक नहीं मिले तो राजधानी की सड़कों पर और उग्र प्रदर्शन होंगे। दिनभर चले धरने के बाद शाम को किसान निराश होकर लौट गए, क्योंकि जिला अधिकारी कार्यालय से उन्हें कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। जिलाधिकारी ने केवल इतना कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और उचित होने पर सरकार से सिफारिश की जाएगी। किसानों का दर्द साफ झलक रहा थाख्र उनकी बातों में पीढ़ियों की लाचारी थी। वे कह रहे थे कि खेत-खलिहान छिन गए, वादे खोखले निकले, और आज उनकी मेहनतकश जिंदगी पर सिर्फ धोखे का बोझ है।

# डीएम ने बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण को लेकर बैठक हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि वृद्धा आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं।



उन्हें चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करायी जाए। वृद्धावस्था पेंशन का लाभ समय से उपलब्धता कराना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन वृद्धजनों की वृद्धावस्था पेंशन नहीं बनी है, उन्हें पेंशन का लाभ उपलब्ध कराया जाए। वरिष्ठ नागरिकों के सामाजिक सम्मान एवं सुरक्षा की दिशा में पहल की जाए तथा मनोरंजन व मानसिक स्वास्थ्य हेतु सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि मच्छरों के प्रकोप से बचाव हेतु सभी वृद्धा आश्रम में मच्छरदानी उपलब्ध करायी जाए तथा सभी वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड भी जारी कराया जाए। साथ ही वृद्धा आश्रम में दिए जाने वाले भोजन की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि भोजन की गुणत्ता अच्छी होनी चाहिए।

# लखनऊ में सपा विधायक के रिश्तेदार ने की आत्महत्या

## रहस्यमय हालात में फंदे से लटका मिला शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के विधायक कावेंद्र चौधरी के साले कार्तिकेय ने बीती रात रहस्यमय परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली।

घटना विधायक के गोमती नगर स्थित आवास पर हुई, जहां कालतकेय अपने कमरे में सोने गए थे। सुबह उसका शव फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक कार्तिकेय पंचायत राज विभागीय बलिया में कार्यरत इंजी. नियर शोभाराम वर्मा के पुत्र थे और अपना होटल का कारोबार करते थे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी कर रहे थे।

परिजनों का कहना है कि कार्तिकेय का आत्महत्या कर लेना उनके लिए अविश्वसनीय है। विधायक कावेंद्र चौधरी बस्ती से सपा के विधायक हैं और पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी के बेटे हैं। राजनी. तिक परिवार से जुड़े इस प्रकरण ने नया मोड़ ले लिया है।

# जीएसटी दरों में कमी से होगा समृद्ध भारत का निर्माणः सतीश शर्मा

## सुलभ दाम से हर परिवार की मुस्कान बढ़ेगी, रोजमर्रा की जरूरतों पर होगी रोजाना बचत

**राम धीरज यादव**

**अमेठी।** राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने बुधवार को जगदीशपुर विकास खंड के सभागार में जीएसटी सुधार पर प्रेस कॉन्फ्रेस के माध्यम से इसके जनहितार्थ आयामों पर बल दिया।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने मध्यम वर्ग के लिए रणनीतिक रूप से प्रभावशाली बदलाव किए और उन्हें सफलता पूर्वक लागू किया जिससे उनके जीवन में सुगमता आएगी और वे अब अधिक सशक्त होंगे। नेक्स्ट-जेन जीएसटी जन-प्रथम सुधार मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि सुलभ दाम से हर परिवार की मुस्कान बढेगी और रोजमर्रा की जरूरतों पर रोजाना बचत होगी। राज्य मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नेक्स्ट-जेन जीएसटी सुधारों के लिए 3 सितम्बर 2025 को 56वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी सुधारों के निर्णय लिए गए। यह 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण बदलाव है। इन सुधारों के तहत 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की सरल दो-दर संरचना लागू की गई है, जबकि विलासिता और लग्जरी सामानों पर 40 प्रतिशत की दर रखी गई है। इससे पारदलशता, न्यायसंगत व्यवस्था और कर पालन में आसानी की पुरानी मांगों को पूरा किया गया है। ये सुधार नवरात्रि के पहले दिन से लागू होंगे। यह केवल आर्थिक कदम नहीं, बल्कि देश के लिए दिवाली का तोहफा है, इससे करोड़ों परिवारों की बचत सीधे उनके हाथों में जाएगी। जैसे दीपावली पर दीपक घरों को रोशन करते हैं, वैसे ही ये सुधार घरों के खर्च कम करेंगे, किसानों को सशक्त बनाएंगे और कारोबार को गति देंगे, जिससे पूरे भारत में समृद्धि फैलेगी। दो-दरों की सरलताः' अब पुरानी चार-स्तरीय व्यवस्था हटाकर 5४ और 18४ की दरें रखी गई हैं। इससे भ्रम, कानूनी झंझट और टैक्स भरने की मुश्किलें कम होंगी। जनता को राहतः' दूध, पनीर, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, साइकिल और बच्चों के सामान जैसे जरूरी घरेलू सामान पर अब सिर्फ 5४ या शून्य कर लगेगा। इससे रोजमर्रा के खर्च कम होंगे। किसानों को बढ़ावाः कृषि उपकरण, सिंचाई उपकरण पर कर घटाकर 54 कर दिया गया है।

इससे खेती की लागत कम होगी और ग्रामीण भारत को सीधा लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य क्रांतिः व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी पूरी तरह से हटा दिया गया है। दवाइयों, ऑक्सीजन और जांच किट पर कर में बड़ी कटौती की गई है ताकि इलाज सभी के लिए सस्ता हो सके। गाड़ियों और वाहनों में भारी छूटः गाड़ियों और बाइक पर ळैज 284 से घटाकर 184 कर दी गई है - यानी पूरे 104 की कटौती - जिससे वाहन खरीददारों को आराम मिलेगा और त्योहारों के समय मांग बढ़ेगी। शिक्षा हुई सस्तीः कॉपियों, पेंसिल, नक्शों और अन्य ज़रूरी छात्र सामग्री पर अब कोई कर नहीं लगेगा। लग्जरी पर ज्यादा करः विलासिता की वस्तुएं जैसे तंबाकू, पान मसाला और कैसिनो आदि पर अब 404 कर लगाया गया है। व्यापार में आसानीः सरल रजिस्ट्रेशन, तेज रिफंड (904 ऑटो-अप्रूव) और रिस्क-आधारित कंप्लायंस से एमएसएमई, निर्यातकों और श्रम प्रधान क्षेत्रों को मजबूती मिलेगी।

# सड़क हादसे में दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर के पास गैस सिलेंडर लेकर अपने घर जा रहे अकबरपुर निवासी समीर पुत्र एतराज की मोटरसाइकिल में पीछे से एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार समीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस चौकी कटेसर प्रभारी भारत कुमार यादव मय हमराहियों के साथ तत्काल घटनास्थल पहुचे, उन्होंने 108 एंबुलेंस से घायल को सीएचसी लहरपुर में भर्ती कराया। वही बाइक को टक्कर मारने के बाद कर सड़क के किनारे खड्ड में पलट गई। घटना में कार चालक भी घायल हुआ है। उसको भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मिशन शक्ति के तहत आयोजित किया कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को हरगांव पुलिस टीम ने हरगांव थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बडखेरवा के प्राथमिक विद्यालय कल्लापुर में छात्राओं को जागरूक किया।

महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा व महिला अपराधों के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में महिला हेल्पलाइन नंबरों 1090 वीमेन पावर लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन 112 आपातकालीन पुलिस सेवा 108 एंबुलेंस सेवा 101 अग्नीशमर सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइनकी भी जानकारी दी गई।



क्राइम इंस्पेक्टर सुरेश यादव, उप निरीक्षक लल्ला गोस्वामी, मोहित चौहान, सुशील कुमार, शशि प्रभा, अंजना ने छात्राओं में आत्मविश्वास भरते हुए सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या होने पुलिस की मदद निर्भीकता से मांगे। इस मौके पर प्रधानाचार्य मंजू, मृदुल अग्निहोत्री, रचना रस्तोगी, श्रद्धा, रीतु, सौरभ कुमार मौजूद रहे।

# संचालन समिति की बैठक में योजनाओं पर चर्चा

**सीतापुर।** संचालन समिति की बैठक बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत, पॉक्सो अधिनियम की धारा 4,6 तथा आईपीसी की धारा 376घ में रेप विक्टिम व दहेज हत्या के मामलों में मृतका के नाबालिग बच्चों को आलथक क्षतिपूर्ति प्रदान कराए जाने हेतु चर्चा की गई। बैठक में जिला संचालन समिति के स्तर पर प्राप्त 97 प्रकरणों के निस्तारण पर चर्चा की गई। पुलिस व मेडिकल स्तर पर लंबित प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रकरणों को जिला संचालन समिति के स्तर पर अग्रसारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# छात्रों को समय से पहले मिलेगी छात्रवृत्ति, योगी सरकार का क्रांतिकारी कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार ने शिक्षा और आर्थिक सहायता को लेकर एक नई क्रांतिकारी पहल की है।

पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति अब समय से पहले सितम्बर माह में प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी छ्वद्ब सितम्बर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में स्थित जूपिटर हाल में चार लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को सीधे लाभान्वित करेंगे। यह बदलाव छात्रों के लिए शिक्षा में स्थिरता और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पूर्व में छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च माह में वितरित की जाती थी, जिसे अब नवरात्र के शुभ अवसर पर उपलब्ध कराया जाएगा। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि यह छात्रवृत्ति वितरण व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव है, जो छात्रों को समय पर आलथक सहायता देने के साथ-साथ उनके उत्साह और मनोबल को भी बढ़ाएगी। इस कदम को छात्र छात्राओं के लिए एक तरह का दीपावली उपहार भी कहा जा सकता है। वर्ष 2024 में लगभग 59 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति मिली थी, जबकि वर्ष 2025 में इस संख्या बढ़कर 70 लाख से अधिक होने की संभावना है। सरकार ने छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण, समाज कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहयोग से व्यापक रणनीति बनाई है। इसका उद्देश्य शिक्षा में बाधा को कम करना और छात्रों की आर्थिक स्थिति मजबूत करना है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप, समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण, राज्य मंत्री समाज कल्याण संजीव गोंड और अल्पसंख्यक राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी उपस्थित रहेंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मां भगवती की शोभायात्रा धूमधाम से निकली

## पालिकाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** बुधवार को ग्राम डींगरा में परंपरा और आस्था का अनोखा संगम देखने को मिला जब प्रतिवर्ष की भांति माता रानी की शोभायात्रा एवं पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाला ने दीप प्रज्वलित कर एवं माँ की आराधना कर किया।

माता रानी की शोभायात्रा जैसे ही गाँव की गलियों से निकली, श्रद्धा और भक्ति का माहौल गूंज उठा। भक्तों ने जय माता दी के उद्घोष से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। आकर्षक झांकियों, सजावट और भक्तों के नृत्य ने पूरे आयोजन में उत्साह भर दिया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाला ने कहा कि माँ की आराधना से जन-जन के जीवन में शांति, समृद्धि और मंगल का संचार होता है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया और



देर रात तक भक्ति-संगीत और पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा। पूरा गाँव भक्ति और उल्लास के रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर हेमंत सैनी, सतीश शर्मा, चंद्रशेखर, रतन, सुरेंद्र, सनी, शुभ अग्रवाल, लाभ अग्रवाल, दिवेश तंवर, सुनील प्रजापति, प्रत्यक्ष शर्मा, राजू बादशाह आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकाली गई राम बारात

## कई जगह हुआ पुष्प वर्षा से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** श्री राम बारात को बड़े ही भव्य रूप से धूमधाम के साथ निकाला गया। देखने वालों का मनमोहन झाकियों ने मन मोह लिया।

बुधवार को श्री राम बारात का भव्य आयोजन किया गया। श्रीराम बारात झारखंड महादेव शिवाला मंदिर से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर और जलपान कराकर इसका स्वागत किया। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने फीता काटकर बारात का शुभारंभ किया। श्रीराम बारात में 100 से अधिक झांकियां, नागिन ढोल, लाठी अखाड़ा, और डांडिया नृत्य जैसे कई आकर्षण शामिल थे। जिनमें धार्मिक झांकियों के साथ-साथ लोक-नृत्य भी देखने को मिले। नगर में विशेष सफाई व्यवस्था की गई थी और पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत भारी पुलिस बल के साथ सुरक्षा के लिए मौजूद रहे। शिव महामंडल



रामलीला समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राकेश अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, और योगेंद्र शर्मा जैसे कई गणमान्य व्यक्ति और सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे

# 22 नए लेखपालों ने संभाला चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील धनौरा में अब राजस्व कार्यों की रफ्तार और तेज होने जा रही है। कारण है 22 नए प्रशिक्षित लेखपालों की तैनाती। प्रशिक्षण पूरा होते ही एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने इन सभी को हल्के आवंटित कर जिम्मेदारी सौंपी। आदेश के तहत तहसीलदार मूसाराम थारू ने पत्र जारी कर दिया है। तहसील को लंबे समय से लेखपालों की कमी खल रही थी। ग्रामीण क्षेत्रों में नक्शा-खतौनी से लेकर नामांतरण, विरासत और माप-जोख जैसे काम अक्सर अटक जाते थे। अब नई टीम के आने से किसानों व ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। तहसीलदार मूसाराम थारू ने बताया कि हर नए लेखपाल को उनका कार्यक्षेत्र आवंटित कर दिया गया है। इनमें प्राची भारद्वाज को फतेहुल्लापुर, अनामिका को खाईखेड़ा खादर, गौरव कुमार को जलालपुर कला, कुमारी रितु सिद्धू को पारा खालसा, सिम्पल सिद्धू को फौलादपुर, लक्ष्मण कुमार को खादगुजर, दीपक कुमार को नांगला माफी व दौराला, प्रदीप कुमार को महेशरा, अजहर को धनोरी माफी, वीरेंद्र सिंह को मुकारमपुर मु0, वैभव गुप्ता को हैबतपुर चौधरियान, अंकित कोहली को फोन्दापुर, मुनेश पुनिया को ढकिया भूड़, अंशु डंगवाल को बाँसली, कोशिन्द्र सिंह को अख्तयारपुर भूड़, विपिन कुमार को मलकपुर भूड़ शुमाली, चंद्रशेखर को मोहम्मदपुर पट्टी, भरत सिंह को सुजमना, आदेश कुमार को इब्राहिमपुर माफी, अंशू चौधरी को वासीपुर तथा रोहित यादव को लखमिया की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नव नियुक्त लेखपालों की तैनाती से न केवल बकाया कामों की गति बढ़ेगी, बल्कि जनता को समय पर राजस्व सेवाएं भी मिलेंगी। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें तहसील के चक्कर लगाने से थोड़ी राहत मिलेगी।

# भ्रष्ट विद्युत अधिकारियों पर लगाम कसें: महबूब



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि नगर की विद्युत व्यवस्था में सुधार किया जाये। जबकि भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई की जाये। मोहल्ला दानिशमंदान स्थित अपने आवास पर सदर विधायक महबूब अली द्वारा विद्युत अधिकारियों की बैठक ली गयी। जिसमें उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप नगर की जनता को विद्युत आपूर्ति की जाये। विद्युत विभाग में लगातार भ्रष्टाचार के खबरे मिल रही हैं। जिस पर रोक लगायी जाये। जनता का शोषण करने वाले बिजली कर्मियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये। बैठक में अधीक्षण अभियंता संजय कुमार, निखिल वर्मा, राहुल निगम आदि मौजूद रहे।

# सांस्कारिक कष्टों से मुक्ति को चन्द्रघंटा की पूजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सांस्कारिक कष्टों से मुक्ति व भूत प्रेत बाधा दूर करने के लिये भक्तों ने तीसरे नवरात्र को माता चन्द्रघंटा की पूजा अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों पर भक्तों की भीड़ लगने लगी।

नवरात्र के तीसरे दिन माता के भक्तों द्वारा मां चन्द्रघंटा की पूजा अर्चना की गई। मान्यता है कि सच्चे मन से इनका पूजा करने से माता अपने भक्त को सांस्कारिक कष्टों से मुक्ति दिलाती है। इसके अलावा जीवन में भूत प्रेत की बाधा को भी दूर करती है। सुबह से ही देवी मंडपों में श्रद्धालुओं की भीड़ माता के दर्शन करने पहुंचने लगी थी। उन्होंने पूरी श्रद्धा के साथ माता का गुणगान किया। नगर के अधिकांश मंदिरों में सुबह व सांय के समय भक्त पूरी श्रद्धा से माता को मनाते रहे। मंदिरों में बज रही धार्मिक धुनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। हर तरफ माता के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही थी। नगर के अधिकांश मंदिरों में पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। भक्तों ने उपवास रखकर माता को मनाया तथा सांय के समय पूजा पाठ कर आरती उतारी तथा कुटटू के आटे से बनी पकौड़ी का प्रसाद माता के चरणों में अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। सुबह से लेकर सांय तक भक्त माता रानी की आराधना में लगे रहे।

# संघ व भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय जोशी से मिले पूर्व चेयरमैन

## राजनीतिक गलियारों में हो रही चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन और व्यवसायी राजकुमार अग्रवाल ने भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय जोशी से भेंट की। बता दें कि संजय जोशी की चर्चा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिये भी हो रही है। पूर्व चेयरमैन की संजय जोशी से मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारे में खूब चर्चा हो रही है।

पूर्व चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल ने संजय जोशी के साथ हुई भेंट को काफी अहम बताया। बताया कि श्री जोशी का जन्म 06 अप्रैल 1962 को नागपुर में हुआ था। वीएनआईटी, नागपुर से मैकेनिकल इंजीनियर की डिग्री प्राप्त करने वाले जोशी एक



इंजीनियरिंग कॉलेज में लेक्चरर थे, लेकिन उन्होंने अपनी नौकरी से महाराष्ट्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में पूर्णकालिक प्रचारक बनने के लिए इस्तीफा दे दिया। श्री जोशी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी रह चुके हैं। उनका नाम भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की लाइन में भी उनका नाम सबसे आगे चल रहा है। पूर्व चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटीमें छूट करके सभी लोगों को लाभ पहुंचाने का काम किया है, जिसके लिये प्रधानमंत्री बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री के आह्वान को मानते हुए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग अधिक से अधिक करना चाहिए ताकि हमारा देश और भी ज्यादा आत्मनिर्भर बन सकेगा।

# रात के अंधेरे में आजम खां से मिले रालोद नेता

## जल्द ही सपा में शामिल होने की चर्चाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एक रालोद नेता का अपनी पार्टी से मोहभंग होने लगा है। वह नौगांवा विधानसभा से सपा के चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे हैं। यही कारण है कि वह रात के अंधेरे में रामपुर में पूर्व मंत्री आजम खां से मिले। वह जल्द ही रालोद को छोड़ सपा का दामन थाम सकते हैं। ऐसी चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं।

बताते चलें कि नौगांवा सादात से सपा के समरपाल सिंह विधायक हैं तथा 2022 के चुनाव में भाकियू नेता राकेश टिकैत व सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव की कृपा से समरपाल सपा से टिकिट लेकर मुस्लिम वोटों के सहारे विधायक बनने में सफल रहे थे। उन्हें करीब 85 हजार मुस्लिम वोट मिले थे इसके अलावा यादव तथा कुछ जाट वोट के सहारे वह विधायक निर्वाचित हुए थे। उधर रालोद नेता की पूर्व मंत्री आजम खां से नजदीकिया हैं। 23 माह जेल में रहने के बाद आजम खां बीते दिन जब अपने घर रामपुर पहुंचे तो रालोद नेता भी वहां पहुंच गये तथा उनसे रात के अंधेरे में मुलाकात की। चर्चा है कि रालोद नेता नौगांवा से विधानसभा चुनाव लड़ने को बेताब हैं परन्तु उनके रास्ते में बहुत कांटे हैं। सपा के राष्ट्रीय सचिव मौलाना जावेद आब्दी से उनका 36का आंकड़ा है। आब्दी के सपा प्रमुख अखिलेश यादव से करीबी रिश्ते जगजाहिर हैं तथा वह मौजूदा विधायक समरपाल सिंह का पत्ता कटवाने के लिए बेताब हैं तो वहीं दूसरी ओर रालोद नेता को किसी भी हाल में पार्टी में शामिल होने नहीं देंगे। ऐसे में सपा में शामिल होने के लिए उन्हें एक मजबूत बेसाखी की जरूरत है। सब कुछ ठीकठाक रहा तो यह नेताजी अपनी रालोद पार्टी को अलविदा कह सपा में शामिल हो सकते हैं। रालोद नेता को लगता है कि पूर्व मंत्री आजम खां के सहारे उनकी सपा में ऐन्ट्री के साथ नौगांवा से टिकिट की दावेदारी भी मजबूत हो सकती है। वैसे तो रालोद की केन्द्र व प्रदेश सरकार में भाजपा से गठबंधन है। परन्तु रालोद के नेताओं को यहां अपना भविष्य सुरक्षित नहीं दिखाई दे रहा। सरकार में साझेदार होने के बावजूद प्रदेश में रालोद नेताओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही। यही कारण है कि पार्टी के कुछ नेताओं का मोहभंग होने लगा है।

# गन्ना समिति भवन निर्माण पर भड़के किसान

## प्रस्ताव वापस नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** बुधवार को ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन (असली) की मासिक पंचायत गन्ना समिति भवन निर्माण के मुद्दे पर गरमाई रही। किसानों ने गन्ना समिति बोर्ड द्वारा पारित प्रस्ताव को तत्काल वापस लेने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो समिति कार्यालय पर अनिश्चितकालीन आंदोलन छेड़ा जाएगा।

मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने कहा कि समिति कार्यालय का निर्माण केवल चयनित भूमि पर नक्शे के आधार पर होना चाहिए। अगस्त 2025 में बोर्ड द्वारा पारित प्रस्ताव, जिसमें कब्जा युक्त भूमि पर कार्यवाही और कब्जा मुक्त भूमि पर निर्माण की बात कही गई थी, किसान यूनियन पूरी तरह खारिज करती है। किसानों का कहना है कि जब तक भूमि पूरी तरह कब्जा मुक्त नहीं हो जाती, भवन निर्माण की कोई भी प्रक्रिया स्वीकार नहीं की जाएगी। यूनियन नेताओं ने दो टूक कहा कि यदि प्रस्ताव वापस नहीं लिया गया तो किसान गन्ना समिति कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे और यह



आंदोलन अनिश्चितकालीन होगा। ब्लॉक अध्यक्ष जसपाल गिल ने कहा कि भवन निर्माण केवल पास नक्शे के आधार पर ही हो और पहले भूमि कब्जा मुक्त की जाए। जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने कहा कि 28 सितंबर को गांव मोहद्दीनपुर में क्षेत्रीय पंचायत आयोजित होगी, जिसमें किसान बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने स्मार्ट मीटर का कड़ा विरोध करते हुए किसानों से अपील की कि कोई भी किसान स्मार्ट मीटर न लगवाए। साथ ही धान खरीद के लिए तुरंत क्रय केंद्र शुरू करने, गन्ने का मूल्य ध्500 प्रति क्विंटल घोषित करने और 25 अक्टूबर तक चीनी मिलें चालू करने की मांग की। पंचायत में डूंगर सिंह, खचेडू सिंह, कपिल प्रधान, सोनू गिल, बचन सिंह, जगदीश यादव, सुरेश यादव, प्रकाश देव शर्मा, जयविंद सिंह, जन्म सिंह, कपिल त्यागी, मनोज समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। साफ है कि इस बार किसानों ने गन्ना समिति भवन निर्माण को अपना प्राथमिक मुद्दा बना लिया है और अब प्रशासन को या तो प्रस्ताव वापस लेना होगा या फिर आंदोलन का सामना करना पड़ेगा। उधर समिति के अधिकारी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित होने की बात कह रहे हैं उनका कहना हैं कार्यालय किराये के भवन में चल रहा है इस लिए निर्माण कार्य जरूरी है बैठक में निर्माण कार्य के लिए प्रस्ताव पास हुआ है।

# दरोगा समेत पुलिस कर्मियों पर रिपोर्ट के आदेश

## गैरकानूनी तरीके से फैसले के दी थी दबिश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पीड़ित पक्ष पर फैसले का दबाव बनाने के लिए गैरकानूनी तरीके से दबिश देने के मामले में कोर्ट ने दरोगा समेत कई पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिये हैं।

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र से जुड़ा है। यहां एक गांव में रहने वाले किसान की पत्नी ने बीते साल थाना नौगावां सादात में कुछ लोगों के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद किसान ने पत्नी और बच्चों के साथ अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में जोया रोड स्थित मोहल्ला बंबूगढ़ पंडकी में किराए के मकान पर रहना शुरू कर दिया था। इस मामले में आरोपी पक्ष उन पर लगातार फैसले का दबाव बना रहा था लिहाजा तंग आकर दंपति ने गांव छोड़ दिया था। बाद में आरोपियों ने नौगावां सादात थाना पुलिस से हमसाज होकर किसान की पत्नी, पिता और भाई के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज करा दिया था। मुकदमे के बाद पुलिस की ओर से दंपति पर फैसले का दबाव बनाया जा रहा था। लेकिन फैसला करने से इनकार करते हुए किसान ने जिला जज की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर कर दी थी। जिसके बाद पुलिस ने किसान के पिता और भाई को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। आरोप है कि एक फरवरी 2025 को दंपति घर पर थे, तभी दरोगा रामनिवास, कांस्टेबल धर्मेंद्र और ममता जबरदस्ती घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। दंपति ने इतनी रात में आने का कारण पूछा तो दोनों के साथ मारपीट की। पुलिस की पिटाई के दौरान छत से गिरकर किसान की पत्नी की रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। पुलिस के जाने के बाद किसान ने गंभीर घायल पत्नी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। आरोप है कि पुलिस ने शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की उल्टा पीड़ित किसान को धक्के देकर थाने से भगा दिया। पीड़ित ने जब नौगावां सादात थाने में तहरीर दी तो किसान को ही हवालात में डाल दिया। इतना ही नहीं डरा धमकाकर कागजों पर हस्ताक्षर करा लिए। अधिकारियों से शिकायत करने पर पुलिसकर्मियों ने एनकाउंटर करने की धमकी दी। पुलिसिया उत्पीड़न से आहत होकर किसान ने अदालत की शरण ली। याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने माना कि जिस समय पुलिस ने दंपति के घर दबिश दी उस समय का जीडी में दाखिला नहीं किया गया था। पुलिस टीम ने सूर्यउदय से पहले दबिश दी, ये तरीका सरासर गैर कानूनी था। मामले में सीजेएम ने देहात थाना पुलिस को दरोगा रामनिवास समेत तीनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया।

# 202 बच्चों का जन्मदिन मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के संविलियन विद्यालय में अप्रैल से सितंबर माह में 202 छात्र-छात्राओं के जन्मदिन का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों को उपहार दिए गए और साथ ही कोल्ड ड्रिंक, समोसा और केक के साथ पार्टी मनाई गई। मीना मंच की बालिकाओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक संचारी रोगों से बचाव पर प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेखा रानी ने स्वरचित सुंदर कविता प्रस्तुत की। दहेज जैसे अभिशाप को समाप्त करने से संबधित नाट्य प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर मीना, आकांक्षा मिश्रा, सुदेश, शशिबाला, पंकज त्यागी, मदनपाल सिंह, विचित्र कुमार सक्सेना, दीपक कुमारी, दीपिका रानी, पूनम, ईशा पपड़ेजा उपस्थित रहे। जन्मदिवस के उत्सव से बच्चे खुश हो गए।

# दो महिलाओं को सांप ने डसा, अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** अलग अलग गांवो में दो महिलाओं को सांप ने डस लिया, हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें डॉ. लाल सिंह के चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां पर उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार हुआ। भगवती पत्नी महेन्द्र सैनी निवासी ग्राम जलालपुर को रात आठ बजे सांप ने काटा था जबकि रूपा देवी पत्नी चमन सिंह निवासी ग्राम महंमदी को भी सांप ने काट लिया। दोनों महिलाओं को उनके परिजनों ने हाइवे पर विश्व बंधु एकेडमी के पास स्थित डॉ.लाल सिंह के चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां पर दोनों महिलाओं की हालत में सुधार है।

# नवजात के लिए मां का दूध अमृत समान

## छह माह तक जरूर कराएं सेवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने कहा कि मां का दूध बच्चों के लिए अमृत समान है। कम से कम छह माह तक महिलाओं को अपने बच्चे को दूध का सेवन कराना चाहिए।

ब्लाक सभागार में मिशन शक्ति नवरात्रि के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने कहा कि नवजात बच्चे को सभी पोषक तत्व मां के दूध से मिलते हैं।



उन्होंने कहा कि महिलाओं को नवजात के लिए कम से कम छह माह तक दूध का सेवन जरूरी हैं उन्होंने पोषण एवं एनिमिया रोगों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। जबकि हेल्पलाइन नम्बरों को भी बताया। इसके अलावा वन स्टाप सैंटर और चाइल्ड लाइन द्वारा बालश्रम रोकने के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। इस मौके पर डीपीओ ज्ञानप्रकाश तिवारी, राकेश सिंह, संजीव कुमार, मीनाक्षी गुप्ता, विनीतला सिंह, सोनवीर, मोहम्मद आहिल आदि मौजूद रहे।

## नगर के शिव इण्टर कॉलेज में त्रिदिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

# संकुल स्तरीय खेलों में छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के शिव इण्टर कॉलिज, गजरौला में त्रिदिवसीय संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता के प्रथम दिन बालिका वर्ग की विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगितायें आयोजित की गयीं, जिसमें विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रबंधक सुभाष भूषण शर्मा ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

आयोजित खेलों में सीनियर वर्ग में 100 मी0 दौड़ में निशि प्रथम व मोनी द्वितीय, 200 मी0 दौड़ में निशि प्रथम व तनु द्वितीय, जूनियर वर्ग में 100 मी0 व 200 मी0 दौड़ में नेहा प्रथम व रोहिका द्वितीय, सब जूनियर वर्ग में 100 मी0 दौड़ में सोनी प्रथम व सिमरन द्वितीय, सब जूनियर वर्ग में 200 मी0 दौड़ में सोनी प्रथम व अंजू द्वितीय, जूनियर वर्ग में 400 में प्रीत सिंह संधू प्रथम व रोहिका द्वितीय, सब जूनियर वर्ग में 400 मी0 दौड़ में डोली प्रथम व सोफिया द्वितीय, सीनियर वर्ग में 400 मी0 दौड़ में तनु प्रथम व प्रियांशी द्वितीय, सीनियर वर्ग में 800 मी0 दौड़ में घनिष्ठा प्रथम व निशी द्वितीय, जूनियर वर्ग में 800 मी0 दौड़ में प्रीत सिंह संधू प्रथम व राबिका द्वितीय स्थान पर रहे। इसी के साथ ही लम्बी कूद सब जूनियर वर्ग में अंजू प्रथम व डोली द्वितीय, जूनियर वर्ग लम्बी कूद में नेहा प्रथम व दुर्गा द्वितीय, सीनियर वर्ग लम्बी कूद में प्रियांशी प्रथम व तनु द्वितीय, ऊँची कूद जूनियर वर्ग में सुभिक्षा प्रथम व रोहिका द्वितीय, ऊँची कूद सीनियर वर्ग जिया प्रथम व सोनी द्वितीय, चक्का फेंक में सीनियर वर्ग सानिया प्रथम व निशि द्वितीय, चक्का फेंक जूनियर वर्ग में रजनी प्रथम व सोफिया द्वितीय, चक्का फेंक सब जूनियर वर्ग में संजलि प्रथम व सोनी द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यवाहक प्रधानाचार्य गगन अग्रवाल ने छात्राओं के प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# भगवान बुद्ध की अस्थि मंजूषा को संरक्षित करने की योगी ने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र स्थल पिपरहवा (कपिलवस्त) से खनन में प्राप्त अस्थि मंजूषा एवं अन्य अवशेषों को उनके मूल पवित्र स्थल पर एक स्तूपनुमा भवन बनवाकर संरक्षित करने की मांग की है।

मुख्यमंत्री ने इस कार्य के लिए जमीन की उपलब्धता होने की बात भी कही है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश भगवान बुद्ध से जड़े पवित्र स्थलों के लिए जाना जाता है। महात्मा बुद्ध का अहिंसा, करूणा और मैत्री का संदेश संपूर्ण मानवता के लिए अमूल्य निधि है। भगवान बुद्ध के जीवनकाल से संबंधित महत्वपूर्ण 6 पवित्र स्थल उप्र में स्थित है। इन स्थलों में सिद्धार्थनगर जिले में स्थित कपिलवस्तु महात्मा बुद्ध का मूल स्थान होने के कारण बौद्ध धर्म का प्रमुख तीर्थ स्थल है। कपिलवस्तु शाक्य गणराज्य की राजधानी थी एवं महात्मा गौतमबुद्ध ने अपने प्रारंभिक जीवनकाल के 29 वर्ष कपिलवस्तु में व्यतीत किए थे। जयवीर सिंह ने मुख्यमंत्री द्वारा लिखे गए पत्र का उल्लेख करते हुए बताया कि 1898 में ब्रिटिश उपनि. वेशिक काल में विलियम क्लैक्स्टन पेप्पे नामक सिविल इंजीनियर ने उप्र के बर्डपुर, वर्तमान पिपरहवा में एक स्तूप के उत्खनन के दौरान एक पत्थर के कलश में माणिक्य नीलम, पुखराज, मूंगा तथा स्फटिक रत्नों की महात्मा बुद्ध के अस्थि अवशेषों के साथ प्राप्त किया था।

इनमें एक स्वर्ण पटिका पर पालि भाषा में भगवान बुद्ध के अस्थि अवशेष है। कालांतर में यह रत्न भण्डार क्लैक्स्टन पेप्पे के वंश. जों को प्राप्त हुआ तथा 127 वर्ष बाद हांगकांग में सौधवी के नीलामी में दिखाई दी। जिसके बाद भारत सरकार द्वारा यह नीलामी रद्द कराकर जुलाई, 2025 में उसे भारत लाया गया है। गौरतलब है कि पिपर. हवा कपिलवस्तु की पावन भूमि जहां से भगवान बुद्ध के अवशेष प्राप्त हुए थे। कपिलवस्तु से लुम्बिनी (वर्तमान नेपाल में गौतम बुद्ध की जन्मस्थली) लगभग 26 किमी दूर है। जहां बघी संख्या में विदेशी पर्यटको का आवागमन होता है।

## योगी 26 सितम्बर को करेंगे छात्र-छात्राओं को लाभान्वित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार छात्र-छात्राओं के भविष्य और उनके हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। 26 सितम्बर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में प्रदेश के 4 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में छात्रवृत्ति वितरण व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च माह में दी जाती थी, जबकि अब इसे नवरात्र और सितम्बर माह में वितरित किया जा रहा है, जिससे छात्र-छात्राएं इसका लाभ समय पर उठा सकें।

यह छात्र छात्राओं के लिए एक तरह से दीपावली का गिफ्ट भी होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लगभग 59 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली थी, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 70 लाख से अधिक जाएगी। सरकार द्वारा छात्रवृत्ति का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि छात्रों को समय से पूर्व छात्रवृत्ति मिल सके, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मार्गदर्शन लेकर पिछड़ा वर्ग कल्याण, समाज कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने मिलकर व्यापक रणनीति बनाई।

यही कारण है कि इस बार छात्रवृत्ति का लाभ छात्रों तक नवरात्र के पवन अवसर पर पहुंचेगा। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, राज्य मंत्री समाज कल्याण संजीव गोंड, एवं अल्पसंख्यक राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी उपस्थित रहेंगे।

# पत्रकार बनकर पॉक्सो आरोपी की बहन से ऐंठे ढाई लाख रुपये

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र में बुधवार ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। कनक सिटी सरीपुरा निवासी अर्चना गौतम के भाई अजय गौतम पर अप्रैल माह में पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। इस बीच अजय की शादी 28 अप्रैल को तय थी। अचानक हुई गिरफ्तारी से पूरा परिवार संकट में पड़ गया। इसी दौरान खुद को पत्रकार बताने वाले आशीष गुप्ता और तालकटोरा के अखिलेश निगम अर्चना से मिले। दोनों ने पुलिस से सेटिंग कराने और भाई की रिहाई का भरोसा दिलाया। शादी का हवाला देकर अर्चना को भावनात्मक जाल में फंसाया गया। आशीष और अखिलेश ने कहा कि पैसे देने पर पुलिस स्तर पर पूरा इंतजाम हो जाएगा और अजय को जल्द छुड़ाया जा सकेगा।

परिवार ने जैसे-तैसे जेवर बेचकर ढाई लाख रुपए जुटाए और आरोपियों को सौंप दिए। हालांकि उसके बाद न तो भाई की रिहाई हुई और न ही रकम लौटाई गई। बार-बार मांगने पर दोनों टालमटोल करने लगे। थक हार कर अर्चना ने इसकी शिकायत पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर और जिलाधिकारी विशाख जी से की। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आशीष गुप्ता और अखिलेश निगम के खिलाफ ठगी का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# अयोध्या में छायाकारों ने ड्रोन उड़ाने की अनुमति मांगी

**अयोध्या।** अयोध्या में फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन ने विधायक वेद प्रकाश गुप्ता से मिल कर प्रशासन द्वारा ड्रोन उड़ाने पर लगाई गई पाबंदी में सशर्त अनुमति प्रदान करने के लिए ज्ञापन सौंपा।

संगठन के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार साहू पिंटू ने बताया कि हम सभी फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी का कार्य करते हैं जिसमें ड्रोन द्वारा फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी करने की एक विशेष जरूरत होती है। प्रशासन द्वारा ड्रोन उड़ाने पर विशेष कारणों से प्रतिबंध लगाया गया है जिससे सभी को अपने व्यवसाय को सुचारू रूप से संचालित करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि वैवाहिक व अन्य समारोह में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर ड्रोन उड़ाकर फोटोग्राफी करने के लिए अनुमति देनी चाहिए। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने आए हुए सैकड़ो फोटोग्राफी व्यवसायियों की बात को सुनते हुए उनके पारिवारिक हित व व्यवसाय में उत्पन्न हो रही कठिनाइयों को जानकर जल्द से जल्द निराकरण करने का पूरा भरोसा दिया, उन्होंने सभी को आश्वासन दिया। प्रशासन द्वारा इस समय अयोध्या महानगर सहित जिले भर में ड्रोन उड़ाने पर रोक लगा रखी है।

# यूपी अपनी ही नही, देश की जरूरतों को भी पूरा करेगा: ब्रजेश पाठक का दावा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है और भविष्य में यह अपनी ही नहीं बल्कि देश की जरुरतों का भी पूरा कर सकेगा।

उन्होंने कहा कि 2017 के पहले जहां उत्तरप्रदेश में 17 मेडिकल कालेज थे, वहीं आज पूरे प्रदेश में इनकी संख्या 81 हो गई है। इसके साथ ही सरकार नर्सिंग व पैरामेडिकल कालेज भी मेडिकल कालेजों के साथ स्थापित कर रही है। बुधवार को राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम के



दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 484-69 करोघ की 84 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें एक सीतापुर में जिला अस्पताल भी शामिल है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार लगातार हेल्थ इंस्पेक्टर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में मजबूती से कदम बघ रही है। डाग बाइट, स्नेक बाइट की दवाए हर जगह उपलब्ध है।

दवाइयों की कोई कमी नही है। पाठक ने कहा कि जो चिकित्सा अधिकारी पहले ड्यूटी पर नही आते थे, उन्हें चिन्हित कर नोटिस देकर कार्यवाही की जा रही है। उनके स्थान पर नए लोगों की नियुक्ति की जा रही है। यूपी में 25500 हेल्थ स्वास्थ्य सेंटर पूरी क्षमता से कार्य कर रहे है। ऐसे सभी आरोग्य सेंटरों में निष्शुल्क जांच के साथ दवाइयां उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पीएचसी में सरकार ने निगरानी तंत्र को बघकर आगे बघने का काम कर रही है। जिला स्तर के सभी हॉस्पिटल बेहतर काम कर रहे हैं। आज हर जिले में आईसीयू की सुविधा है।

## एक नजर

### जापान टूरिज्म एक्सपो में पर्यटन विभाग लगाएगा बौद्ध विरासत की प्रदर्शनी

**लखनऊ।** जापान के टोकोना मे शहर स्थित आइची स्काई एक्सपो में 25 से 28 सितम्बर तक उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग प्रदेश की समृद्ध बौद्ध विरासत, प्रमुख तीर्थ स्थल, ऐतिहासिक स्मारक, विविधतापूर्ण संस्कृति, व्यंजन और हस्तशिल्प प्रदर्शित करेगा। एक्सपो में पर्यटन विभाग आगंतुकों को राज्य की सांस्कृतिक विविधिता और धार्मिक विरासत से भी अवगत कराएगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जापान में बौद्ध धर्मावलंबी बहुतायत हैं। ऐसे आयोजनों से प्रदेश की आध्यात्मिक पर्यटन को विशिष्ट पहचान मिलेगी। साथ ही, उत्तर प्रदेश को विश्व स्तर पर एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि जापान के टोकोनामे शहर में आयोजित होने वाले टूरिज्म एक्सपो 2025 में जेएटीए ट्रैवल (जेएटीए 2025) मार्ट भी शामिल है। यह चार दिवसीय कार्यक्रम होगा, जिसमें एक दिन अंत. रराष्ट्रीय सम्मेलन, दो दिन का बी2बी ट्रैवल मार्ट और शेष एक दिन सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए आयोजित किया जाएगा। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन का पवेलियन इस एक्सपो का प्रमुख आकर्षण होगा। राज्य के पर्यटन विभाग की ओर से चलाए जा रहे अभियान 'बोधि यात्रा की शुरुआत उत्तर प्रदेश से करें (एम्बार्क ऑन योर बोधि यात्रा इन उत्तर प्रदेश) के तहत आगंतुकों को भगवान बुद्ध के जीवन और उपदेशों का अनुभव मिलेगा। साथ ही, यह पवेलियन राज्य के समग्र पर्यटन परिदृश्य और विविध आकर्षणों को भी उजागर करेगा। भारत-जापान पर्यटन सहयोग पर नेतृत्व सत्र और डेस्टिनेशन ब्रीफिंग्स होगी। दूसरे दिन (26 सितम्बर) को बी2बी मीटिंग्स जापानी टूर ऑपरेटर्स के साथ साझेदारी पर केंद्रित होगा। इसके अलावा बौद्ध सर्किट व स्पिरिचुअल ट्रायंगल (प्रयागराज-अयोध्या-काशी) पर पैकेज प्रदर्शित किए जाएंगे।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विगत माह के दौरान जनपद में घटित सड़क दुर्घटनाओं, मृतक एवं घायल व्यक्तियों के आंकड़ों तथा ब्लैक स्पॉट्स की स्थिति एवं उनके सुधारात्मक उपायों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी ब्लैक स्पॉट्स पर आवश्यक सुधारात्मक कार्य करने के निर्देश दिए। साइन बोर्ड, रंबल स्ट्रिप्स, स्पीड ब्रेकर, स्ट्रीट लाइटिंग एवं रोड चिन्हांकन निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने को कहा। इसके अतिरिक्त ट्रैफिक व्यवस्था को सुखढ़ करने हेतु हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीलडग, नशे की हालत में वाहन संचालन तथा मोबाइल फोन का उपयोग इत्यादि के विरु) विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। स्कूल बसों, सार्वजनिक परिवहन एवं माल वाहनों की फिटनेस, पीयूसी प्रमाणन, ओवरलोलडग एवं परमिट जांच के संबंध में नियमित निरीक्षण एवं विशेष अभियान की आवश्यकता पर बल दिया गया। गुड सेमैरिटन नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अस्पतालों में रिस्पॉन्स टाइम में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सड़क सुरक्षा जनजागरूकता कार्यक्रम, स्कूल/महाविद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सिधौली में निर्माणाधीन फ्लाईओवर को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए तथा फ्लाईओवर की सल्वसलेन को जल्द से जल्द दुरूस्त कराया जाए। उन्होंने नैपालापुर व खैराबाद में अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने के निर्देश संबंधित अधिक. ारी को प्रदान किए। नैपालापुर में निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। उन्होंने सड़कों पर आने वाली संकरी पुलियों की जानकारी करते हुए निर्देशित किया कि जहां पर संकरी पुलियों के चौड़ीकरण कराये जाने के निर्देश भी संबंधित को दिए।

### विंध्यवासिनी के जयकारों से गूंज रहा है विंध्य क्षेत्र

**मिर्जापुर।** विश्व प्रसिद्ध विंध्याचल धाम विंध्य क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासिनी के जयकारे से गुंजायमान हो रहा है। पूरा मेला क्षेत्र श्रद्धालुओं से भरा हुआ है। श्रद्धालु विंध्य पर्वत पर स्थित मां काली और अष्टभुजा देवी की त्रिकोण परिक्रमा भी कर रहे हैं। मेला एक अक्टूबर तक चलेगा। जिला प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए चौबीस घंटे दर्शन पूजन के लिए मंदिर खोलने का निर्णय लिया है। विंध्याचल नवरात्रि मेले में देश विदेश से दर्शनार्थियों का आने क्रम जारी है। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने विंध्याचल स्टेशन पर दो दर्जन से अधिक ट्रेनों का अस्थाई रूप से ठहराव कर रहा है। वही राज्य सड़क परिवहन निगम ने दौ सौ से अधिक अतिरिक्त बसें चलाई है। मेला में भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मेले में मौजूद विंध्याचल के कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि मेला क्षेत्र में तीन सुपरजोन 10 जोन तथा 21 सेक्टरों में बांट कर व्यवस्था की गई है। पूरे मेले में चार हजार से अधिक सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने ने बताया कि भगदड़ की स्थिति न पैदा हो इसके लिए जगह वैरियर लगाएं गए है। श्री त्रिपाठी ने बताया कि दर्शनार्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए मेला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं।हीट बेब से दर्शनार्थियों को बचाने के लिए स्वयं सेवी संस्थाओं की सहायता लेने के भी निर्देश दिए गए हैं। गंगा नदी में जलस्तर को देखते हुए घाटों पर विशेष निगरानी बरती जा रही है। मेला में मौलिक सुविधाएं नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित की जाती है। नगरपालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर केसरी ने बताया कि 1500 सफाई कर्मचारी लगाएं गए है।जो दिन रात काम कर रहे हैं।

### तीन तीन वर्ष कैद की सजा

**सीतापुर।** तालगांव थाने में वर्ष 2016 में बिसवां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोंदलामऊ निवासी निर्भय पुत्र सोनेलाल तथा बिसवां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मधईपुर निवासी बलराम पुत्र मूलचंद के खिलाफ नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का केस दर्ज कराया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी ने सबूतों को देखने व गवाहों तथा दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद निर्भय और बलराम को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने दोनों दोषियों को तीन-तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 5-5 हजार रुपए के अर्थ दंड से भी दंडित किया है।

## अज्ञात महिला का शव गंगा नदी में मिला

**वाराणसी।** वाराणसी में दशाश्वमेध घाट के सामने गंगा नदी में बुधवार को एक अज्ञात महिला का शव उतराता हुआ पाया गया। सूचना मिलते ही दशाश्वमेध चौकी उप निरीक्षक ने महिला कांस्टेबल सहित अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को नदी से बाहर निकलवाया। प्रारंभिक जांच में मृतका की उम्र लगभग 70 से 75 वर्ष प्रतीत हो रही है। शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अगल बगल के सभी थानों में मृतक महिला की तस्वीर भेजी गई है।

# मां चंद्रघंटा के मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**वाराणसी।** शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन बुधवार को मां दुर्गा के तृतीय स्वरूप माता चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की जा रही है। काशी में मां चंद्रघंटा का मंदिर चौक क्षेत्र में स्थित है। काशी में नौ दुर्गा के मंदिर अलग-अलग क्षेत्रों में हैं। मंदिर के पुजारी योगेश्वर नाथ दुबे ने बताया कि मां के दस भुजाओं में अस्त्र शस्त्र और घंटा है।

मस्तक पर अर्ध चंद्र सुशोभित है। नवरात्रि के पावन अवसर पर माता के दरबार में सुबह आरती के बाद से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। नवरात्रि के अवसर पर माता का आकर्षक श्रृंगार किया गया है। माता के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंजायमान हो रहा है। पुजारी कामता दुबे ने बताया कि माता चंद्रघंटा के स्वरूप की व्याख्या करें तो चंद्रमा शांति का प्रतीक है और घंटा नाद का। नाद के साथ शांति का संदेश देने वाली माता ही चंद्रघंटा हैं। देवा. सुर संग्राम में देवी ने इसी घंटे के नाद से अनेक असुरों का दमन किया था। मां को लाल पुष्प के साथ-साथ सफेद पुष्प भी अति प्रिय हैं। माता को नारियल और पीला प्रसाद विशेष रूप से प्रिय है। माता का दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने देश, समाज और परिवार की सुख-शांति के लिए माता से प्रार्थना की।

# लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ने डाक्टरों की उपलब्धता और मरीजों को लेकर उठाया बड़ा कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (आरएमएल आईएमएस) के मरीजों और उनके परिवारों को लागत, समय और उपचार की सुलभता के मामले में जल्द ही महत्वपूर्ण राहत मिलेगी।अधिकारियों की मानें तो हाल ही में संपन्न हुई संस्थान की 41वीं शासी निकाय की बैठक में कई प्रमुख नीतिगत फ़ैसले लिए गए। आयुर्विज्ञान संस्थान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि, ब्रेन-डेड मरीजों के परिवारों से संबंधित है जो अंगदान के लिए सहमति देते हैं। ऐसे मामलों में, अस्पताल मरीज के अस्पताल में भर्ती होने का खर्च वहन करेगा, जिससे शोकाकुल परिवारों पर एक बड़ा वित्तीय बोझ कम होगा।ष आयुर्विज्ञान संस्थान के सूत्रों की मानें तो मरीजों को सीधे लाभ पहुंच. ाने वाला एक और निर्णय अस्पताल के वार्डों में आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं और उपभोग्य सामग्रियों की तत्काल उपलब्धता है।

वर्तमान में, उपचार शुरू करने में देरी हो रही है क्योंकि मरीजों के तीमारदारों को इन वस्तुओं को खरी. दने के लिए फार्मेसी जाना पड़ता है। दरअसल, इस समस्या को समाप्त करने के लिए, संस्थान अब प्रत्येक वार्ड में 250 से अधिक दवाओं और उपभोग्य सामग्रियों का स्टॉक रखेगा। मरीजों को केवल एक मामूली एचआरएफ (अस्पताल संसाधन निधि) शुल्क देना होगा, जो इन वस्तुओं की लागत को कवर करेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि उपचार बिना देरी के शुरू हो। सूत्रों की मानें तो भविष्य में डॉक्टरों की उपलब्धता और बेहतर रोगी देखभाल के लिए,

शासी निकाय ने एनेस्थीसिया सहित विभिन्न विभागों में 86 स्नातकोत्तर सीटें (एमडी, एमएस, डीएम, एमसीएच) बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) को एक प्रस्ताव भेजने को मंजूरी दी।

# भक्तों की करती है पूरी मुराद मां वनखंडी देवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जालौन।** उत्तर प्रदेश में बुंद. ेलखंड के प्रवेश द्वार कहे जाने वाली कालपी की दक्षिणी सीमा पर स्थित वनखण्डी देवी सिद्धपीठ केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि किंवदंतियों और आस्थाओं का ऐसा अद्वितीय केंद्र है, जहां हर साल हजारों श्रद्धालु अपनी मनोक. ामनाओं की पूर्ति के लिए पहुंचते हैं।

यह मंदिर कालपी की पहचान माना जाता है और यहां माता के पिंडी स्वरूप की पूजा होती है। स्थानीय जनश्रुतियों के अनुसार, अंग्रेजी शासन काल में जब झांसी-कानपुर रेलवे लाइन बिछाई जा रही थी, उस दौरान अंग्रेज अधिकारी और कालपी के पटवारी-कानूनगो क्षेत्र का निरीक्षण करने आए। अचानक अधिकारी को जंगल में दो सफेद शेर दिखाई दिए। अधिकारियों की टोली यह दृश्य देखकर अचंभित रह गई। अंग्रेज अधिकारी ने शेरों का शिकार करने का इरादा जताया, लेकिन साथियों ने उसे रोकने की कोशिश की। इसके बावजूद अधिकारी नहीं माना और शेरों के पीछे दौड़ पड़ा। किंवदंती कहती है कि शेर दौड़ते हुए एक घनी झाड़ी के पास पहुंचे और अचानक वहां लुप्त हो गए। जब लोग उस झाड़ी के समीप पहुंचे तो उन्होंने देखा कि शेर पत्थर के बने बैठे हैं और उनके पीछे देवी मां की पिंडी का दिव्य स्वरूप प्रकट हो रहा है। इस अद्भुत घटना ने सभी को चकित कर दिया। तभी से यह स्थान वनखंडी देवी के नाम से प्रसिद्ध हो गया। मंदिर के महंत जमुनादास का कहना है कि सृष्टि के प्रारंभ से यहां निराकार स्वरूप में शक्तिपुंज प्रतिष्ठित है।

वनखंड क्षेत्र में विराजमान होने के कारण इन्हें वनखंडी कहा जाता है, वहीं शूरमाओं और अभिमानियों का दंभ खंडित करने की मान्यता के चलते देवी बलखंडी नाम से भी जानी जाती हैं। इस मंदिर से एक और किंवदंती जुड़ी हुई है। कहा जाता है कि प्राचीन काल में सुधांशु नाम का एक ब्राह्मण संतान सुख से वंचित था। एक दिन देवर्षि नारद मृत्युलोक में विचरण करते हुए उसके घर के सामने पहुंचे। ब्राह्मण ने संतानहीन होने की अपनी पीड़ा बताई। नारद ने वचन दिया कि वे उसकी प्रार्थना भगवान विष्णु तक पहुंचाएंगे। भगवान विष्णु ने कहा कि इस जन्म में ब्राह्मण के कोई संतान योग नहीं है। नारद ने यह बात ब्रह्मा और शिव से भी पूछी, किंतु दोनों का उत्तर भी यही रहा। जब नारद ने यह सत्य ब्राह्मण को बताया तो वह व्यथित हो गया। किंतु नियति को बदलना किसी के वश में नहीं था। कहा जाता है कि उसी पीड़ा से प्रेरित होकर उसने माता वनखंडी की शरण ली और तपस्या आरंभ की। मां की कृपा से उसे संतान सुख प्राप्त हुआ। तभी से जनमानस में यह आस्था दृढ़ हो गई कि संतान सुख की इच्छा रखने वाले दंपत्ति यहां आकर मन्नत मांगते हैं और उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। इतिहासकार डा हरी मोहन पुरवार ने बताया कि प्राचीन भारत वनों से आच्छादित था और कालपी भी घने जंगलों से घिरा हुआ था। इसी कारण यहां की अधिष्ठात्री देवी को वन दुर्गा कहा गया। श्री दुर्गा देवी के 108 नामों में वन दुर्गा का भी उल्लेख मिलता है। विशाल वन में प्रवेश करने पर शूरवीरों का भी बल नष्ट हो जाता है, इसी कारण यहां की देवी बलखण्डी नाम से प्रसिद्ध हुईं। स्थानीय जनश्रुतियों में यह भी कहा जाता है कि देवी यहां केवल शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और परिवा. रिक सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देने वाली मातृशक्ति हैं। जनमानस का अटूट विश्वास है कि मां बनखण्डी के आशीर्वाद से परिवार और समाज निष्कंटक प्रगति की राह पर आगे बढ़ते हैं।

## प्रयागराज में मिला युवक का शव

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर आज सुबह तड़के रेलवे ट्रैक पर एक शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव की पहचान महिलाग्राम निवासी 40 वर्षीय अनिल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने अनिल के परिवार को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे अनिल के भाई साहिल कुमार ने बताया कि वह दो दिन पहले रात में अचानक घर से लापता हो गए थे। परिवार उनकी तलाश कर रहा था। साहिल ने यह भी बताया कि चार साल पहले हुए एक सड़क हादसे के बाद से अनिल की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। अनिल अपने परिवार में सबसे बड़े थे। उनके दो भाई प्राइवेट नौकरी करते हैं। मृतक की पत्नी और दो बच्चे हैं।

# झारखंड का दुर्दांत नक्सली सोनभद्र में गिरफ्तार

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश पुलिसके आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने सोनभद्र जिले के झारखण्ड सीमा पर स्थित एक गांव से झारखंड राज्य के मोस्ट वांटेड पांच लाख के इनामी दुर्दांत नक्सली उमेश खरवार उर्फ नगीना उर्फ डाक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। एटीएस उसे अपने साथ लेकर लखनऊ चली गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक आप. रेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि विगत 14 सितम्बर को पलामू में टी एस पी सी के नक्सलियों को सुरक्षा बलों से हुए मुठभेड़ में गिरफ्तार नक्सली उमेश खरवार उर्फ नगीना शामिल था लेकिन वह बच कर फरार हो गया था। उन्होंने बताया कि ए टी एस झारखंड को इस बात की भनक लग गई थी कि उक्त फरार नक्सली उत्तर प्रदेश में दाखिल हो गया है और कहीं छुपा हुआ है। यह जानक. ारी उन्होंने उत्तर प्रदेश की ए टी एस को दी जिसके आधार पर यू पी ए टी एस ने मोबाइल सर्विलांस एवं अन्य माध्यमों से जानकारी निकाली तथा मंगलवार को सोनभद्र के झारखंड की सीमा पर स्थित गांव से गिरफ्तार कर लिया। एएसपी नक्सल त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि उक्त आपरेशन की सूचना ए टी एस द्वारा सोनभद्र पुलिस से साझा नहीं की गई थी।

## बस्ती मण्डल में स्थापित होंगी 4982 दुर्गा प्रतिमाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश में बस्ती मण्डल के तीनों जिलों में 4982 दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित होगी। सरक. ारी सूत्रों ने बुधवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि दुर्गा पूजा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। कुछ स्थानों पर नवरात्र के पहले दिन ही दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई है लेकिन पंचमी के दिन बस्ती मण्डल के बस्ती जिले में 2530 प्रतिमाएं, सिद्धार्थनगर जनपद में 1250 प्रतिमाएं तथा संतकबीर नगर जिले में 1202 प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी। जहा पर सुरक्षा के लिए कड़े प्रबन्ध किए जाएंगे।

# पड़ोसी की प्रताड़ना व मिलीभगत से तंग दुकानदार ने दी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मानकनगर थाना क्षेत्र में पड़ोसी की प्रताड़ता से तंग आकर परचून दुकानदार ने बुधवार को जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान दे दी।

मेहंदीखेड़ा इलाके निवासी परचून दुकानदार वीरू यादव (42) ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि वीरू काफी समय से मोहल्ले में चल रहे विवाद और लगातार पड़ोसियों की प्रताड़ना से परेशान थे। उनके पास से छह पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने न केवल आसपास के पड़ोसियों पर सीधा आरोप लगाया है, बल्कि मानकनगर थाने के बीट इंचार्ज को भी मिलीभगत कर प्रताड़ति करने का दोषी ठहराया है। एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय ने बताया कि मृतक के परिवार की ओर से तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वीरू की पत्नी नीलम के अनुसार, विवाद की जड़ कुछ महीने पहले पड़ी जब पड़ोसी सुरजीत सिंह यादव ने मकान निर्माण के दौरान मोहल्ले वालों से सहमति दर्शाकर घर का स्ट्रक्चर बदल लिया। इसके बाद गली निवासी नरेंद्र के दरवाजे के सामने से रास्ता निकाला गया। नरेंद्र और उसकी पत्नी ने इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों के बीच तनातनी बढ़ गई। इसी बीच नरेंद्र द्वारा रैंप तोड़ने का वीडियो वायरल हुआ और उस पर मुकदमा दर्ज करा दिया गया। इसके बाद मोहल्ले का तनाव और गहरा गया। सुसाइड नोट में वीरू ने लिखा है कि सुरजीत ने उस पर जबरन रैंप बनवाने का दबाव बनाया। उन्होंने बताया कि मना करने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो से पहले पहुंचे दो केबिनेट मंत्री

## नंदी बोले पूर्व की सरकारों ने नोट और वोट की राजनीति की, पीएम के दो मंत्र से देश बनेगा विकसित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा के एक्सपो सेंटर में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है। 25 से 29 तक चलने वाले इस शो में 10 लाख से ज्यादा लोगों के आने उम्मीद है। इसका उद्घाटन कल पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। ट्रेड शो की जानकारी देने और निरीक्षण के लिए बुधवार को प्रदेश केबिनेट में शामिल मंत्री नंद गोपाल नंदी और राकेश सचान पहुंचे। उन्होंने प्रेस वार्ता की और अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।



इस मौके पर नंद गोपाल नंदी ने कहा कि इससे पहले की सरकार सिर्फ नोट और वोट की राजनीति करती आई है। उनको प्रदेश में अच्छे अस्पताल और रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं चाहिए था। नंद गोपाल नंदी ने कहा कि 2014 में पीएम नरेंद्र मोदी ने इस देश की बागडोर संभालने के बाद इंडस्ट्री और मैन्यूफैक्चरिंग के लिए दो महामंत्र दिए। एक मेक इन इंडिया और दूसरा आत्मनिर्भर भारत।

इसी सोच और संकल्प के साथ पीएम ने एमएसएमई , एक्सपोर्ट सेक्टर को व्यापक बनाने के लिए विशेष प्राथमिकता दी। उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन में प्रदेश के सीएम योगी ने भी इस अभियान को तेजी से बढ़ाया। पिछले आठ सालों में समय बद्धता अनुकूल निति और स्टेक होल्डर के साथ उनके हितों की रक्षा और एक्सपोर्ट को एक नई ऊंचाई और आयाम दिए। आठ सालों में उप्र में निर्यात में दो गुना से ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। स्थानीय कारिगरों और शिल्पकारों को नई पहचान मिली है। कुटीर उद्योगों में भी सम्मिलित की चौखट पर पाव रखा है।

**ओडीओपी से मिली पहचानः** वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट के जरिए वाराणसी की साड़ी , भदोही का कालीन को वैश्विक पहचान मिली है। हर डिस्ट्रिक्ट के प्रोडेक्ट को पहचान मिली है। प्रधानमंत्री ने संकल्प के अनुरुप लोकल से ग्लोबल तक की यात्रा की है। डबल इंजन की सरकार ने स्थानीय उत्पादों की मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया बल्कि एक वैश्विक बाजार भी उपलब्ध कराया है। इसी प्रतिबद्धता के साथ हर साल इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन करता आ रहा है।

**पूर्व की सरकार ने की सिर्फ राजनीतिः** इसी ट्रेड शो में उत्पाद ग्लोबल के लिए उपलब्ध है। रूस हमारा कंट्री पार्टनर के रुप में सम्मिलित हो रहा है। दूसरे साल में हमे 2027 तक के ऑर्डर मिले। यानी पूर्व के सरकारों में प्राथमिकताओं में ये नहीं रहा कि अस्पताल बने, रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर बने। वो हमेशा नोट और वोट की राजनीति करते रहे। उप्र में निवेश करने के लिए इच्छुक है। 80 देशों के प्रतिनिधि बीटूबी संवाद करेंगे। 2500 से ज्यादा एग्जबिटीरर्स हिस्सा ले रहे है।

**तीन साल से बढ़ रहा ट्रेड शो का दायर -सचानः** प्रदेश कैबिनेट में शामिल मंत्री राकेश सचान ने कहा कि पहला ट्रेड शो 2023 में शुरू किया गया था। उस संस्करण में 70 हजार बीटूबी और 2 लाख से ज्यादा बीटूसी के लोग शो में आए। 2024 में संस्करण में 1 लाख बीटूबी और 3 लाख से ज्यादा बीटूसी बिजनेस किया गया । इस बार का आयोजन में 80 देशों के 500 से ज्यादा बायर्स प्रतिभागी करेंगे। एमएसएमई के 96 लाख उद्यमियों के लिए अपार संभावनएं है। 3 लाख विजिटर आएंगे। कई विदेशी डेलीगेशन आएंगे। इस बार रुस पार्टनर है।

**रोड शो आयोजित किए गएः** इस शो में देश भर के उद्यमियों से जोड़ने के लिए रोड शो का आयोजन का किया गया। इस शो में 2200 पंडाल लगाए गए है। क्रेता विक्रेता मीट का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के उद्यमियों को नए बाजार तलाशने में मदद मिलेगी। ओडीओपी, महिला उद्यमी , छोटे उद्यमियों को एक्सपोजर मिलेगा। इन्फ्रास्ट्रक्चर का डिवलपमेंट हुआ है। कई औद्योगिक नीतियां बनाई गई है जो कि उद्यमियों के लिए कारगर है। जिससे स्वदेशी उत्पाद को ज्यादा से ज्यादा से खरीदे और 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य है। सबसे ज्यादा एमएसएमई 2017 में पर्यटन के क्षेत्र में जो बढ़ावा हुआ हे उप्र अपने वीजन में आगे आया है।

# थाना-63 में खुला बच्चों के लिए क्रेंच



### महिला पुलिस कर्मियों के बच्चों की होगी देखभाल, मनोरंज की सभी साधन किए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत सेक्टर-63 परिसर में महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों की सुविधा और देखभाल को ध्यान में रखते हुए एक आधुनिक क्रेंच (शिशुगृह) का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि इस क्रेंच का उद्देश्य महिला पुलिसकर्मी के बच्चों के लिए एक सुरक्षित एवं सहयोगी वातावरण प्रदान करना है।

जिससे महिला पुलिस कर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और आत्मविश्वास के साथ कर सकें। यह शिशुगृह बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल माहौल उपलब्ध कराएगा। जहां उनकी देखभाल, शिक्षा, पोषण और खेल-कूद की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। क्रेंच में बच्चों की आयु के अनुरूप आधुनिक संसाधन, शैक्षणिक सामग्री, खेल व मनोरंजन संबंधी साधन उपलब्ध कराए गए हैं। जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके। कार्यक्रम के अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजय कुमार, डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी, डीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव, एडीसीपी सेन्ट्रल नोएडा शैव्या गोयल सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद रहा। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि "यह क्रेंच न केवल बच्चों के समुचित देखभाल का केंद्र बनेगा, बल्कि महिला पुलिसकर्मियों के मन में भी आत्मविश्वास का संचार करेगा।

# भगवान श्रीराम के जीवन की आरंभिक लीलाओं का सुंदर और प्रभावशाली मंचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के तत्वाधान में हरि भक्ति कला ट्रस्ट द्वारा आयोजित रामलीला का भव्य मंचन नोएडा स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस भक्ति और सांस्कृतिक आयोजन का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक पंकज शर्मा द्वारा किया गया।

रामलीला की प्रस्तुति में भगवान श्रीराम के जीवन की आरंभिक लीलाओं का सुंदर और प्रभावशाली मंचन किया गया। मंचन की शुरुआत अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्रों - राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघन के जन्म और नामकरण संस्कार से हुई। इसके उपरांत माता सीता जन्म, राजकुमारों की शिक्षा, दीक्षा और ऋषि विश्वामित्र द्वारा राक्षसों से मुक्ति के लिए राम-लक्ष्मण को यज्ञ रक्षा हेतु मांगने की कथा का सजीव चित्रण किया गया। प्रसंग में ताड़का वध, मारीच को वायुवाण से सौ योजन दूर फेंकना, सुबाहु वध, और अहिल्या उद्धार जैसे मार्मिक व रोमांचक दृश्यों को प्रभावशाली संवादों और भावनात्मक अभिनय के माध्यम से मंच पर जीवंत किया गया। इस मंचन में विभिन्न पात्रों की भूमिकाओं को कलाकारों ने अद्भुत समर्पण और ऊर्जा के साथ निभाया।

दशरथ की भूमिका में - पंकज शर्मा, विश्वामित्र के रूप में हरीश शर्मा, राजा जनक की भूमिका में महेश, श्रीराम के रूप में अभिमन्यु, लक्ष्मण की भूमिका में गर्व गुप्ता, ताड़का की भूमिका में मनीष, मारीच और सुबाहु के रूप में हिमांशु एवं हरिओम ने अभिनय किया। प्रत्येक कलाकार ने अपने चरित्र में पूरी निष्ठा और भाव-भंगिमा से जान फूंक दी, जिससे दर्शकों ने भावविभोर होकर बार-बार तालियों से स्वागत किया। मंच पर प्रस्तुत दृश्य केवल नाटकीय नहीं थे, बल्कि उनमें सनातन संस्कृति धर्म, भक्ति और जीवन मूल्यों की सजीव झलक देखने को मिली। समिति के सदस्यों ने दर्शकों से आग्रह किया कि वे आगामी लीलाओं में भी सपरिवार उपस्थित होकर इस पावन आयोजन का आनंद लें और श्रीराम कथा से जुड़े आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें।

# दुर्गा पूजा के लिए बद्रीनाथ मंदिर के थीम पर बनाया पंडाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी वन के दादा-दादी पार्क, लेक व्यू पार्क और टेक्जोन 4 के तिकोना पार्क में दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसको लेकर तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। दादा-दादी पार्क में पंडाल को बद्रीनाथ मंदिर के थीम पर बनाया गया है। वही, लेक व्यू पार्क में ऑपरेशन सिंदूर की झलक दुर्गा पूजा के पंडाल में देखने को मिलेगी। गौर सिटी वन के दादा-दादी पार्क में गौर सिटी बंगाली संगठन के द्वारा दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष राज सेन ने बताया कि दुर्गा पूजा की शुरुआत 26 सितंबर को माता की आंखों की पट्टी खोलकर की जाएगी, इसके लिए सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

पंडाल को इस बार बद्रीनाथ मंदिर के के थीम पर बनाया गया है, जो कि लगभग पूरी तरह बनकर तैयार हो गया है। वहीं, माता की मूर्ति 14 फीट ऊंची होगी, जिसमें राजस्थान की झलक देखने को मिलेगी। 27 सितंबर को माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, इसके बाद विशेष पूजा और अन्य कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किए जाएंगे। आनंद मेला सहित अन्य बंगाली सभ्यताएं लोगों को इस दौरान देखने को मिलेगी। जिसका लुफ्त सभी लोग मिलकर उठाएंगे। सारेगामापा और इंडियन आइडल के मशहूर गायक भी आएंगे। वहीं, 2 अक्टूबर को सिंदूर खेला खेला जाएगा। साथ ही, माता को भी विदा किया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर की शौर्य गाथा दिखेगी गौर सिटी वन के लेक व्यू पार्क में गौर सिटी दुर्गा पूजा समिति द्वारा पंडाल का कार्य तेजी किया जा रहा। सोसाइटी के महासचिव समीर चटर्जी ने बताया कि इस बार पंडाल ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर बनाया जा रहा, जिसमें भारतीय सैनिक की शौर्य गाथा दिखेगी। पंडाल बनाने के लिए कोलकाता से कलाकारों बुलाया गया है। वहीं, रोजाना विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। म्यूजिकल और डांडिया नाइट का लुत्फ उठाएंगे लोग टेक्जोन 4 के तिकोना पार्क में ग्रेटर नोएडा वेस्ट वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है। समिति से आशीष दुबे ने बताया कि 28 सितंबर को माता की मूर्ति की स्थापना व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ दुर्गा पूजा का शुभारंभ होगा।

# जीएसटी में कटौती के बारे में लोगों को बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भाजपा जिले में जीएसटी बचत महोत्सव मना रही है। यह महोत्सव 22 से 29 सितंबर तक चलेगा। इसके तहत भाजपा सांसद बाजारों में लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा सेक्टर-18 स्थित बाजार पहुंचे। उन्होंने विभिन्न दुकानों पर व्यापारियों और ग्राहकों से संवाद कर जीएसटी दरों में हुई कटौती के लाभ के बारे में बताया। उन्होंने लोगों से बचत उत्सव का लाभ लेने की अपील की। बाजार भ्रमण के दौरान सांसद के साथ भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, संजय बाली, धर्मेन्द्र चौहान और विनोद शर्मा आदि थे।

# युवती के बाथरूम में मिला वेबकैम

## एक ही इमारत में रहता है आरोपी, एसडी कार्ड से हुई पहचान, पुलिस से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-126 थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में रहने वाली युवती के बाथरूम में किरायेदार ने हिडन कैमरा लगा दिया। वेबकैम मिलने के बाद युवती ने मामले की शिकायत पुलिस से की। एक निजी कंपनी में काम करने वाली पीड़ित युवती की शादी कुछ ही समय बाद होने वाली है।

थाने में दी शिकायत में युवती ने बताया कि वह शाहपुर गांव में किराये का कमरा लेकर रहती है। एक कंपनी में काम करती है। सोमवार को युवती जब अपने कमरे से बाथरूम में स्नान करने के लिए गई तो खिड़की के पास उसे वेबकैम मिला।इसे देखकर युवती हैरान और परेशान हो गई। युवती ने वेबकैम को वहां से हटाया और कमरे में रख दिया। दफ्तर से आने के बाद शाम को जब उसने चेक किया तो उसमें लगे एसडी कार्ड चिप में संत कबीरनगर के रहने वाले रामानंद की फोटो और वीडियो मिली।

आरोपी रामानंद उसी इमारत में रहता है जिसमें युवती रहती है और इलेक्ट्रिशियन का काम करता है। युवती का कहना है कि रामानंद ने उसके निजी बाथरूम में कैमरा इस मकसद से लगाया था ताकि वह उसकी वीडियो बना सके। आरोपी ने यह बात युवती के पूछने पर स्वीकार भी की है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार है।

**गिरफ्तारी के लिए दबिशः** आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की गई है जो संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। आरोपी ने बाथरूम में कैमरा क्यों लगाया इसकी असल वजह उसकी गिरफ्तारी के बाद ही पता चल पाएगी। जानकारों के मुताबिक वेबकैम एक डिजिटल कैमरा है, जो वीडियो और ऑडियो को कैप्चर करके कंप्यूटर से जुड़ा होता है और इंटरनेट पर रियल-टाइम में प्रसारित करता है, जिसका उपयोग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ऑनलाइन मीटिंग, लाइव स्ट्रीमिंग और वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कामों के लिए होता है।

## एक नजर

### मां चंद्रघटा की पूजा का भय से मुक्त करने की प्रार्थना

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नवरात्र के तीसरे दिन लोगों ने जगदंबा के तीसरे स्वरूप बुधवार को मां चंद्रघटा की पूजा की। इस दौरान मां से भय से मुक्त करने की प्रार्थना की। गुरुवार को चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा देवी की पूजा होगी। सेक्टर-40 शक्ति धाम मंदिर के आचार्य ज्ञान प्रकाश ने बताया कि मां चंद्रघटा की पूजा करने से भक्त के भीतर का भय समाप्त होता है। साथ ही, शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है। कुंडली में शुक्र की स्थिति भी मजबूत होती है। जिले के मंदिरों में सुबह से शाम तक माता के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ रही। वहीं, सेक्टर-100 वोडा महादेव मंदिर के महंत जयराम भारती ने बताया कि मंदिरों में भक्तों का सुबह से आना शुरू हो गया था। मंदिर में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही है। साथ ही, रोजाना दुर्गा सप्तशती पाठ का किया जा रहा। लोगों ने घरों में माता चौकी सजाकर भजन-कीर्तन किया।

### महिलाकर्मी पर गिरा सरिया का बंडल, आईसीयू में भर्ती

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दादरी के कूड़ी खेड़ा गांव मोड़ के समीप एक कंपनी में काम करने वाली महिला पर सरिया का बंडल गिर गया। इससे वह बुरी तरह घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला रज्जो देवी के पति पप्पू ठाकुर का आरोप है कि उन्होंने कंपनी से इलाज कराने की मांग की तो गालीगलौज करके भगा दिया गया। उन्होंने कोतवाली में मैसेज तनेजा ग्राइंडर कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

घटना 8 अगस्त की है। महिला अभी आईसीयू में है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के धूम मानिकपुर गांव निवासी पप्पू ठाकुर ने शिकायत दी है कि उनकी पत्नी मैसेज तनेजा ग्राइंडर कंपनी में 10 वर्ष से नौकरी कर रही हैं। आठ अगस्त को वह कंपनी में ड्यूटी पर थीं। कंपनी निर्माण के लिए एक ट्रक सरिया मंगाया था। ट्रक को मजदूरों के न आने की पर रास्ते पर लापरवाही से खड़ा कर दिया था। कंपनी की तरफ से उसकी निगरानी में कोई सुरक्षा गार्ड भी तैनात नहीं किया गया।

उन्होंने बताया कि ट्रक में सरिया के बंडल लदे थे। उनकी पत्नी रास्ते से टॉयलेट जाने के लिए निकली ट्रक से बंडल सरिया उन पर गिर गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल को अलग-अलग अस्पतालों में इलाज कराया गया लेकिन ठीक नहीं हुईं। अब वह फरीदाबाद के अस्पताल की आईसीयू में भर्ती हैं। आरोप है कि जब पप्पू इलाज में सहायता मांगने के लिए कंपनी गए तो उन्हें गालीगलौज कर भगा दिया।

### ब्लाइंड स्पॉट पर बेहोश हुई थी छात्रा, मौत के रहस्य में सामने आई लापरवाही

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर 31 स्थित प्रेसिडियम स्कूल में कक्षा 6 की छात्रा की मौत के करीब तीन सप्ताह बाद आखिरकार स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. पुलिस ने मंगलवार को बताया कि स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जेजे एक्ट की धारा 75 (बच्चे के साथ क्रूरता) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 357 (असहाय व्यक्ति की देखरेख की जिम्मेदारी में चूक) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

4 सितंबर को 10 वर्षीय तानिष्का शर्मा स्कूल में अचानक बेहोश हो गई थी. उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्कूल प्रबंधन ने तत्काल बयान में कहा था कि छात्रा की मौत गले में खाना फंसने के कारण दम घुटने से हुई. हालांकि, बाद में डॉक्टरों ने ब्रेन हैमरेज की संभावना जताई है, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। बिसरा नमूना फॉरेंसिक जांच के लिए सुरक्षित रखे गए है।

तानिष्का की मांग ने दो दिन पहले इस मामले में एक वीडियो वायरल किया था जिसमें उन्होंने मांग की थी कि उनको पता चलना चाहिए कि आखिरी मिनटों में उनकी बेटी के साथ क्या हुआ. ऐसा क्या हुआ कि उनकी की जान चली गई। वीडियो वायरल होने के बाद मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।

**शिक्षा विभाग ने की जांचः** जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) राजेश कुमार सिंह की अगुवाई में की गई जांच में स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था में कई खामियां सामने आईं।

# मजदूरी मांगने पर दलित परिवार पर हमला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में मजदूरी के बकाया पैसों को लेकर दलित परिवार पर हमला किया गया। गांव तीरथली में दूसरे समुदाय के 5 लोगों ने दलित परिवार के घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट की। घटना मंगलवार रात की है। विपिन जाटव के भाई महेश की मजदूरी के कुछ रुपये एक युवक पर बकाया थे। महेश जब रुपये मांगने गए तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट की। परिजन महेश को बचाकर घर ले आए।इसके बाद आरोपी युवक 4 अन्य साथियों के साथ पीड़ित के घर पहुंचा। उन्होंने घर में मौजूद महेश की बहन अनीता, पत्नी भारती और मां रामवती के साथ अभद्रता की। आरोपियों ने घर में तोड़फोड़ की। विरोध करने पर महिलाओं से मारपीट की। आरोपियों ने जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और जान से मारने की धमकी दी। हमले में महेश और उनकी बहन अनीता घायल हो गए।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर हुआ प्रतिभाशाली छात्रा एवं छात्राओं का सम्मान एवं माता की चौकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 33 स्थित अग्रसेन भवन में अग्रवाल मित्र मंडल नोएडा द्वारा प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं का सम्मान किया गया वहीं सेक्टर 51 स्थित सेवरॉन बैंक्विट में माता की चौकी का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ हवन एवं महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर माला एवम पुष्प अर्पित करके किया गया।



संस्था के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष वैश्य समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का जो दसवीं, बारहवीं के साथ साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी, एमबीए आदि में अच्छा प्रदर्शन करते हैं उन सभी प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया जाता है, इस वर्ष जिन बच्चों ने 96% से ज्यादा अंक प्राप्त किए थे उनको भीमसेन मित्तल द्वारा चांदी का सिक्का उपहार स्वरूप दिया गया।

महासचिव सुशील सिंघल ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन आयोजित माता की चौकी में माँ का गुणगान इंडियन आइडल फेम मोहित गुप्ता एंड टीम द्वारा किया गया, माता की चौकी में संस्था के सभी सदस्यों के साथ - साथ शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस आयोजन में अनुज गुप्ता कोषाध्यक्ष, बलराज गोयल संयोजक, सह संयोजक भूपेंद्र मित्तल, संदीप अग्रवाल, संजय गोयल, राजेंद्र जैन, एडवोकेट विकास बंसल, अमित पाल. ीवाल, सीए मनोज अग्रवाल, अमिश राजवंशी, पुनीत गर्ग अनुज अग्रवाल, मनीष गुप्ता, अशोक गोयल, मुकेश गुप्ता, टी एन गोविल, पीयूष मोहन, मो. हनलाल गुप्ता, सत नारायण गोयल, परमात्मा शरण बंसल, राकेश गुप्ता स्वानी फर्नीचर, डीके मित्तल, सुशील गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, राजीव अग्रवाल, राधेश्याम गोयल, राजेश जिंदल, अमित गोयल, मनीष गोयल, मुकेश गुप्ता, तुषार गोयल का विशेष योगदान रहा।

# विशटाउन में विद्युत संकट गहराया, लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 128 स्थित जेपी विशटाउन की सोसाइटियों में इन दिनों बिजली का संकट गहराता जा रहा है। सोसाइटी वासियों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है क्योंकि कई घंटे के लिए बिजली कटौती हो रही है। आरोप है कि जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) ने निवासियों से बिजली का बिल तो ले लिया, लेकिन जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल) को भुगतान नहीं किया। ऐसे में जेआईएल की ओर से रोजाना 3 से 4 घंटे के लिए बिजली काटी जा रही है। जेआईएल ने तीसरा नोटिस जारी करते हुए भुगतान करने के लिए 15 दिन का समय दिया है।

सोसाइटी निवासियों ने बताया कि बिजली कटौती होने से बहुत परेशानी हो रही है और दैनिक कार्यों में बाधा आ रही है। बताया कि सोसाइटी के लिए जेआईएल बिजली खरीदती है और निवासियों को उपलब्ध करवाती है और निवासी डायरेक्ट जेआईएल को बिजली का भुगतान नहीं करते हैं बिजली का भुगतान जेएएल के माध्यम से जेआईएल को किया जाता है, लेकिन जेएएल ने अप्रैल के बाद से जेआईएल को बिजली का भुगतान नहीं किया है। इस वजह से जेआईएल की ओर से बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो रही है। जेएएल प्रोजेक्ट का मामला नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में चल रहा है ऐसे में जेआईएल ने इंटरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल (आईआरपी), एओए और निवासियों को पत्र जारी कर कहा है कि 15 दिन में भुगतान न करने पर बिजली आपूर्ति प्रभावित हो जाएगी।

# गौर सिटी सोसायटी में सफाई कर्मचारियों से हुई गलती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी सोसायटी में एक अजीब घटना सामने आई है। सोसायटी के सातवें एवेन्यू में दो सफाई कर्मचारियों ने गलती से एक फ्लैट को खोलने का प्रयास किया। यह घटना सोसायटी के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

घटना का खुलासा तब हुआ जब फ्लैट नंबर M-637 के मालिक ने शिकायत की कि उनके फ्लैट का ताला खोलने की कोशिश की गई है। सीसीटीवी फुटेज की जांच में दो सफाई कर्मचारी नजर आए।

बिसरख थाना पुलिस की जांच में सामने आया कि यह एक गलतफहमी का मामला था। दरअसल, फ्लैट नंबर 437 के मालिक ने सफाई के लिए इन कर्मचारियों को चाबी दी थी। कर्मचारियों ने फ्लैट नंबर को गलत पढ़ लिया और 637 को 437 समझकर खोलने की कोशिश की। जब दरवाजा नहीं खुला तो वे वहां से चले गए।

जब कर्मचारियों को अपनी गलती का एहसास हुआ, तो उन्होंने मेंटेनेंस टीम को लिखित में माफी पत्र दे दिया। पुलिस ने भी दोनों को कड़ी चेतावनी दी है। इस घटना के बाद सोसायटी में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग उठी है।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# प्रत्येक व्यक्ति को राम के पद चिन्हों पर चलना चाहिएः मदन चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 के द्वारा बुधवार को रामलीला के तीसरे दिन रामलीला के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मदन चौहान पूर्व राज्य मंत्री ने कहा कि रामलीला एक ऐसा पर्व आता है कि इससे हमें यह सीख मिलती है कि ,प्रत्येक व्यक्ति को आज के माहौल में रामचंद्र जी के पद चिन्हों पर चलना चाहिए, यह सिखाता है, उन्होंने सृष्टि और नजीर पेश कर सबसे बड़े धर्म का पालन किया और अनुचित व उचित को समझते हुए असत्य पर सत्य कीविजय प्राप्त की, इसलिए किसी भी व्यक्ति को घमंडी व अत्याचारी नहीं होना चाहिए और सभी को धर्म का पालन करते हुए राम के पद चिन्हों पर चलना चाहिए, रामलीला में यही दर्शाया गया है कि जो धर्म के रास्ते से भटकेगी उसका बुरा हाल होता है।

इस अवसर पर अतिथिअम्रत जैन अध्यक्ष नगर निगम जॉन रोहिणी दिल्ली ने कहा कि रामलीला यानी दशहरा का वी हम सभी को यह सिखाता है कि हमेशा सत्य की जीत होती है भगवान रामचंद्र ने सत्य की राह पर चलते हुए विजय प्राप्त की इसलिए दशहरा का पर्व मनाया जाता है।

इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि प्रभु बंशीधर, कार्यक्रम अध्यक्ष पीयूष द्विवेदी वरिष्ठ समा. जसेवी एवं उद्योगपति ने गणेश पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रामलीला देखने आए लोगों और मुख्य अतिथि का रामल. ीला के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल और उनकी टीम ने आभार प्रकट किया।

# 300 किसानों को मिलेगा 25 लाख मुआवजा

### यमुना में आई बाढ़ में डूबी थी फसलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना में आई बाढ़ की वजह से बर्बाद हुई किसानों की फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन फसलों का सर्वे करा रहा है। सोमवार तक प्रशासन ने जेवर के लगभग दस गांव में 317 किसानों की फसलों में हुए नुकसान का सर्वे कर पोर्टल पर अपलोड कर दिया है।

पोर्टल पर फसलों में हुए नुकसान की भरपाई के रूप में दी जाने वाली मुआवजा राशि भी दिख रही है। कुछ गांव में जलभराव की वजह से तहसील और सर्वे लेखपाल सर्वे का काम पूरा नहीं कर पाए है सभी किसानों की फसलों में हुए नुकसान का सर्वे के बाद प्रदेश सरकार मुआवजा देगी।



अगस्त माह में हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद जेवर तहसील के कई गांव की खेती बाढ़ के पानी की चपेट में आने से बर्बाद हो गई थी। किसानों के खेतों में परमल, लौकी, काशीफल और धान के अलावा पशुओं के चारे की फसलों में जल जमाव की वजह से फसलें बर्बाद हो गई थी।

किसानों ने बाढ़ के पानी में डूबने से हुई फसलों की बर्बादी की भरपाई के लिए सरकार से मुआवजे की मांग उठाई थी। तहसील प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित 317 किसानों की 145 हेक्टेयर जमीन में फसलों को 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान मानते हुए सर्वे रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड कर दी है।

लगभग 300 किसानों का सर्वे कर लिया गया है गोविंदगढ, सिरसा,फलैदा खादर, अमरपुर पलाका,अनवरगढ खादर सहित सभी गांव में अभी किसानों की फसलों के सर्वे का काम चल रहा है। कुछ जगहों पर अभी भी बाढ़ का पानी जमा होने की वजह से सर्वे कार्य पूरा नहीं हो पाया है। सर्वे कार्य पूरा कराते हुए सभी प्रभावित किसानों को नुकसान की क्षतिपूर्ति धनराशि का आंकलन कराया जा रहा है।

# वाहनों पर जाति लिखाने वालों पर होगी कार्रवाई:डीआईजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** वाहनों के नंबर प्लेट पर जातिसूचक शब्द लिखवाने वालों पर अब कार्रवाई होगी। बरेली रेंज के चारों जिले में बृहस्पतिवार से अभियान चलाया जाएगा।

इस संबंध में डीआईजी ने चारों जिलों के पुलिस अफसरों को निर्देश दिए हैं। कई वाहनों या उसकी नंबर प्लेट पर जातिसूचक शब्द लिखकर या कोई चिह्न बनाकर लोग यातायात नियमों को तोड़ रहे हैं। अब ऐसा करने वाले वाहन चालकों पर हाईकोर्ट के आदेश के बाद शिकंजा कसने की तैयारी शुरू हो गई है। डीआईजी बरेली रेंज अजय कुमार साहनी ने रेंज के चारों जिलों बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत में बृहस्पतिवार से अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने कहा है कि किसी भी निजी और सरकारी वाहन पर जातिसूचक नाम या चिह्न नहीं दिखना चाहिए। इस बारे में चारों जिलों के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके बाद भी अगर कोई ऐसा करता है तो उस पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। जुर्माना भी लगाया जाएगा।

सोशल मीडिया के जरिए भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों का जागरूक किया जा रहा है कि वाहनों पर जाति लिखना अपराध है। इसके अलावा थानों में लगे नोटिस बोर्ड और रिकॉर्ड में भी जाति का उल्लेख नहीं किया जाएगा।

# उद्यमी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में दिखाएंगे अपने उत्पादों का हुनर

**■ ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितम्बर तक दिखेगी जरी-जरदोजी, फार्मा और ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स की चमक**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश की पहचान और हुनर को वैश्विक मंच देने के लिए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का तीसरा संस्करण 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित हो रहा है। इस बार शो में हथकरघा और हस्तशिल्प से जुड़े



लगभग 120 उद्यमी अपने-अपने उत्पाद पेश करेंगे।

इनमें बरेली मंडल के 29 उद्यमी भी शामिल हैं। वह जरी-जरदोजी से लेकर फार्मा और ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स तक अपनी कला और क्रिएटिविटी का जलवा बिखेरेंगे। कमिश्नर बरेली भूपेंद्र एस चौधरी ने बताया कि बरेली, बदायूँ, पीलीभीत और शाहजहाँपुर में से सबसे ज्यादा 20 उद्यमी बरेली से शामिल हो रहे हैं। इनमें 8 ओडीओपी इकाइयाँ, 5 महिला, एमएसएमई उद्यमी, 4 नए निर्यातक और 3 नियमित निर्यातक हैं। बदायूँ से 2, पीलीभीत से 6 और शाहजहाँपुर से 1 उद्यमी अंतरराष्ट्रीय मंच पर मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बरेली की पहचान काफी लंबे समय से जरी-जरदोजी रही है। इस कला को आगे बढ़ाते हुए वासिक (वनाकृति क्राफ्ट, केन एंड बैम्बू), नवाब (नवाब जरी आर्ट), रश्मि (रश्मि जरी आर्ट), शहनाम, शिखा, शालू सक्सेना (कमल ट्रेडर्स), अमित कुमार (अमन एटायर) और आतिफ खान (एस.ए. इंटरनेशनल) अपनी कारीगरी को प्रस्तुत करेंगे।

इसके अलावा, गौरव मित्तल (एरोमैटिक एंड एलाईड ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स), मनीष जैन (कैल्विन नैचुरल मिंट), अभिनव (हाइड एंड सूटोर एक्जिम लेदर प्रोडक्ट्स), संदीप झावर (अंजनी नंदन पैकेजिंग) और हर्षित गोयल (एचएनवी फार्मा मेडिकल गुड्स) जैसे निर्यातक अपने नए और आधुनिक प्रोडक्ट्स लेकर अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतरेंगे।

## एक नजर

# एसएसपी के आदेश पर बाइक सवार पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम मदनापुर में बीती 16 सितंबर को बाइक की टक्कर से घायल हुए तीन वर्षीय बालक के पिता की शिकायत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकद्दमा दर्ज किया है।

ग्राम मदनापुर निवासी रियासत खां ने एसएसपी को शिकायत कर बताया कि उनका तीन वर्षीय पुत्र अयान अपने पड़ोस में रहने वाले ताऊ के घर से आ रहा था। तभी सामने से तेज गति से आ रही बाइक ने उसके टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने उनका पुत्र बुरी तरह घायल हो गया था स इसकी शिकायत उन्होंने थाना पुलिस से भी की था परन्तु कोई भी कार्यवाही नहीं हुई थी। थक हार कर घायल बालक के पिता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की गुहार लगाई थी।

# महिला के साथ मारपीट, देवर-देवरानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बाइक के पैसे मांगने आए देवर और देवरानी ने महिला के साथ मारपीट की, जिससे वह चुटैल हो गई। महिला ने देवर देवरानी के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पीड़िता महिला गायत्री पत्नी राजू निवासी मोहल्ला शाहगढ़ का कहना है कि बीती रात वह अपने दरवाजे पर खड़ी थी, तभी उसका देवर नन्हे मोटरसाइकिल के रुपये मांगने को लेकर उसके पास आया और रुपये मांगने लगा। तब उसने कहा कि बैठ कर बात कर लो, लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार नहीं हुआ, और उसने उसे मां बहिन की गन्दी-गन्दी गालियां देने लगा। जब उसने गालियों का विरोध किया तो उक्त नन्हे व नन्हे की पत्नी वंदना यह दोनों उसे लातो-घूसों व डन्डे से पीटने लगे। वन्दना ने उसके सिर में डन्डा मार दिया। उसे पीटता देख आसपास के लोग आ गये और उक्त दोनों से उसे बचाया। पिटाई से उसके सिर में चोट आयी हैं, उक्त दोनों देवर व देवरानी ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। घटना के बाद वह अपने ससुर मिश्री लाल के साथ थाने रिपोर्ट दर्ज पहुंच गई। जिसपर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# शान्ति व्यवस्था को पुलिस ने निकाला मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधिक प्रवृति के लोगों को चेतावनी देने के उद्देश्य से आज बुधवार को शीशगढ़ पुलिस ने कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला।

प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाने से फ्लैग मार्च थाने से शुरू होकर बिलासपुर बस अड्डे, मोहल्ला गोड़ी होते हुए नगर पंचायत कार्यालय के सामने से गुजरता हुआ बरेली बस अड्डे पर पहुंचा।

बरेली बस अड्डे से वापस मोहल्ला पड़ाव से गुजरता हुआ थाने पर जाकर समाप्त हो गया। फ्लैग मार्च निकलकर पुलिस ने यह संदेश दिया कि पुलिस हर जगह मुस्तैद है।



# दहेज की मांग पूरी न करने पर तीन तलाक, ससुरालजनों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** दहेज की मांग पूरी न करने पर एक युवक ने अपनी पत्नी को तलाक दे दिया। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

एक युवती ने अपनी ससुराल वालों पर दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकालने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। अनम पुत्री रईस अहमद का कहना है कि उसकी शादी एक वर्ष पूर्व जुलाई में मुस्लिम रीति रिवाज से दानिश पुत्र अब्दुल वहीद निवासी ग्राम तुरकुनिया थाना अमरिया जिला पीलीभीत से हुई थी। शादी के बाद से ही पति दानिश, सास अनीसा, ससुर अब्दुल वहीद, ननद यासमीन, परवीन, उसरा व देवर नासिर शादी के कुछ दिन बाद से दहेज में मोटर साईकिल व नगद 25 हजार रूपये की मांग करने लगे, और मांग पूरी न होने पर उसके साथ गाली गलौच करते थे, प्रताड़ित करने लगे, वह कुछ दिन तक तो अपना घर बनाने की वजह से सबकुछ सहती रही, तथा 1 सितंबर को समय करीब शाम के 06 बजे उक्त सभी लोग एकराय होकर उसको दहेज को लेकर मारपीट कर घर से भगाने लगे, तभी उसने उक्त लोगों से कहा कि उसे घर से मत निकालो, वह दहेज के लिए तुम्हारा जुर्म सहती आ रही हूं, फिर भी तुम लोग मुझे घर से निकालना चाहते हो।

उसके पति से उक्त सभी लोगो ने कहा कि इसको तलाक दे दो, तब उसके पति दानिश ने उक्त सभी लोगों के कहने से एक ही बार में एक साथ तीन बार तलाक कह दिया। उसको तीन तलाक देने के बाद उसका देवर नासिर उसका हाथ पकड़कर घर से निकालने लगा, तभी वह चीखने चिल्लाने लगी। चीख पुकार सुनकर गांव के अन्य लोग आ गये, जिन्होंने उक्त लोगों को ललकारा तभी उसका पति उसको पकड़कर जबरन मोटर साईकिल पर बैठाकर फरीदपुर चौकी से आगे मढ़ी पर खाली पहने कपड़ों में छोड़कर चला गया, तथा उक्त सभी लोगों ने शिकायत करने पर जान से मारने की ऐलानियां धमकी दी है। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति दानिश पुत्र अब्दुल वाहिद, अनीसा पत्नी अब्दुल वाहिद, अब्दुल वाहिद, यास्मीन, परवीन, उसरा, नासिर पुत्र अब्दुल वाहिद निवासी तुरकुनिया थाना अमरिया जिला पीलीभीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मोहम्मद हैदर बने केसीएमटी 2025 के मिस्टर फ्रेशर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** कस्बा निवासी मोहम्मद हैदर को केसीएमटी कॉलेज में 2025 का मिस्टर फ्रेशर घोषित किया गया।

मिस्टर फ्रेशर की प्रतियोगता में अनेक छात्रों ने भाग लिया था। जिसमें सबको पछाड़ते हुए मोहम्मद हैदर बाजी मार ले गए। ज्ञात रहे कि इससे पूर्व लखनऊ के अटल बिहारी बाजपाई मेमोरियल इंटर नेशनल यूथ सेंटर हुसैनाबाद में हुई सीनियर स्टेट ताईक्वांडो प्रतियोगता में भी श्री हैदर प्रथम पुरस्कार पा चुके हैं।

बता दें कि मोहम्मद हैदर सेंथल नगर पंचायत के सफाई नायक रईस हैदर के पुत्र हैं। बच्चे की कामयाबी पर कस्बे के लोगों ने हर्ष व्यक्त कर मुबारकबाद दी। सेंथल नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज शानू ने छात्र मोहम्मद हैदर की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि मोहम्मद हैदर सेंथल का गौरव और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत्र हैं। साथ ही उन्होंने छात्र को हर संभव मदद देने का वायदा भी किया। इधर केसीएमटी कॉलेज के जनरल डायरेक्टर डॉक्टर अमरेश कुमार व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर विनय खंडेलवाल व डॉक्टर आरके सिंह प्रिंसिपल व डॉक्टर मोनिका सक्सेना व डॉक्टर शालिनी गुप्ता ने उपहार भेट किया और बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बाइक में घुसे आवारा पशु ने व्यापारी को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** नगर क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। बुधवार को पुलिस चौकी के बराबर में अपनी दुकान पर जा रहे अंसारी मोहल्ला निवासी कपड़ा व्यापारी मोहम्मद तौहीद की बाइक के सामने अचानक से आवारा पशु ने हमला कर दिया इस दौरान व्यापारी मोहम्मद तौहीद बाइक सहित गिरकर चोटिल हो गया। आसपास के लोगों ने किसी तरह उसे पशु से बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। व्यापारी मोहम्मद तौहीद का एक्सरा होने पर उनके पैर की दो अंगुली टूटी व हाथ में चोट लगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि कस्बे की गलियों और मुख्य सड़क पर कई दिनों से आवारा पशु खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत प्रशासन से बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आवारा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए।

# कस्बे में दरगाह हाजी बाबा के उर्स में कुल शरीफ की रस्म हुई अदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में दरगाह हाजी बाबा के 41वें सालाना उर्स में बुधवार को कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। फज्र की नमाज के बाद शुरू हुए कार्यक्रम में अकीदतमंदों ने चादरपोशी व गुलपोशी कर मुल्क की खुशहाली की दुआ मांगी।

अजमेर शरीफ से आए सज्जादा नशीन गफ्फार मियां ने चादर व फूल पेश कर फातहा पढ़ी। महफिल में वच्चा कव्वाल ने कलाम पेश किए। कमेटी प्रबंधक साहिल अंसारी ने कहा कि सूफी



परंपरा कौमी एकता की मिसाल है। इस मौके पर सरदार अंसारी, हसनैन, कलीम, असलम कव्वाल, रियाज अहमद व बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जनसुविधा केन्द्र संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**■ तहसीलदार की कार्यवाही से दूसरे केन्द्र संचालकों में मची खलबली**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** फर्जी ढंग से आय और जाति प्रमाण पत्रों को जारी किए जाने की मिली शिकायत पर 22 सितम्बर को तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह ने तहसील गेट की दूसरी मंजिल पर बनी दुकानों में संचालित एक जनसुविधा केन्द्र पर छापा मारा था, जबकि एक संचालक अपना केन्द्र बन्द कर फरार हो गया था।

नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह ने खुले मिले जनसुविधा केंद्र से कुछ अभिलेख, मोहरें और लैपटॉप आदि को कब्जे में ले लिया था। नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह और उनके कर्मियों द्वारा लैपटॉप को खोलने का भरसक प्रयास किया लेकिन वह ओपन नहीं हो सका था।

इस मामले में तहसील की टीम ने जांच की, जिसमें कई फर्जी प्रमाण पत्र जारी किए जाने का खुलासा हुआ। जिसपर नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट तहसीलदार को प्रेषित की। जिसपर तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने जनसुविधा केन्द्र का लाइसेंस निरस्त करने का पत्र संबंधित अधिकारियों को भेजा है। इसके साथ ही तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने इस मामले में केन्द्र संचालक नेमचंद्र पुत्र नारायन दास और उसके सहयोगी विजय कुमार के खिलाफ थाना नवाबगंज में धोखाधड़ी सहित कई संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जांच के दौरान तहसील की टीम को क्षेत्र के गांव मुड़िया भीकमपुर के रामौतार पुत्र विद्याराम के नाम पर 21.12.2021 को जारी किए गए जाति प्रमाण पत्र पर महेन्द्र प्रताप सिंह तहसीलदार के डिजिटल हस्ताक्षर अंकित पाए गए, जबकि वह इस समय इस पद पर तहसील में तैनात ही नहीं थे।

4.2.2025 को कस्बे की बगिया मोहल्ला की रहने वाली रुखसाना पत्नी बबलू का जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है, जिसमें अरविन्द कुमार सिंह के डिजिटल हस्ताक्षर पाए गए, जबकि इस समय वह खुद तहसीलदार के पद पर तैनात हैं। इसके साथ ही ग्राम बहोरनगला की बसंती देवी पत्नी गांधी उपनारायन का जाति प्रमाण पत्र 21.12.2022 को जारी किया गया, जिसमें मौजूदा तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह के डिजिटल हस्ताक्षर अंकित किए गए थे, जबकि वह इस समय तहसील में तैनात ही नहीं थे।

# महाभारतकालीन लीलौर झील में डूबकर किशोर की मौत





**■ कड़ी मशक्कत के बाद 15 घंटे बाद मिला शव**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** रामनगर स्थित महाभारतकालीन लीलौर झील (यक्ष सरोवर) में डूबकर लीलौर बुजुर्ग निवासी जितेंद्र उर्फ भूरा (16 वर्ष) की मौत हो गई। गोताखोरों की मदद से बुधवार सुबह किशोर का शव झील से बाहर निकाला जा सका। पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित की जा रही इस झील पर सुरक्षा के इंतजाम नहीं है। इसको लेकर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश है।

मृतक के पिता नरेश कुमार सिंह ने बताया कि उनका बेटा जितेंद्र मंगलवार को दोपहर दो बजे स्कूल से आया था। बैग रखने के बाद वह घूमने जाने की बात कहकर घर से निकल गया। देर शाम तक जब वह लौटकर नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू की गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला।

रात करीब डेढ़ बजे ग्रामीणों को जितेंद्र के कपड़े व चप्पलें झील के किनारे रखे मिली। अनहोनी की आशंका पर परिजनों ने तत्काल सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया। सुबह करीब छह बजे किशोर का शव झील से बाहर निकाला गया। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया।

लीलौर झील को पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित किया जा रहा है। झील का सुंदरीकरण होने के साथ ही यहां स्टीमर भी चलाया जा रहा है। पर्यटकों की संख्या भी बढ़ी है। इसके बाद भी यहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि कोई टोकने वाला न होने से छोटे-छोटे बच्चे भी नाव लेकर झील में उतर जाते हैं। ऐसे में हादसे की आशंका हर समय बनी रहती है। उन्होंने मांग की कि यहां चौकीदार तैनात किया जाए।

# पीड़ित से रिश्वत लेने वाले देवरनियां थाने का दरोगा सस्पेंड

**■ पीड़ित से रिश्वत लेते वीडियो हुआ था वायरल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** एसएसपी अनुराग आर्य ने देवरनियां थाने के दरोगा सतीश कुमार को निलंबित कर दिया है। दरोगा पर आरोप है कि उसने मेडिकल स्टोर संचालक पीतम सिंह से रिश्वत ली थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पीतम सिंह का आरोप है कि दरोगा ने पूर्व विधायक के पौत्रों मयंक वर्मा और शशांक वर्मा से मिलीभगत कर मामले को कमजोर करने की कोशिश की और रिश्वत भी ली।

मेडिकल स्टोर संचालक पीतम सिंह ने आरोप लगाया है कि पूर्व विधायक के पौत्र मयंक वर्मा और शशांक वर्मा उससे रंगदारी मांग रहे थे, और जब उसने रंगदारी नहीं दी तो उसकी दुकान पर हमला कर दिया गया और आगजनी की गई। इस मामले में थाना देवरनियां का दरोगा सतीश कुमार विवेचना कर रहा था। आरोप है कि उसने आरोपियों से मिलीभगत कर मामले को कमजोर करने की कोशिश की और रिश्वत भी ली।







एसएसपी अनुराग आर्य ने दरोगा सतीश कुमार को निलंबित करने के साथ ही स्पष्ट कर दिया है कि पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दरोगा का रिश्वत का वीडियो वायरल होने के बाद से ही दरोगा थाने से ही गायब हो गया है। एसएसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

यहां बता दें कि देवरनियां थाने का इतिहास विवादों से भरा रहा है। इससे पहले भी इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा के कार्यकाल में कई दरोगा और पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई हो चुकी है। थाने के कई पुलिस कर्मियों को निलंबित किया जा चुका है, जिससे पूर्व में थाने की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते रहे हैं। अब एक बार फिर दरोगा की बर्खास्तगी ने थाने की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

हालांकि, जब से मौजूदा थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने थाने का चार्ज संभाला है, तब से थाने के पुलिस कर्मियों में काफी हद तक सुधार हुआ है। उनकी नेतृत्व क्षमता और ईमानदारी की वजह से थाने की कार्य प्रणाली में सकारात्मक बदलाव आया है। आशुतोष द्विवेदी की देखरेख में पुलिस कर्मियों ने कई सफल ऑपरेशन चलाए हैं, और अपराधियों पर नकेल कसी है। उनकी काबिलियत और कर्तव्यनिष्ठा की वजह से थाने की छवि में सुधार हुआ है।

# पुलिस ने नाजायज देशी बंदूक व जिन्दा कारतूस के साथ युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** अपराधियों पर नकेल कसने के अभियान के तहत थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल हुई। पुलिस ने रहपुरा अंडरपास से खाली पड़े मैदान के पास से जोगेंद्र पुत्र भजन लाल निवासी ग्राम भोलापुर थाना फतेहगंज पश्चिमी को एक नाजायज देशी बन्दूक दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी युवक को संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार, एसआई प्रदीप कुमार शामिल रहे।



# दर्जनों ईओ का वेतन अग्रिम आदेश तक बाधित

**■ फैमिली आईडी का लक्ष्य पूरा न करने पर हुई कार्रवाई**

**■ डीएम की कार्रवाई से मची खलबली**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विगत दिनांक 18 सितम्बर 2025 को आयोजित फैमिली आईडी की प्रगति समीक्षा बैठक में समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को माह सितम्बर 2025 के 28 तारीख तक प्रत्येक दशा में 1000 नये फैमिली आईडी के आवेदन करवाने के साथ ही गूगल शीट बनवाकर प्रतिदिन की फैमिली आईडी की प्रगति की मानीटरिंग करने के निर्देश दिये गये थे।



फैमिली आईडी के आवेदन हेतु प्रत्येक निकाय को 1000 का लक्ष्य दिया गया है, जो निकायों द्वारा पूर्ण नहीं कराया जा रहा है। जिससे स्पष्ट है कि अधिशासी अधिकारी अपने दायित्वों के प्रति उदासीन एवं लापरवाह हैं।

अतः फैमिली आईडी का लक्ष्य समय से पूर्ण न किये जाने के कारण अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आंवला जितेन्द्र कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फरीदपुर पुनीत कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहेड़ी शशि प्रभा चौधरी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नवाबगंज आरआर अम्बेश, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ठिरिया निजावत खां सपना भारद्वाज, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिरौली आर०एन० तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत देवरनियां अंकित गंगवार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी पुष्पेन्द्र सिंह राठौर, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत धौरा टांडा संदीप चन्द्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सेंथल त्रिभुवन नारायन मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मीरगंज प्रियंका तथा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शीशगढ़ दुर्गेश सिंह का वेतन अग्रिम आदेश तक बाधित किया गया है।

# हरदुआ गांव में मिले गौवंश के अवशेष, पशु चिकित्सा अधिकारी ने लिया सैंपल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव हरदुआ किफायतुल्ला में वुधवार को गौवंश के अवशेष मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और पशु चिकित्सा अधिकारी ने स्थल पर पढ़े अवशेष के सैंपल लेकर जांच को भेजा है, तो पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है। बुधवार को गांव के हरिओम गंगवार के तालाब के निकट प्रतिबंधित गौवंश का एक सींग और बड़ी तादात में खून पढ़ा होने की जानकारी गांव के लोगों को मिली, जिसकी जानकारी उन्होंने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पशु चिकित्सा अधिकारी को घटना स्थल पर बुलाया।पुलिस ने मिले गौवंश के अवशेष को वहीं दफना दिया, जबकि पशु चिकित्सा अधिकारी ने मिले खून का सैंपल लेकर जांच को आईवीआरआई भेजा है। दूसरी ओर पुलिस इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

# डीएम के सामने आरिफ ने उठाया रिछा में नए बिजली घर का मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** चावल की खुशबू बिखेरने वाली चावल नगरी रिछा इंडस्ट्रियल राइस मिलर ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ ने जिला उघोग बंधु की बैठक में डीएम के सामने इंडस्ट्रियल के लिए नये बिजली घर समेत विकास के तमाम मुद्दों को रखा।

डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिला उघोग बंधु की बैठक आयोजित हुई, इसमें रिछा राइस मिलर ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ ने बिजली घर की समस्या को दूर करने के लिए बिजली से संबंधित मुद्दे रिछा इंडस्ट्रियल के लिए नये बिजलीघर बनाने, शेष इंडस्ट्रियल लाइन को अंडर ग्राउंड करने, रिछा इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क, नाली, रोड से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड पीडब्लूडी बरेली, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रिछा, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत बरेली से विभिन्न मुद्दों पर वार्ता की।

# आजम खान को सियासत से पहले अपनी सेहत का रखना चाहिए ध्यान: नकवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने रामपुर में शंकरपुर स्थित अपने आवास पर आजम खान के विषय पर पूछे गए सवाल का उत्तर देते हुए पत्रकारों से कहा कि उनको सियासत से पहले अपनी सेहत की चिंता करनी चाहिए।

उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि वैसे तो आज कल सियासी किसका सफर कब किधर का हो जाए, किधर का दिखता रहे और किधर का हो जाए।



जहां तक उनका सवाल है समाजवादी वसूल के साथ उनका सियासी वजूद बावस्ता है। यह उन पर निर्भर करता है कि वह कौन सा राजनीतिक फैसला करते हैं, मुझे इस पर कोई भी टिप्पणी नहीं करनी।

पत्रकारों के आई लव यू मोहम्मद विवाद पर पूछे सवाल का जवाब देते हुए नकवी ने कहा कि मुल्क मेरी अस्मिता है, और मुसलमान के नाते मोहम्मद साहब मेरी आस्था हैं। आई लव यू माय मुल्क, आई लव यू माय मोहम्मद। पर विवाद नहीं है, विवाद प्रदर्शन के पाखंड पर है। यह आस्था और अस्मिता का प्रश्न है।

आस्था और अस्मिता की ताकत को अराजकता की आफत नहीं बनने देना चाहिए। इस तरह के प्रदर्शन के जरिए आस्था और अस्मिता को उद्दंडता और अराजकता का बंधक बनाने की कोशिश से बाज आना चाहिए। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी आज दोपहर बाद रामपुर पहुंचे। कोसी पुल पर रामपुर में प्रवेश के वक्त भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका फूल, हार, माला और पटका पहनकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, राकेश मिश्रा, महासिंह राजपूत, टेकचंद गंगवार, पंकज लोधी, मोहन लोधी, कपिल आर्य, सोनू लोधी, अर्जुन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, अनुज सक्सेना, आकाश सक्सेना, अजय सैनी, विक्रम सिंह, मोनू चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# दो साल बाद जेल से रिहा हुए आजम खान, बोले मैं छोटा आदमी हूं, अकेला लौट आया हूं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता मोहम्मद आजम खान दो साल बाद सीतापुर जेल से रिहा हुए। बाहर निकलते के बाद मीडिया से मुखातिब आजम खान का अंदाज पहले जैसा ही बेबाक और चुटीला रहा। उन्होंने कहा कि अभी तो मुझे यह सोचने का मौका भी नहीं मिला है कि मैं छोटा-सा आदमी हूं, अकेला लौट आया हूँ।

जब पत्रकारों ने उनसे सपा प्रमुख अखिलेश यादव को लेकर सवाल किया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि अखिलेश यादव बड़ी पार्टी के बड़े नेता हैं, मेरे जैसे छोटे नेता नहीं। लेकिन, जब मीडिया ने आगाह किया कि क्या दोनों नेताओं के बीच अब खटास बढ़ रही है, तो उन्होंने साफ कहा आग मत लगाओ।



जब आजम खान से पूछा गया कि क्या वे बहुजन समाज पार्टी की ओर रुख कर सकते हैं, तो उनका जवाब स्पष्ट था कि हमारे पास एक चीज है जिसे चरित्र कहते हैं। इसका मतलब यह नहीं कि हम पार्टी बदल लें। लोग हमें प्यार और इज्जत दें, वही काफी है।

मीडिया ने सवाल किया कि क्या अखिलेश यादव का कॉल आया? इस पर आजम खान ने हंसते हुए कहा कि आप यकीन मानिए, मुझे पूरी दुनिया में सिर्फ एक नंबर याद था और वह मेरी बीवी का था। मैं मोबाइल चलाना ही भूल गया हूं। पांच साल जो इंसान मोबाइल से दूर रहा हो, उसे नंबर याद कैसे रहेंगे?

जब 2027 के विधानसभा चुनावों और समाजवादी पार्टी की संभावनाओं पर सवाल किया गया तो आजम खान ने दो टूक कहा मैं कोई भविष्यवाणी नहीं कर सकता।

दो साल की जेल यात्रा के बाद आजम खान की वापसी ने रामपुर और सपा की राजनीति में नई हलचल जरूर पैदा कर दी है। हालांकि, उनका सधा हुआ अंदाज और टालने वाले जवाब साफ संकेत दे रहे हैं कि फिलहाल वे किसी बड़े राजनीतिक बयान से बचना चाह रहे हैं।

# डेंटल मशीन का संचालन कर भाजपा नेता ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** बुधवार को स्वास्थ्य केन्द्र स्वार पर दांतो के मरीजों की बीमारी के इस्तेमाल में आने वालों उपकरण का स्वार अस्पताल को जिला अस्पताल से मिलने पर उसका स्वार स्वास्थ्य केंद्र मुख्य अतिथि भाजपा के जिला मंत्री महेंद्र सैनी ने फीता काटकर उद्घाटन या इस दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ अजीम अहमद, राकेश कुमार शर्मा, अमित चन्द्रा, प्रशान्त शर्मा, पृथ्वीराज पाल सुरेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# ज्वाला नगर में धूमधाम के साथ निकली राम बारात, बारातियों ने किया जमकर नृत्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ज्वाला नगर में चल रहे श्रीराम लीला महोत्सव मे बुधवार का दिन ऐतिहासिक और अविश्वसनीय बन गया, जब पूरे धूमधाम और वैभव के साथ भव्य राम बारात का आयोजन किया गया। शिव मंदिर ज्वाला नगर से निकली यह दिव्य बारात रामलीला के भव्य मंच तक पहुंची। राम बारात का शुभारंभ मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना द्वारा फीता काटकर किया गया।

राम बारात संयोजक विशाल शर्मा, सह संयोजक रवि त्रिपाठी उपस्थित रहे। बारात में आकर्षण का केंद्र रही चार सजी-धजी बग्गिया, जिन पर भगवान श्रीराम उनके भाई और गुरु विश्वामित्र विराजमान थे। उनके स्वागत के लिए सजे-धजे द्वार,



रंग-बिरंगी झालरों से सजी गलियां और चारों ओर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने इस यात्रा को दिव्य और यादगार बना दिया। ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजे की धुन पर बाराती नृत्य करते हुए झूम उठे। महिलाएं मंगलगीत गाती नजर आई तो बच्चों की टोली जयकारे लगाती दौड़ती-फिरती दिखी।

इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, विशाल शर्मा, रवि त्रिपाठी, डॉ तेजवीर यादव, त्रिभुवन पंडित, अनुज सक्सेना, आशु गुप्ता, संजू बाबा, डॉ अनिल सक्सेना, मोर्हित मल्होत्रा, चितरंजन श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, शकुंतला लोधी, श्वेता शर्मा, संजू प्रजापति, नवनीत सक्सेना, अन्नु गंगवार, पीयूष कुमार, देवेश गुप्ता, रामेंद्र गुप्ता, दिनेश कश्यप, पुनीत अग्रवाल, अन्नु सक्सेना, अरुण कीर्ति सक्सेना, धर्मवीर यादव, संजीव दयाल सक्सेना, प्रेमपाल यादव, विनोद कश्यप, विक्की सक्सेना, अनुज यादव, राजेश नायक, रवि रामपुरी, जगन सिंह लोधी, सोनू शर्मा, राजीव लोचन, मिंटू गुप्ता, राहुल शर्मा, मक्खन लाल सैनी, ओपी सक्सेना, अखिलेश बिसारिया, सचिन सिंह, संतोष प्रसाद आदि समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सीओ स्वार ने मिशन शक्ति अभियान की जानकारी छात्राओं को दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** बुधवार को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंर्तगत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलबन के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान अंतर्गत क्षेत्राधिकारी स्वार अतुल कुमार पांडेय द्वारा गर्ल्स इंटर कालेज में उपनिरीक्षक नीलम द्विवेदी चौकी प्रभारी मनोज मिश्रा एव शक्ति दीदी अमरवती के साथ इंटर कालेज नरपत नगर में जगरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में छात्राओं को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा से सम्बंधित कानून, महिला हेल्प लाइन,1090आपातकालीन सेवा 112 चाइल्ड हेल्प लाइन1098 तथा साइबर हेल्पलाइन1930 की विस्तार से जानकारी दी गई।साथ ही उन्हें साइबर अपराध सोशल मीडिया पर होने वाले अपराध छेड़छाड़ एवं शोषण से बचाव के उपाय तथा आत्मरक्षा के महत्व पर जागरूक कर छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सजग आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने हेतु प्रेरित किया गया।

# आईआईए ने उद्योगों को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की मांग उठाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विकास भवन के सभागृह में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने आई आई ए के अनुरोध एवं विभागीय दौरे पर रामपुर में उद्यमिओं कई मीटिंग ली।

मीटिंग में आई आई ए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने रामपुर में विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याएं प्रभावी रूप से रखीं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की कार्यप्रणाली को सुस्त बताया और कहा कि उनकी गति कम है। वोह कार्य के महत्व को महत्त्वता नही देते।

चेयरमैन ने रामपुर में उद्योगों को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति न मिलने, बार बार ट्रिपिंग, रोस्टिंग आदि के मुद्दे उठाए।

उन्होंने बरेली रोड,भमरब्बा रोड ,बिलासपुर की इंडस्ट्री को अत्यधिक पीड़ित बताया। होटल इंडस्ट्री को उद्योग घोषित होने के बाद भी उनसे बणिज्यिक बिजली की दर चार्ज करने का विषय भी रखा। स्वाति मेंथोल से एस के गुप्ता , शशिकांता मेटल कास्ट के श्री राम कुमार अग्रवाल



,जीरो फुट प्रिंट के अनुराग अग्रवाल, सतेंद्र पारुथी, विमल मिश्रा ने अपनी समस्याएं रखीं।

प्रवंध निदेशक ने सभी संबंधित अधिकारियों को यथा शीघ्र सभी समस्याओं के समाधान के कड़े निर्देश किये। मीटिंग में विभाग के डायरेक्टर टेक्निकल एन के मिश्रा ,डायरेक्टर कमर्शियल संजय जैन एवं सभी प्रमुख विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मीटिंग में आई आई ए के वाईस चेयरमैन मनोज गुप्ता सचिव मनोज गर्ग, व्यापार मंडल से शैलेन्द्र शर्मा ,संदीप सोनी, मेहुल अग्रवाल उपस्थित रहे।

# फत्तेपुर गांव में मस्जिद के निर्माण में पुलिस ने 40 लोगों पर की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर।** धमोरा थाना शहजाद नगर क्षेत्र के फतेहपुर गांव में बीते दिन मंगलवार को ग्रामीणों ने मस्जिद में निर्माण कार्य शुरू कराया। जिसमें मीनार को बनाने का कार्य चालू हुआ था दूसरे संप्रदाय के लोगों ने मस्जिद में हो रहे निर्माण कार्य की सूचना डायल 112 पुलिस को दी जैसे ही डायल 112 पुलिस फतेहपुर मस्जिद पर पहुंची तो आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग गई। कुछ ही देर में डायल 112 द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर थाना पुलिस भी पहुंच गई और मस्जिद में हो रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया। इसके बाद दोनों समुदाय के लोगों में मामले को लेकर ग्रामीणों में चर्चा का विषय बन गया। कुछ लोग मामले की जानकारी को लेकर थाने पहुंचे और थाना पुलिस से निर्माण कार्य के बारे में जानकारी की। इस निर्माण कार्य को कुछ समय पहले 2022 में निर्माण कार्य होने के उपरांत सूचना पर पहुंचे उप जिला अधिकारी ने रुकवा दिया था। अब दोबारा निर्माण कार्य होने पर दो समुदाय के लोगों में तनाव था जिसको सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शान कर दिया है तथा थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले का जायजा ले रही है। गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है, इस मामले में थाना क्षेत्र के हलका इंचार्ज दूधनाथ यादव ने बताया कि शांति भंग करने के मामले में लगभग 40 लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार ने बताया की दो संप्रदाय के बीच धार्मिक स्थल का निर्माण करने की सूचना पर डायल 112 पहुंची थी डायल 112 की सूचना पर थाना पुलिस ने निर्माण कार्य को रुकवा कर मामले को शांत कर दिया है।

# राजकीय इंटर कॉलेज टांडा में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज में एक श्स्वच्छता ही सेवाश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कॉलेज की छात्र/छात्रों ने स्वच्छता के प्रति शपथ ली, एवं रंगोली बनाने के साथ ही स्वच्छता मैराथन का आयोजन भी किया गया।

यह कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा के निर्देशन में आयोजित हुआ जिसमे प्रधान लिपिक धनीराम सैनी, लेखा लिपिक शुभम भारती , विद्यालय प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार भास्कर एवं पालिका व विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहे।

इसके अलावा ईओ वंदना शर्मा द्वारा नगर के वार्ड नम्बर एक व तीन में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण



किया गया।

कई जगह नालियों में गंदगी भरी होने पर मौके पर सफाई कर्मियों से नाली की सफाई कराई गई।इस दौरान ईओ ने लोगों को सूखा और गीला कूड़ा के बारे में जानकारी दी।

# टाइगर क्लब ने झील क्लब को 2-0 के गोल के अंतर से मैच हराकर फाइनल में प्रवेश किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** नगर में मंसब अली स्पोर्टस स्टेडियम में चल रहे खान खान कप फुटबाल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच में टाइगर क्लब ने झील क्लब को 2-0 के गोल के अंतर से मैच हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

मैच शुरू होते ही दोनों टीमों ने ताबड़तोड़ आक्रमण करते हुए गोल करने के भरपूर प्रयास किए। जिसमें 15 वें मिनट में टाइगर क्लब के खिलाड़ी मोहम्मद सऊद ने अपनी टीम के लिए गोल किया।

पहले हाफ के खेल तक टाइगर क्लब एक गोल की बढ़त के साथ मैच में आगे था। दूसरे हाफ में टाइगर क्लब के खिलाड़ी अजहर ने



दूसरा गोल कर टाइगर क्लब ने 2-0 के गोल के अंतर से यह मैच जीत कर खान कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। बृहस्पति वार को टाइगर क्लब और यूनाइटेड क्लब के साथ फाइनल मैच होगा। टाइगर क्लब अनुभवी खिलाड़ियों के साथ एक परिपक्व टीम है, तो झील क्लब एक नए युवाओं वाली अनुभवहीन टीम है। लेकिन मैच में झील क्लब ने स्टेडियम में मौजूद दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी और अपने प्रदर्शन से दिल जीता।

मैच का श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार टाइगर क्लब के खिलाड़ी मोहम्मद सऊद को मुख्य अतिथि पूर्व खिलाड़ी रिजवान कुरेशी द्वारा दिया गया।

मैच रेफरी सगीर गुड्डू तथा लाइन मैन जुबैर आलम जैद रहे।

कमेंट्रेटर की भूमिका मुहम्मद सईद सागर, जहीर जिया और वसीम अकरम ने निभाई। इस मौके पर आयोजकों में मु० दाऊद, सगीर गुड्डू, शहाबुद्दीन, राहत अली, जुबैर आलम, ताहिर बफन ,महफूज मुन्ना, हाजी मुबीन, शमशुज्जुहा, कारी रिजवान, जैद कुरैशी, अलकमा अमान, अनीस परवेज और मौलाना शाह फहद आदि मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आजम खान की रिहाई की खुशी में मिठाई बांटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर।** समाजवादी के पूर्व सांसद आजम खान को 23 महीने के बाद जेल से रिहाई होने की खुशी में समाजवादी पार्टी के समर्थकों ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशियों का इजहार करते हुए लोगों को लड्डू बाटकर खुशी मनाई।

धमोरा में गेंदन लाल गुप्ता उर्फ राजू भैया आजमवादी युवा नेता ने अपने साथियों के साथ मोहम्मद आजम खान की रिहाई की खुशी में लोगों को लड्डू बनते हुए खुशी का इजहार किया। जिसमें सभी समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए लोगों ने एक दूसरे को लड्डू



खिलाए और खुशी जाहिर की। इस मौके पर हनीफ दादा ,आजम कुरैशी, इब्राहिम ,नाहिद भाई, मुस्तफा, पूरनलाल, जमील, असलम वजीर अहमद सैफी, केशव दत्त शर्मा, बालक राम ,नत्थू लाल, पवन तिवारी ,सहित और अन्य लोग मौजूद रहे।

## घर की छत पर बैठे खाना खा रहे व्यक्ति पर चाकू से किया हमला थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर निवासी राजकुमार पुत्र भान सिंह मोहल्ला जाटवों वाला थाना सैफनी जनपद रामपुर ने थाने में दी तहरीर में कहा कि बुधवार की शाम प्रार्थी अपनी छत पर बैठकर खाना खा रहा था। तभी अचानक संजीव पुत्र करन सिंह और इसकी मां सुमन गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए झगड़ा व मारपीट करने के लिए मेरी छत पर ही खाना खाते समय मेरे पास आ गए। प्रार्थी ने बताया कि संजीव के पास एक चाकू था मेरे पास आते ही कहने लगा कि आज तेरी गर्दन काटकर तुझे ठिकाने लगाऊंगा प्रार्थी कुछ समझ पाता संजीव ने तुरंत ही मेरे ऊपर चाकू से वार कर दिया। प्रार्थी ने चाकू रोकने की कोशिश भी की तब तक चाकू मेरे कान के पास लग गया जिससे प्रार्थी घायल हो गया। जिसकी तहरीर थाने में देकर संजीव ओर उसकी मां सुमन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की है।

# युवती को पहले दिया शादी का झांसा दूसरी जगह कर रहा है शादी

## एसएसपी बरेली से शादी रुकवाने को दिया प्रार्थना पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** पहले शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण अब दूसरी जगह कर रहा है शादी पीड़ित युवती ने एसएसपी बरेली को प्रार्थना पत्र देकर शादी रुकवाने की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनेली उत्तरी निवासी एक युवती ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली को एक प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें कहा कि वह बरेली में किराए के एक रूम पर रहकर एक प्राइवेट हॉस्पिटल में नौकरी करती हैं। ललित उर्फ अजय निवासी ग्राम गंगापुर जदीद थाना मिलक जनपद रामपुर पेशे से एम. आर है इस कारण ललित उर्फ अजय का अस्पताल में आना जाना था। तभी से ललित उर्फ अजय ने अप को शादी का झांसा देकर युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और यवती को अपने कमरे पर ले जाकर नशीला पदार्थ पिलाकर इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया। जब युवती ने शादी के लिए कहा तो ललित उर्फ अजय ने शादी से इनकार कर दिया इस संबंध में युवती ने 21 जून 24 को कोतवाली में तहरीर दी जिसमें ललित उर्फ अजय भूदेव प्रेमवती तीन के खिलाफ दुष्कर्म सहित गंभीर धारा में रिपोर्ट दर्ज हुई। युवती ने 20 सितंबर को एक प्रार्थना पत्र वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिया है जिसके माध्यम बताया गया है कि ललित उर्फ अजय अपनी शादी 3 अक्टूबर 2025 को कर रहा है अगर यह शादी हो जाती है तो मेरे जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा युवती ने शादी रो. कने की मांग कि तथा कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी में स्काउट- गाइड शिविर का समापन

## स्काउट-गाइड शिविर में बच्चों ने सीखी जीवन कौशल की बारीकियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** भारत स्काउट गाइड त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। भारत स्काउट गाइड संस्था के ट्रेनी जीतू कुमार और नरवंत कौर (जिला संगठन आयुक्त रामपुर) के निर्देशन में कैंप का समापन किया गया।

कैंप में प्रशिक्षु विद्यार्थियों को भारत स्काउट गाइड से संबंधित विभिन्न तरह की जानकारियों से अवगत कराया गया साथ ही विभिन्न विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। विद्यालय में आयोजित स्काउट-गाइड शिविर का तीसरा दिन विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के साथ संपन्न हुआ। शिविर में बच्चों ने टेंट बनाने का अभ्यास किया। साथ ही आपदा प्रबंधन के लिए बिना बर्तन के भोजन बनाना भी सीखा।

प्रशिक्षण में बच्चों को कई महत्वपूर्ण कौशल सिखाए गए। इनमें प्राथमिक चिकित्सा, स्ट्रेचर बनाना, विभिन्न प्रकार की गांठें और बंधन लगाना शामिल था। इसके अलावा दिशाओं का ज्ञान, मीनार और कपास से जुड़ी जानकारी भी दी गई। बच्चों ने सभी गतिविधियों में सेवा, सहयोग और स्वावलंबन की भावना के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्काउट गाइड ट्रेनर ने बच्चों को टेंट लगाने, गैजेट्स बनाने और ध्वज शिष्टाचार की विस्तृत जानकारी के साथ प्राथमिक चिकित्सा, कलर पार्टी और



दिशा ज्ञान से जुड़ी उपयोगी बातें बताई।

विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार पांडे, प्रधानाचार्या डॉ रीना दुबे और कोऑर्डिनेटर एल आर कुशवाहा ने बच्चों के द्वारा लगाए गए टेंट का निरीक्षण किया। प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कृत किया। इस दौरान स्काउट गाइड ट्रेनर का विशेष सहयोग रहा।

आज के कार्यक्रम में टेंट टोलियों के नाम थॉर्नी डेविल टोली, चील टोली, बाज टोली, पैंथर टोली, चीता टोली, वाइल्ड कैट टोली, ईगल आई टोली, किंग ईगल टोली, बुलबुल टोली, मैना टोली थी।

स्काउट गाइड की स्काउट टोली में (बाज टोली) से अजान अली खान, सदस्य: हरित, हृदयांश, नैतिक, अगम, शैलेश, बफी, आर्यन गंगवार, नैतिक गंगवार, हर्ष आदि ने अपनी टोली को विजय होने का स्वाद चखाया और स्काउट गाइड में गाइड विनर वाइल्ड कैट्स टोली रही जिसमें काव्या, सदस्य: अविका, आराध्या मिश्रा, मारिया, अनामिका, अरुणिता, प्रतीक्षा आदि ने अपने अपने हुनर से ग्रुप को जिताया।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ रीना दुबे एवं प्रबंधक मनोज पांडेय भी उपस्थिति रहे। दल प्रमुख हिमांशु शर्मा और सोनिया छाबड़ा का भी विशेष सहयोग रहा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपने पुत्र का नाम पहले PARTH KUMAR रखा था जिसे बदलकर PARTH KUMAR GHATAK कर लिया है भविष्य में मेरे इस पुत्र को PARTH KUMAR GHATAK S/O SUKANTO KUMAR GHATAK के नाम से जाना व पहचान जाए ।

**- सुकांतो कुमार घटक पुत्र अमल चंद्र घटक निवासी मोहल्ला चक स्वार जनपद रामपुर।**

**नाम परिवर्तन सूचना**

पहले मैंने अपनी पुत्री का नाम ANUSKA रखा था जिसे बदलकर ANUSKA GHATAK कर लिया है भविष्य में मेरी इस पुत्री को ANUSKA GHATAK S/O SUKANTO KUMAR GHATAK के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**- सुकांतो कुमार घटक पुत्र अमल चंद्र घटक निवासी मोहल्ला चक स्वार जनपद रामपुर।**

# टूटी सड़कों की तुरन्त कराएं मरम्मत: मलिक

## कैम्प लगाकर बनाए जाएं लोगों के आयुष्मान कार्ड, योजनाओं की दें जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सोमवार को मानो जवाबदे. ही का इम्तिहान बन गई। बैठक की कमान संभाल रहे उत्तर प्रदेश सरकार के वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्यमंत्री श्री के०पी० मलिक ने एक-एक विभाग से जानकारी तो ली ही, साथ ही अधिकारियों को स्पष्ट संदेश भी दिया सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ जनता तक पहुँचना चाहिए, लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं।

राज्यमंत्री ने जल निगम अधिकारियों से गांव-गांव पानी की आपूर्ति का पूरा ब्यौरा लिया। उन्होंने दो-टूक कहा कि पाइपलाइन डालने के बाद टूटी सड़कों को तुरंत दुरुस्त कराया जाए। ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर समस्याओं का हल निकालने पर भी उन्होंने जोर दिया। खराब ट्रांसफार्मर बदलने में देरी पर उन्होंने नाराजगी जताई और पीडब्ल्यूडी द्वारा बन रहे अतिथिगृह व अमरोहाखपाकबड़ा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा करने के निर्देश दिए। 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के आयुष्मान कार्ड कैंप लगाकर बनाए जाने की बात कही। साथ ही टीबी मरीजों की बढ़ती संख्या रोकने के लिए विशेष ध्यान देने की हिदायत दी।प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि कोई भी पात्र परिवार घर से वंचित न रहे। सहकारिता, फसल बीमा और उर्वरक उपलब्धता पर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली गई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना को जनपद में ज्यादा प्रचारित करने की बात कही ताकि युवा स्वरोजगार की ओर बढ़ें। ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जर्जर भवनों में किसी भी हालत में स्कूल न चलें। पंचायत भवनों के बेहतर क्रियान्वयन और स्वच्छ भारत मिशन को और प्रभावी बनाने पर बल दिया। बैठक से पहले मंत्री ने स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया और स्टालों का निरीक्षण किया। खुद बीपी की जांच कराई और कहा सेवा पखवाड़ा जनता तक योजनाएँ पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। बैठक में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री ने अंत में स्पष्ट कर दिया कि अगली समीक्षा बैठक में परिणाम और बेहतर दिखना चाहिए।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में छात्र को लैपटॉप सौंपते प्रभारी मंत्री केपी मलिक।

## 13 पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**अमरोहा**। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर जनपद पुलिस ने आपराधिक प्रवृत्ति के 13 बदमाशों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। जिसमें अनुज व सौरभ निवासी ढकिया खादर थाना रहरा, कल्याण सिंह निवासी बहादुरपुर मजरा थाना आदमपुर, दीपक कुमार निवासी चकफेरी थाना आदमपुर, आदिल निवासी नीलीखेड़ी थाना डिडौली, समीर निवासी मोहल्ला सराय को. हना थाना अमरोहा नगर, दिलशाद उर्फ नाटी निवासी मोहल्ला दानिशमंदान थाना अमरोहा नगर, साहिद निवासी मोहल्ला सफरपोता, मोहम्मद जुनेद निवासी मोहल्ला बंगला कसाईखाना थाना अमरोहा नगर, मुरसलीन निवासी नूरपूर तुलाकाबाद थाना रजबपुर, चमन निवासी जोजखेड़ा, वसीम निवासी ककराली थाना डिडौली और फैसल निवासी कांकर सराय थाना अमरोहा देहात शामिल हैं।

## आजम की रिहाई पर सपाई गदगद



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। पूर्व मंत्री आजम खां के जेल से बाहर आने पर सपाईयों ने मिठाई बांटकर एक दूसरे को बधाई दी। पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 23 माह से सीतापुर जेल में बंद आजम खां की रिहाई से एक बात साफ हो गयी कि इंसाफ की हमेशा जीत होती है। भाजपा सरकार ने उन पर झूंठे मुकदमे लगाकर जेल भेजा था। उनके जेल से बाहर आने से पार्टी और मजबूत होगी तथा 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा की प्रदेश में अगली सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। बैठक में जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह, पूर्व राज्यमंत्री जगराम सिंह, चन्द्रपाल सैनी, मुख्तार नकवी, महमूद अली, संतराम यादव, प्रतीक सिंह धारीवाल, कैसर परवेज, नवनीत गोला, जिताम्बर यादव, अतीक अहमद आदि मौजूद रहे।

# टाईल्स शोरूम से नकदी समेत डेढ़ लाख का सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। चोरों ने नगर के भानपुर में स्थित एक टाईल्स व

**पिछले शटर को उठाकर चोरों ने दिया घटना को अंजाम**

सेनेट्री स्टोर के पिछले शटर को ऊपर उठाकर प्रवेश कर लिया और गल्ले में रखी 89 हजार रूपये की नकदी समेत लगभग डेढ़ लाख रूपये का सामान चोरी कर लिया। सुबह स्वामी जब शोरूम खोलने पहुंचे तो चोरी की घटना का पता चला। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर लिया है। जानकारी के अनुसार नगर मण्डी धनौरा के मौहल्ला कटरा निवासी इरफान अहमद पुत्र



इस्लामुद्दीन की कलर टाईल्स के नाम से शोरूम है। 23 सितम्बर की रात को चोरों ने शोरूम के पिछले शटर को ऊपर उठाकर उसके लॉक तोड़ दिए और अंदर घुस गए। यहां पर सेचोरों ने डीवीआर सहित पीतल आदि की कीमती टोंटियां और गल्ले में रखे 89940 रूपये की नकदी चोरी कर ली। सुबह जब इरफान यहां पहुंचे तो चोरी के बारे में पता चला। पुलिस ने सूचना मिलने पर मौका मुआयना किया। इरफान ने बताया कि घटना में उसे करीब डेढ़ लाख रूपये की क्षति हुई है। चोर डीवीआर भी चोरी करके ले गए ताकि सीसीटीवी फुटेज भी न मिले। वहीं पुलिस ने शोरूम स्वामी को चोरी के जल्द खुलासे का भरोसा दिया है। बता दें कि नगर में कुछ दिनों पहले मायापुरी में भी परचून की दुकान में चोरी हुई थी, अभी उसका भी खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि टीम जुटी हुई है।

# देह व्यापार में धकेलना चाहते हैं भाई

## पीड़िता ने लगाई इंसाफ की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बहन की तलाक करवाने के बाद ढाई लाख रुपये उसके भाईयों ने गबन उसका कर लिया। बहन से देह व्यापार कराने के लिए भाईयों द्वारा दबाव डाला जा रहा है। विवाहिता ने डीआईजी को पत्र भेजकर न्याय करने की गुहार लगाई है।

नगर के मोहल्ला सम्भल रोड बस स्टैंड चौराहा के समीप में एक बड़ा ही सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। जहां भाई अपनी बहन की जान माल की हिफाजत करने की कसमें खाते हैं। अपनी बहन के मान सम्मान के लिए अपनी जान तक दे देते हैं। यदि बुरी नीयत से बहन के ऊपर कोई उंगली उठा दे तो भाई मरने मारने से भी पीछे नहीं हटते है। लेकिन इस मामले में हालात पूरी तरह से उल्टे हैं। एक विवाहिता ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया है। जिसमें वह कह रही है कि उसकी शादी हुई थी। उसके पास तीन बच्चे हैं। उसके भाइयों ने जबरदस्ती उसका पति से तलाक करवा दिया। तलाक के फैसले में जो ढाई लाख रुपया मिला था उसको भाइयों ने गबन कर लिया। जब उसने उस पैसे को मांगा ताकि वह दूसरी शादी कर सके तथा अपने बच्चों का पालन कर सके। यह सुनकर उसके भाई आग बबूला हो गये। उसके बाद उसके भाइयों ने उसे एक कमरे में बंद कर दिया तथा खाने पीने को भी कुछ नहीं दिया। उसके साथ बहुत जुल्म किया जा रहा है। उसका मोबाइल छीन लिया गया है तथा उसके साथ बात बात पर मारपीट की जाती है। उसके भाई ना तो उसे काम करने दे रहे हैं और ना ही उसके बच्चों को कुछ करने दिया जा रहा है। विवाहिता ने भाइयों पर सनसनी खेज आरोप लगाते हुए बताया कि उसके भाई उससे देह व्यापार करवाना चाहते है। ताकि वह पैसा कमा सकें। विवाहिता का कहना है कि बीते दिन उसके भाइयों ने उसके साथ जमकर मारपीट की तब उसकी कुंवारी बहन उसे बचाने के लिए आई तो उसको भी पीटा गया है। विवाहिता ने डीआईजी मुरादाबाद को पत्र भेज कर इंसाफ करने की गुहार लगाई है। सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो को देखकर लोग बस एक ही बात कह रहे हैं कि ऐ ऊपर वाले ऐसे नालायक भाई किसी को मत देना।

# मुकुट पूजा के साथ रामलीला का शुभारंभ

## पहले दिन नारद मोह का मंचन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मंत्रोचरण के बीच हुए मुकुट पूजन के साथ श्री धार्मिक रामलीला का शुभारंभ हो गया। पहले दिन नारद लीला का मंचन किया गया। जिसमें भक्तों की भारी भीड़ दिखाई दी।

प्रशासन द्वारा गठित कमेटी के तत्वाधान में बुधवार को नगर के जेएस हिन्दू इंटर कालेज के मैदान में वैदिक मंत्रों तथा मुकुट पूजा के साथ रामलीला का शुभारंभ एसपी अमित कुमार आनन्द, पालिकाध्यक्ष श्रीमति शशि जैन, एडीएम गरिमा सिंह द्वारा किया गया। श्री दुर्गा सीनरी कला केन्द्र मेरठ के कलाकारों ने गणेश वंदना राम स्तुति व नारद मोह की लीला का भव्य मंचन का सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में एसडीएम शैलेन्द्र दूबे, सीओ शक्ति सिंह, कोतवाली प्रभारी पंकज तोमर, विमल टंडन, करूणेश गोयल, शारदुल अग्रवाल, राकेश वर्मा, कुंवर विनीत अग्रवाल, योगेश जैन, अनिल स्वरूप टंडन, विनोद गुप्ता, रमेश कालू, ब्रजेश चौधरी, सुबोध रस्तौगी, मनोज माहेश्वरी, अशोक गुप्ता, राम सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

# विवाहिता को दहेज के लिए दिया तीन तलाक

## पति समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। नौगांवा सादात। ससुराल वालों ने विवाहिता के लिए शारी. रिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। विरोध करने पर मारपीट की। पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। मामले में पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के बीलना गांव में वकील अहमद का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी बुशरा की शादी 2 फरवरी 2024 को बिजनौर जनपद के मोहल्ला हजरत नगर के रहने वाले नदीम के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले बुशरा को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। फिलहाल बुशरा अपने मायके में पिता के घर रहती है। 28 मई 2025 की शाम पांच बजे ससुराल वाले घर में घुस आए और दहेज की मांग दोहराई। विरोध करने पर मारपीट की। पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया। लोगों की भीड़ जमा होने पर आरा. ेपी धमकी देते हुए चले गए। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में नदीम, सलीम, शाहरुख, हसीना, बाबू खान, नूर अफसा, तमन्ना के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## अशफाक ने 50 टीबी मरीज लिये गोद



**शाह टाइम्स ब्यूरो नौगांवा सादात**। पूर्व विधायक अशफाक अली खां ने टीबी के 50 मरीजों को गोद लिया है। इन सभी को पौष्टिक आहार के रूप में पोटली दी गयी। बताते चलें कि स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों ने पूर्व विधायक अशफाक अली खां से सम्पर्क कर उनसे नगर के टीबी रोगियों को गोद लिये जाने का अनुरोध किया था। जिस पर पूर्व विधायक अशफाक खां ने अपनी रजामंदी जताते टीबी रोगियों को गोद लिया तथा उन्हें पौष्टिक आहार के रूप में पोटली भेंट की। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. आरिफ समी, डा. आमोल, डा. प्रिंस व डा. दिव्या आदि मौजूद रहीं।

# सांप के डसने से तीन घायल, भर्ती

## लोगों में दहशत का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग सर्पदंश का शिकार हो गए। सोमवार देर शाम डिडौली थाने में रसोइया के रूप में कार्यरत डिडौली निवासी प्रशांत कुमार घर लौटते समय सांप के काटने से घायल हो गए।दूसरी घटना मूंढा ईम्मा गांव की है। यहां मोहम्मद रिहान की पत्नी नगमा रसोई में खाना बना रही थींद्य तभी अचानक सांप ने उन्हें काट लिया। वे बेहोश हो गईं। स्वजनों ने तत्काल उन्हें मुरादाबाद स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करायाद्य जहां उनका उपचार चल रहा है। स्वजनों के अनुसार उनकी हालत में अब सुधार है।तीसरी घटना थाना क्षेत्र के नूरी मुबारकपुर गांव में हुई। यहां किसान शमशाद हुसैन मंगलवार शाम आंगन में जमी घास की सफाई कर रहे थेद्य तभी सांप ने उन्हें डंस लिया। स्वजन उन्हें तुरंत निजी अस्पताल ले गए। उपचार के बाद स्वास्थ्य लाभ मिलने पर उन्हें घर भेज दिया गया।लगातार हो रही इन घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# सात सफाई कर्मियों का वेतन काटने के आदेश

## डयूटी के दौरान मिले अनुपस्थित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। निरीक्षण के दौरान डयूटी से गायब मिले सात सफाई कर्मियों का वेतन काटने का आदेश ईओ द्वारा दिया गया है। उन्होंने साफ चेता. वनी दी कि काम में लापरवाही किसी भी हाल में सहन नही की जायेगी। कार्रवाई से सफाई कर्मियों में हड़कम्प मचा है।

बुधवार को ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने नगर के मौहल्ला खालसा का निरीक्षण किया। यहां सात सफाई कर्मी राजेन्द्र सिंह, गुड़िया, मोना व माला देवी अनुपस्थित पाये गये। सभी का वेतन काटने के आदेश दिये गये। इसके बाद ईओ ने मौहल्ला मंडी चौब में सफाई व्यवस्था पर नजर डाली। यहां डयूटी पर लगाये गये तीन सफाई कर्मी मौके पर नहीं मिले। ईओ ने काम के प्रति लापरवाही बरतने पर सात सफाई कर्मियों का वेतन काटने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि काम के प्रति लापरवाही किसी भी हाल में सहन नहीं



की जाएगी। नगर के सफाई व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। जिन लोगों को जो जिम्मेदारी दी गई है उसे वह पूरी ईमानदारी से करें।

## बीमारियों से बचाव को सफाई जरूरी: तंवर



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि जीवन में सफाई का विशेष महत्व है। उन्होंने डोर टू डोर कूड़ा एकत्र करने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर पालिका द्वारा स्वच्छता ही सेवा मिशन के अन्तर्गत चलाये जा रहे कार्यक्रमों को लेकर सांसद कंवर सिंह तंवर ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्ट करने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखायी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सफाई जीवन का महत्वपूर्ण पहलू है। इस पर ध्यान दिये बिना स्वस्थ शरीर की कल्पना नही की जा सकती। उन्होंने लोगों से अपील करते कहा कि वह नगर को स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग दें। इस मौके पर चेयरमैन श्रीमति शशि जैन, ईओ डा. ब्रजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# राम के वन जाते ही अयोध्या में छायी मायूसी

## मार्मिक वर्णन देख भावुक हुए भक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। श्री रामलीला प्रबंध समिति मंदिर महादेव के तत्वावधान में चल रहे रामलीला महोत्सव में सोमवार रात राम वन गमन प्रसंग का भव्य मंचन हुआ। अयोध्या से आए ब्रजकिशोर महाराज श्री किशोर आदर्श रामलीला मंडल के कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय और संवादों से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। जब राम वन गमन की कथा का मार्मिक वर्णन किया तो श्रद्धालु भावुक हो गए।

राम, लक्ष्मण और सीता के वन गमन का दृश्य मंच पर जैसे ही साकार हुआ, पूरा पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। महोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर नगर पालिक. ाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल एवं समिति अध्यक्ष जागेश अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। साथ ही बजरंग दल प्रांत गौरक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत, जगअवतार त्यागी, ओमकार गर्ग, राजेंद्र सिंघल, पवन गुप्ता, अवनीश कुमार, कपिल अग्रवाल, शरद गर्ग, वीरेंद्र शर्मा, सुनील अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, राजू बादशाह, सुनील प्रजा. पति, दिवेश तंवर, अक्षय अग्रवाल, अमरजीत कोहली, मिंटू सिंह, पारस सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम बने इस आयोजन ने एक बार फिर साबित किया कि रामलीला केवल नाटक नहीं, बल्कि हमारी आस्था और परंपरा का जीवंत उत्सव है

# डग्गामार वाहनों का रैन बसेरा बना मस्जिद गेट

## शिकायत के बाद भी प्रशासन खामोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर के सम्भल अड्डा स्थित मस्जिद के सामने पुलिस की विभाग की मिली भगत से खुलेआम इन दिनों डग्गामार वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। जब नमाजियों के द्वारा जब इसकी शिकायत पुलिस से की गई तो उन्होंने इस मामले को अनसुना कर दिया। इससे मुस्लिम समुदाय के लोगों के लोगों में नाराजगी है। और इससे मस्जिद में नमाज अदा करने आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चालकों द्वारा वाहनों के खड़े किये जाने से न केवल मार्ग संकरा हो जाता है बल्कि जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार मना करने के बावजूद डग्गामार वाहन चालक मस्जिद के ठीक सामने अपने वाहन खड़े कर देते हैं। इसके चलते नमाजियों को मस्जिद में आने-जाने में दिक्कत होती है। वहीं ट्रैफिक जाम की वजह से आमजन को भी काफी समस्या झेलनी पड़ती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मस्जिद के सामने डग्गामार वाहनों की पार्किंग पर तुरंत रोक लगाई जाये। और वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाये। ताकि धार्मिक स्थल पर आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## मारपीट में दो के खिलाफ रिपोर्ट

**अमरोहा**। पेड़ की जड़ निकालने के विरोध पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से पिटाई की। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव कमालपुरी में मंगलवार दोपहर की है। यहां पर किसान जितेंद्र सिंह का परिवार रहता है। उनका बेटा राजेश खेत पर काम कर रहा था, साथ में खुद जितेंद्र सिंह और फरीदाबाद में रहने वाली मौसी कुसुम भी थीं। आरोप है कि उसी दौरान ताऊ गजेंद्र सिंह के बेटे सुधीर व कपिल भाई वहां पहुंच गए। दोनों मेढ़ पर लगे पेड़ की जड़ निकालने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर राजेश को घायल कर दिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने बेटे के बचाव में आए जितेंद्र सिंह और मौसी कुसुम के साथ भी मारपीट की। शोर सुनकर खेतों में काम कर रहे लोगों ने मौके पर पहुंचकर तीनों को बमुश्किल बचाया। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी सुधीर व कपिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों को जल्दी ही गिरफ्तार किया जाएगा।

विश्व पैरा एथलेटिक्स-2025

# शीर्ष भारतीय एथलीटों पर रहेगी नजर

## भारत में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा पैरा एथलेटिक्स आयोजन 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक दिल्ली में होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ऑयल नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, जो भारत में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा पैरा-एथलेटिक्स आयोजन है, 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर, 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाली है। इस आयोजन में 104 देशों के 2,200 से ज्यादा एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे।

पिछले एक दशक में भारत पैरा खेलों में एक उभरती हुई महाशक्ति रहा है। 2012 लंदन पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद एफ42 स्पर्धा में गिरीशा एन गौड़ा द्वारा जीते गए एकमात्र पदक से लेकर पेरिस पैरालंपिक में सात स्वर्ण सहित 29 पदक जीतने तक, देश ने पैरा खेलों में लगातार प्रगति की है। पदकों की बढ़ती संख्या पैरा खेलों के बुनियादी ढांचे में सुधार और पैरा एथलीटों को प्रदान किए गए समग्र समर्थन को दर्शाती है। भारत आगामी खेलों में 73 सदस्यीय टीम उतारेगा। यहां कुछ प्रमुख भारतीय पैरा एथलीटों पर एक नजर डाली गई है जिनसे आगामी खेलों में चमकने की उम्मीद है:

1. प्रीति पाल (100 मीटर( 200 मीटर टी35): प्रीति पाल पैरालंपिक ट्रैक पदक जीतने वाली भारत की पहली एथलीट हैं। सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित प्रीति ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में 100 मीटर और 200 मीटर टी35 स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते। महिलाओं की 100 मीटर और 200 मीटर टी35 स्पर्धाओं में, उन्होंने क्रमश: 14:21 सेकंड और 30:01 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला। उनकी इस उपलब्धि को देखते हुए, उन्हें क्लब थ्रोअर धर्मबीर सिंह के साथ आगामी खेलों में भारतीय दल का ध्वजवाहक चुना गया है।

2. योगेश कथुनिया (डिस्कस थ्रो एफ54/55/56): कथुनिया सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाले भारतीय पैरा एथलीटों में से एक रहे हैं। 2018 में, उन्होंने बर्लिन में आयोजित 2018 विश्व पैरा एथलेटिक्स यूरोपीय चैंपियनशिप में एफ36 श्रेणी में 45.18 मीटर तक डिस्कस थ्रो करके विश्व रिकॉर्ड बनाया था। अब तक उनका सर्वोच्च प्रदर्शन 2020 ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक में पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ56 स्पर्धा में रहा है, जहां उन्होंने रजत पदक जीता था। नौ साल की उम्र में, कथुनिया को गुइलेन-बैरे सिंड्रोम का पता चला था, एक ऐसी स्थिति जिसने उनकी गतिशीलता को काफी प्रभावित किया।

3. नवदीप सिंह (भाला फेंक एफ40/41): हरियाणा के पानीपत ज़िले के रहने वाले नवदीप बौनेपन से पीड़ित थे, जो हड्डियों के विकास को प्रभावित करने वाले एक आनुवंशिक उत्परिवर्तन के कारण होता है। अपने पहलवान पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए, वह एक पहलवान बने और हरियाणा में एक आयु वर्ग स्तर की राज्य चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता। हालांकि, 2016 अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में नीरज के स्वर्ण पदक का वीडियो देखने के बाद, वह भाला फेंक में आगे बढ़ने के लिए दिल्ली चले गए। उन्हें 2017 में सफलता तब मिली जब उन्होंने दुबई में एशियाई युवा पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2019 में स्विट्जरलैंड में विश्व जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक और स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का और लोहा मनवाया। 2021 में टोक्यो पैरालंपिक में उनका दिल टूट गया जब वह केवल 60 सेंटीमीटर से कांस्य पदक से चूक गए और 40.80 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे। खेलों के बाद भारत लौटने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वादा किया।



## वैभव की आतिशी पारी से भारत-19 ने जीती सीरीज

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की 70 रन की आतिशी पारी से भारत अंडर 19 ने दूसरे एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 को बुधवार को 51 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारतीय टीम ने 49.4 ओवर में 300 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम को 47.2 ओवर में 249 रन पर समेट दिया।

सूर्यवंशी ने 68 गेंदों पर 70 रन में पांच चौके और छह छक्के लगाए। वैभव सूर्यवंशी के नाम अब यूथ वनडे में सबसे अधिक छक्कों (41) का रिकॉर्ड बन गया है, उन्होंने उन्मुक्त चंद का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने विहान मल्होत्रा के साथ दूसरे विकेट के लिए 117 रन की साझेदारी की। विवान ने 74 गेंदों पर 70 रन में सात चौके और एक छक्का लगाया। अभिज्ञान कुंडु ने 71 रन का योगदान दिया। कुंडू ने अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए। ऑस्ट्रेलियाई टीम इसके जवाब में जेडेन ड्रेपर (107) के शतक के बावजूद 249 रन पर सिमट गई। आयुष म्हात्रे ने 27 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिए।

# यूपी योद्धाज जयपुर लेग के अंतिम मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स से भिड़ेंगे

● **अब टीम का लक्ष्य लगातार दूसरी जीत दर्ज कर अंकतालिका में ऊपर चढ़ना होगा**

**जयपुर, वार्ता।** तमिल थलाइवाज पर 17 अंकों की दमदार जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी यूपी योद्धाज 25 सितम्बर को बेंगलुरु बुल्स से भिड़ते हुए अपने शानदार फॉर्म को आगे बढ़ाना चाहेंगे।

यह मुकाबला सवाई मान. सिंह इंडोर स्टेडियम में रात 8:00 बजे से खेला जाएगा और इसके साथ ही प्रो कबढी लीग (पीकेएल) सीजन 12 का जयपुर लेग समाप्त होगा। योद्धाज ने पिछले मैच में हर विभाग में लय हासिल कर अपने खराब दौर का सिलसिला तोड़ा था। अब टीम का लक्ष्य लगातार दूसरी जीत दर्ज कर अंकतालिका में ऊपर चढ़ना होगा। अटैक की अगुवाई कर रहे हैं शानदार फॉर्म में चल रहे गगन गौड़ा, जिन्होंने इस सीजन में सात मैचों में अब तक 76 अंक जुटाए हैं। चार सुपर 10 के साथ लगभग 11 रेड अंक प्रति मैच की औसत ने उन्हें यूपी की रेडिंग का केंद्रबिंदु बना दिया है। भवानी राजपूत और गुमान सिंह के अहम योगदान ने गौड़ा का बोझ कम किया है, जबकि अकादमी ग्रेजुएट शिवम चौधरी ने छह मैचों में 21 अंकों (पिछले मैच में पांच) के साथ रेडिंग में नई ऊर्जा जोड़ी है। डिफेंस में कप्तान सुमित सांगवान लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और 3.57 टैकल अंक प्रति मैच की औसत से लीग के सबसे भरोसेमंद डिफेंडरों में शुमार हैं। उपकप्तान आशीष सिंह के साथ उनकी जोड़ी और महेन्द्र सिंह व हितेश की मौजूदगी ने टीम को पीछे से मजबूती दी है। मुकाबले से पहले सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने कहा कि पिछली जीत ने दिखाया कि जब हर खिलाड़ी अपनी क्षमता के अनुरूप खेलता है तो टीम कितना अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। बेंगलुरु एक सशक्त टीम है, लेकिन अगर हम वही ऊर्जा बनाए रखें तो एक और मजबूत नतीजा हासिल करने में सफल रहेंगे।

# गुकेश-प्रज्ञानंदा जीसीएल सीजन 3 ड्राफ्ट के मुख्य आकर्षण



### छह फ्रेंचाइजी 36 खिलाड़ियों के पूल से शक्तिशाली टीमें बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें 17 देशों के शीर्ष ग्रैंडमास्टर शामिल होंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारत के शतरंज सुपरस्टार - मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश, पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और प्रतिभाशाली आर प्रज्ञानंदा - 26 सितम्बर को मुंबई में ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) सीजन 3 प्लेयर ड्राफ्ट में आकर्षण का केंद्र होंगे। लीग के तीसरे संस्करण में, जो टेक महिंद्रा और फिडे की संयुक्त पहल है, छह फ्रेंचाइजी 36 खिलाड़ियों के पूल से शक्तिशाली टीमें बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें 17 देशों के शीर्ष ग्रैंडमास्टर और उभरती प्रतिभाएं शामिल होंगी। अन्य प्रमुख नामों में विश्व के दिग्गज हिकारू नाकामुरा, फैबियानो कारूआना, अलीरेज़ा फिरोज़ा, मैक्सिम वाचियर लाग्रेव, चार बार की महिला विश्व चैंपियन होउ यिफान और विश्व कप उपविजेता कोनेरू हम्पी शामिल हैं।

अंडर-21 प्रोडिजी श्रेणी में उभरते सितारे वोलोडर मुर्जिन, 2024 फिडे विश्व रैपिड चैंपियन, और मार्क एंड्रिया मौरिज़ी, 2023 विश्व जूनियर चैंपियन शामिल होंगे। टेक महिंद्रा ग्लोबल चेस लीग के अध्यक्ष पीयूष दुबे ने कहा कि जीसीएल सीजन 3 का ड्राफ्ट एक और रोमांचक उपलब्धि है क्योंकि हम दुनिया भर से असाधारण प्रतिभाओं को एक साथ ला रहे हैं। यह सीजन बड़ी लड़ाइयों, बड़े दांवों और शतरंज में नवाचार की एक नई लहर का वादा करता है। हर सीजन के साथ, हम न केवल टीमें बना रहे हैं। बल्कि शतरंज के भविष्य को भी निखार रहे हैं और खिलाड़ियों और उत्साही लोगों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहे हैं। ड्राफ्ट में चार राउंड होंगे, जिसमें खिलाड़ियों को आइकॉन, पुरुष, महिला और अंडर-21 प्रोडिगी श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा।

## सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भारत का सामना नेपाल से

**कोलंबो, वार्ता।** सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम का पलड़ा भारी है। भारतीय अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम कल रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। ब्लू कोल्ट्स ने अंतिम चार में एक बेहतरीन रिकॉर्ड के साथ प्रवेश किया है, उन्होंने तीन मैचों में नौ अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जिसमें मालदीव (6-0), भूटान (1-0) और पाक (3-2) के खिलाफ जीत शामिल है। मुख्य कोच बिबियानो पिछले परिणाम से विशेष रूप से खुश थे, जिसने उनके खिलाड़ियों के मैदान पर दिखाए गए।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आईसीसी ने यूएसए क्रिकेट को किया निलंबित

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी ने आखिरकार यूएसए क्रिकेट (यूएसएसी) को निलंबित करने का फैसला किया है। यह एक प्रमुख बाजार में खेल के नेतृत्व और संचालन ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन लाने के प्रयासों के तहत रीसेट बटन दबाने जैसा है। मंगलवार को एक वर्चुअल बैठक के बाद आईसीसी बोर्ड ने यह फ़ैसला लिया। यूएसएसी के निलंबन का असर फरवरी में भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में यूएसए की भागीदारी पर नहीं पड़ेगा। हालांकि निलंबन का विशिष्ट कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है, यह आईसीसी द्वारा जुलाई में अपनी वार्षिक आम बैठक में यूएसएसी को 'स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव' कराने और व्यापक प्रशासनिक सुधार लागू करने के लिए तीन महीने का समय दिए जाने के लगभग दो महीने बाद आया है। उस समय, आईसीसी ने दोहराया था कि यूएसएसी जुलाई 2024 से सूचना पर बना रहेगा। आईसीसी बोर्ड ने यूएसएसी को यह भी चेतावनी दी थी कि वह सुधारों की प्रगति के आधार पर कोई भी उचित कार्रवाई करने का अधिक.ार सुरक्षित रखता है।

## टीएनसीए के पूर्व संयुक्त सचिव का निधन

**चेन्नई, वार्ता।** टीएनसीए के पूर्व संयुक्त सचिव, एक अच्छे प्रशिक्षक और प्रसिद्ध मध्यस्थ के- थिरुकालाथी का कल शाम दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। थिरुकालाथी, जिन्होंने कई खिलाड़ी तैयार किए थे, कांचीपुरम जिला शतरंज संघ के सचिव भी रहे थे और मीडिया के साथ उनका हमेशा घनिष्ठ संबंध रहा। टीएनसीए और शतरंज जगत के अधिकारियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। आज सुबह उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# खिलाड़ियों और टीमों की भागीदारी के लिए चयन मानदंड जारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने एशियाई खेल 2026 और अन्य बहु-खेल आयोजनों में खिलाड़ियों और टीमों की भागीदारी के लिए चयन मानदंड जारी किए हैं। इसका उद्देश्य एक पारदर्शी और न्यायसंगत ढांचा तैयार कर यह सुनिश्चित करना है कि केवल उन एथलीटों को ही बहु-विषयक खेल आयोजनों में भागीदारी के लिए विचार किया जाए जिनके पास पदक जीतने का वास्तविक मौका है।

चयन मानदंडों में मापनीय और गैर-मापनीय दोनों प्रकार की प्रतियोगिताओं के लिए मानक निर्धारित किए गए हैं जो एशियाई खेलों, पैरा एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई इनडोर खेलों, एशियाई समुद्र तट खेलों, युवा ओलंपिक, एशियाई युवा खेलों, राष्ट्रमंडल युवा खेलों जैसे बहु-खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी के बारे में निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे। हालांकि ओलंपिक और ऐसी अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं इसके दायरें में नहीं आएंगे जहां एथलीट या टीम की भागीदारी, संबंधित अंतर्राष्ट्रीय महासंघों द्वारा निर्धारित योग्यता मानकों द्वारा निर्धारित की जाती है। मापनीय व्यक्तिगत खेल और स्पर्धाओं के लिए, कोई भी खिलाड़ी भारतीय दल में तभी जगह पा सकेगा जब उसने आगामी एशियाई खेलों से पहले 12 महीनों के भीतर आयोजित किसी अंतर्राष्ट्रीय खेल महासंघ द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता में पिछले एशियाई खेलों के छठे स्थान के प्रदर्शन की बराबरी की हो या उससे बेहतर प्रदर्शन किया हो। यदि वह खेल या स्पर्धा पिछले एशियाई खेलों में शामिल नहीं थी, तो चयन मानदंड आगामी एशियाई खेलों से पहले 12 महीनों के भीतर उस खेल या स्पर्धा के लिए आयोजित सीनियर एशियाई चैंपियनशिप के समान मानदंडों के आधार पर होंगे। गैर-मापनीय व्यक्तिगत खेल और स्पर्धाओं के लिए, जहां आगामी एशियाई खेलों से पूर्व 12 महीनों के भीतर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप आयोजित की गई हो या विश्व रैंकिंग नियमित रूप से जारी की जाती हो, ऐसे खिलाड़ी को दल में शामिल करने पर विचार किया जाएगा जिसने पिछले 12 महीनों के भीतर आयोजित अंतिम सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में अपने भार या स्पर्धा में छठा या उससे बेहतर स्थान प्राप्त किया हो या उसकी विश्व रैंकिंग अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में एशियाई देशों में शीर्ष 6 में शामिल हो। यदि आगामी एशियाई खेलों से पहले पिछले 12 महीनों में कोई सीनियर एशियाई चैंपियनशिप आयोजित नहीं की गई है और कोई अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग नियमित रूप से प्रकाशित नहीं की गई हो तो उस स्थिति में एथलीट को समकक्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एशियाई देशों के बीच शीर्ष 6 में स्थान प्राप्त करना होगा। टीम खेलों (जैसे फुटबॉल, हॉकी आदि) और टीम स्पर्धाओं (जैसे रिले, युगल, मिश्रित युगल आदि) के लिए, 12 महीनों के भीतर आयोजित अंतिम सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में शीर्ष 8 में स्थान प्राप्त करने वाली टीम या अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में एशियाई देशों में शीर्ष 8 में स्थान प्राप्त करने वाली टीम को एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए विचार किया जाएगा।

अगर अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग प्रकाशित नहीं की गई है या आगामी एशियाई खेलों से पहले 12 महीनों के भीतर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप आयोजित नहीं की गई है, तो उस स्थिति में टीम को समकक्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एशियाई देशों के बीच शीर्ष 8 में स्थान प्राप्त करना होगा। इस मानदंड में छूट का एक प्रावधान है जो मंत्रालय को यह अधिकृत करता है कि यदि विशिष्ट खेल अथवा भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के विशेषज्ञों की राय के आधार पर उचित कारणों से निर्धारित मानदंडों में छूट में व्यक्तियों और टीमों की भागीदारी की सिफारिश की जाती है तो वह उचित निर्णय ले सकता है।

# टी-20 विश्व कप के कारण विंडीज का द. अफ्रीका दौरा छोटा होगा

● **द. अफ्रीका 27 जनवरी 6 फरवरी तक वेस्टइंडीज की मेजबानी करने वाला है**

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका को वेस्टइंडीज के खलिाफ इस गर्मियों की अपनी एकमात्र पुरुष अंतर्राष्ट्रीय घरेलू सीरीज को छोटा करना पड़ सकता है, ताकि दोनों टीमें समय पर टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारत और श्रीलंका पहुंच सकें।

दक्षिण अफ्रीका 27 जनवरी से 6 फरवरी तक वेस्टइंडीज की मेजबानी करने वाला है, जहां पांच टी20 खेले जाने हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने पिछले हफ्ते रिपोर्ट किया था कि टी20 विश्व कप संभवत: 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जाएगा। अगर टूर्नामेंट 7 फरवरी से शुरू होता है, तो आईसीसी का सपोर्ट पीरियड 31 जनवरी से शुरू होगा। इस समय में टीमों से उम्मीद की जाती है कि वे मेजबान देशों में पहुंचें और वैकल्पिक अभ्यास मैच खेलें। यह सपोर्ट पीरियड पहले 3 फरवरी से शुरू हो रहा था और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने अपने घरेलू कार्यक्रम इसी समझ के साथ बनाए थे कि दक्षिण अफ्रीका के पास विश्व कप के लिए यात्रा करने का पर्याप्त समय होगा। हालांकि यह जरूरी नहीं है कि टीमें पूरा आईसीसी सपोर्ट पीरियड मेजबान देश में ही बिताएं। आईसीसी ने इस विश्व कप में भाग लेने वाले देशों से पूछा है कि वे कितने अभ्यास मैच खेलना चाहते हैं और विकल्प शून्य से लेकर दो मैच तक का है। जब कोई देश दो अभ्यास मैच चुनता है, तो उनका सपोर्ट पीरियड टूर्नामेंट से एक हफ्ता पहले शुरू होता है। सीएसए इस समय क्रिकेट वेस्टइंडीज से चर्चा कर रहा है कि वेस्टइंडीज कब उपमहाद्वीप पहुंचना चाहता है और उन्हें कितने अभ्यास मैच खेलने हैं। अगर टीमें कोई अभ्यास मैच नहीं खेलती हैं, तो आईसीसी सपोर्ट पीरियड 7 फरवरी से चार दिन पहले यानी 3 फरवरी से शुरू होगा। भले ही वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप से पहले कोई अभ्यास मैच ना खेलना चाहे, सीएसए को पांच टी20 में से कम से कम दो मैच रद्द करने होंगे।

आखिरी दो मैच 3 और 6 फरवरी को निर्धारित हैं। इन मैचों को इससे पहले नहीं खेला जा सकता, क्योंकि एसए20 टूर्नामेंट 25 जनवरी को समाप्त होगा। सीएसए इस समय यह तय कर रहा है कि वेस्टइंडीज के खलिाफ मैच किन स्थलों पर खेले जाएं। वर्तमान में संभावना है कि वे पार्ल, न्यूलैंड्स, ईस्ट लंदन का बफ़ेलो पार्क, सेंचूरियन और जोहानसबर्ग होंगे। सीएसए ने इस साल अपने मैदानों को 2027 वनडे विश्व कप के लिए तैयार करने के मकसद से कम भीड़भाड़ वाला सीजन रखने की योजना बनाई थी।

# जैक्स और पॉट्स इंग्लैंड की टीम में

● **वोक्स बाहर, ब्रुक उप कप्तान बनाए गए**




**लंदन, वार्ता।** कंधे की चोट से उबरने के बावजूद, बेन स्टोक्स को एशेज के लिए इंग्लैंड का कप्तान बनाया गया है। चयनकर्ताओं ने मंगलवार को टीम की घोषणा की। मैथ्यू पॉट्स और विल जैक्स को 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। जैक्स के न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर रहने के बाद एशेज से पहले उंगली की चोट से पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। डरहम के तेज गेंदबाज पॉट्स ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था, जबकि सरे के जैक्स ने आखिरी बार दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। पॉट्स ने इस सीजन में 10 काउंटी चैंपियनशिप मैचों में 28 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84 रन देकर 4 विकेट रहा है। जैक्स ने अब तक केवल तीन पारियां खेली हैं, जिनमें उन्होंने 136 रन बनाए हैं, जिसमें से 119 रन उन्होंने एक ही पारी में बनाए हैं। हैरी ब्रुक को एशेज के लिए ओली पोप की जगह उप-कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि मार्क वुड बाएं घुटने की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। भारत के खिलाफ सीरीज के दौरान उंगली में चोट लगने वाले शोएब बशीर को भी टीम में शामिल किया गया है। स्टोक्स के अलावा, टीम में अनुभवी खिलाड़ी जो रूट, जैक क्रॉली, बेन डकेट और पोप शामिल हैं, जबकि जेमी स्मिथ विकेटकीपर हैं। भारत के खिलाफ सीरीज के बीच में टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले जोफ्रा आर्चर तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिसमें ब्रायडन कार्स, गस एटकिंसन, जोश टंग, वुड और पॉट्स भी शामिल हैं। बशीर मुख्य स्पिनर हैं जबकि रूट, जैकब बेथेल और जैक्स अन्य स्पिन विकल्प हैं।

# स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता सम्मानित

● **केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत के पदक विजेता दल से भेंट की**




**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने 13 से 21 सितम्बर तक चीन के बेइदाईहे में आयोजित 73वीं इनलाइन स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में भारत के पदक विजेता दल को आज सम्मानित किया।

भारतीय स्केटिंग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण को चिन्हित करते हुए, राष्ट्रीय टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांच पदक (3 स्वर्ण, 2 कांस्य) जीते और 40 से अधिक देशों में कुल मिलाकर पांचवां स्थान हासिल किया।

यह ऐतिहासिक प्रदर्शन कई नई उपलब्धियों से भरा रहा :

स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत का पहला सीनियर पदक।

जूनियर वर्ग में पहला स्वर्ण। विश्व चैंपियनशिप में भारत का अब तक का सर्वोच्च पदक। एथलीटों को सम्मानित करते हुए, डा. मांडविया ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में ये ऐतिहा. सिक पदक दर्शाते हैं कि हमारे युवा नई ऊंचाइयां छू रहे हैं, चाहे वह मुख्यधारा के खेल हों या उभरते हुए खेल। मैं इस उल्लेखनीय प्रदर्शन से भारत को गौरवान्वित करने के लिए हमारे एथलीटों, प्रशिक्षकों, सहयोगी कर्मचारियों और भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ को तहे दिल से बधाई देता हूं।

आनंदकुमार वेलकुमार (22): सीनियर वर्ग में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने दो स्वर्ण (1000 मीटर स्प्रिंट और 42,195 मीटर मैराथन) और एक कांस्य (500 मीटर स्प्रिंट) जीता।

कृष शर्मा (18): 1000 मीटर स्प्रिंट में भारत का पहला जूनियर स्वर्ण पदक जीता।

अनीश राज (17): जूनियर पुरुष 1 लैप स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता। भारतीय दल में 20 एथलीट (4 वरिष्ठ पुरुष, 4 वरिष्ठ महिला, 5 जूनियर पुरुष, 7 जूनियर महिला) शामिल थे, जिन्होंने चैंपियनशिप में भाग लिया, जिसमें 40 से अधिक देशों की भागीदारी के साथ सीनियर और जूनियर श्रेणियों में 42 स्पर्धाएं हुईं।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 25 सितम्बर 2025

## लेह में हिंसा

बुधवार को केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर हिंसा भड़क गई। जिसमें चार लोगों की मौत होने व 70 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर सामने आ रही है। प्रदर्शनकारी छात्र सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के समर्थक बताए जाते हैं। सोनम वांगचुक लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की बराबर मांग करते रहे हैं। अभी भी वह अपनी इस मांग को लेकर पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे थे। मांग पूरी न करने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने बंद बुलाया था। इसी दौरान हिंसा हो गई। बड़े पैमाने पर हिंसा होते देख वांगचुक ने अनशन तोड़ दिया और अपने समर्थक छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील की। किसी मामले की अन्देखी या उसको लटकाए रखने की प्रवृत्ति कितनी घातक हो सकती है, इसका जीता जागता सबूत लद्दाख के लेह में देखने को मिला। प्रदर्शनकारियों ने जमकर पत्थरबाजी पुलिस पर की और सीआरपीएफ की गाड़ी तक को आग लगा दी। आंदोलनकारियों ने मंगलवार की रात को 24 सितम्बर को लद्दाख बंद बुलाने का ऐलान किया था और भीड़ जुटान के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया, जिसमें लोगों से लेह हिल काउंसिल पहुंचने की अपील की गई थी। इस अपील का बड़ा असर हुआ और बड़ी तादाद में लोग वहां पहुंच गए, जिनमें अधिकतर छात्र बताए जाते हैं। पुलिस ने आंदोलनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेड लगाए थे, जब भीड़ ने उनको तोड़ा तो पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए आंसू गैस के गोले छोड़े, जवाब में भीड़ ने गाड़ी जला दी और तोड़फोड़ की। सोनम वांगचुक का कहना है कि वह पिछले पांच सालों से शांति व अनशन के माध्यम से अपनी बात रख रहे हैं, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। देखा जाए तो इसके लिए केंद्र सरकार अधिक जिम्मेदार दिखाई दे रही है, क्योंकि जब 2019 में अनुच्छेद 370 और 351 हटाते समय जम्मू कश्मीर और लद्दाख दो केंद्रशासित प्रदेश बना दिए थे, तब सरकार ने उस समय कहा था कि सही समय आने पर इनका पूर्ण राज्य का बहाल कर दिया जाएगा, लेकिन अभी तक सरकार ने अपने उस वादे पर कोई अमल नहीं किया, जबकि पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए लद्दाख व जम्मू कश्मीर से बराबर मांग उठती रही है। जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने भी कहा है कि लद्दाख और जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा इसलिए नहीं दिया जा रहा, क्योंकि वहां बीजेपी चुनाव जीत नहीं पाई। जाहिर है इस तरह के मुद्दो को राजनीति के नजरिये से नहीं देखना चाहिए और लोगों की इच्छाओं का सम्मान करना चाहिए, जिससे लेह में तोड़फोड़ व आगजनी दिखाई दी और लोगों की भीड़ जुटी यह कोई एक दिन का काम नहीं हो सकता। इससे साफ है कि लंबे समय से सरकार के प्रति नाराजगी पनप रही है और सरकार उस नाराजगी को समझने में पूरी तरह नाकाम रही है। इस आंदोलन को भी जैन जी रेवोल्यूशनरी बताया जा रहा है। हालांकि सोनम ने कहा है कि मैंने जैन जी रेवोल्यूशन शब्द यूज नहीं किया है। सरकार को चाहिए कि वह वहां के लोगों की जो इच्छा है उसका सम्मान करे।

## हम बिकाऊ माल नहीं हैं, यही काफी है



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हौसला बढ़ाया, मैं उनका शुक्रगुजार हूं, अखिलेश मेरे उतने ही करीब हैं, जितने नेताजी मुलायम सिंह यादव थे, जेल में रहने से जिंदगी बदल गई, यहां तक कि मोबाइल चलाना तक भूल गया हूं, उसमें मेरी पत्नी का नंबर था, उसे भी भूल गया हूं, मेरे मन में किसी के लिए नाराजगी नहीं है, पहले जो लोग उन्हें नहीं पहचानते थे, अब दर्ज मुकदमों की वजह से सब जानने लगे हैं, हमारे पास चरित्र नाम की एक चीज है, इसका मतलब यह नहीं कि हमारे पास कोई पद या ओहदा हो, लोग हमें प्यार करें, इज्जत दें और यह साबित हो कि हम बिकाऊ माल नहीं हैं, यही काफी है।

**–आजम खा**
**वरिष्ठ सपा नेता, पूर्व मंत्री**

# कहां से शह पाते हैं ऐसे जहरीले लोग



**निर्मल रानी**




एक बार फिर जहर उगलने में अग्रिम स्थान बनाने की प्रतिस्पर्धा में जुटे गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद का एक बेहद विषैला, अभद्र व आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुआ। कुरआन, मुहम्मद, मुसलमानों को खुलकर अपमानित करने वाले इस व्यक्ति ने तो अब हिन्दू महिलाओं को भी नागिन कह डाला। गौरतलब है कि यह व्यक्ति पहली बार मार्च 2021 में उस समय सुर्खियों में आया था जब 14 वर्ष के एक गरीब मुस्लिम बालक ने अपनी प्यास बुझाने के लिए इसी मंदिर परिसर के बाहर लगे नल से पानी पी लिया था। उसके बाद इस डासना मंदिर में रहने वाले एक व्यक्ति ने बालक से उसका नाम व उसका धर्म पूछकर उसे बड़ी बेरहमी से मारा था। आसिफ को पीटने का यह वीडियो खूब वायरल हुआ था। उस समय यति नरसिंहानंद आसिफ को पीटने वालों के समर्थन में खुलकर आए थे और उस बालक की पिटाई जायज ठहराई थी। इस व्यक्ति ने मंदिर के मुख्य द्वारा पर साफतौर से बोर्ड पर लिखवा रखा है कि यहां कोई मुसलमान अंदर नहीं आ सकता। यही यति नरसिंहानंद शायद नफरत के बल पर अर्जित शोहरत पाने के बाद इसी तरह की बकवासबाजी करने का आदी हो चुका है। अब तो यह व्यक्ति धर्म अध्यात्म संबंधी सकारात्मक बातें तो करता ही नहीं बल्कि सिर्फ जहर ही उगलता फिरता है।

पिछले दिनों वायरल हुए वीडियो में बुलंद शहर में सामने बैठी कुछ महिलाओं को संबोधित करते हुए उसने कहा कि अगर हिंदू महिलाओं ने ज्यादा बच्चे पैदा नहीं किए तो एक दिन मुस्लिम समुदाय के लोग हिंदू बहन, बेटियों का बलात्कार करेंगे और उन्हें बाजार में बेचेंगे। उस ने हिंदू समुदाय में मुसलमानों के प्रति खौफ पैदा करने के मकसद से उन महिलाओं से कहा कि ज्यादा से ज्यादा बच्चा पैदा करो, वरना एक दिन मुस्लिम समुदाय के लोग आपको मारकर आपके घरों पर कब्जा कर लेंगे।

उसने आगे कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग हिंदू बहन, बेटियों को मंडियों में बेचेंगे और उनका बलात्कार करेंगे। उसने यह भी कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग हिंदू बहन, बेटियों को रखैल बनाकर रखेंगे। इसी संदर्भ में इसने महिलाओं को लेकर बेहद आपत्तिजनक बयान भी दिया है। नरसिंहानंद ने स्पष्ट रूप से कहा कि एक बेटा पैदा करने वाली हिंदू महिलाएं नागिन जैसी होती है। उस ने हिन्दू महिलाओं को परिवार बढ़ाने की नसीहत देते हुए उनमें भय पैदा करने के लहजे में कहा कि परिवार को बड़ा करो वरना दो-दो रुपए में बिकोगी। यह व्यक्ति पहले भी कई बार मुसलमानों को बलात्कारी बता चुका है साथ ही अनेक बार हिंदू महिलाओं के लिए भी अपमान. जनक व विवादित टिप्पणी कर चुका है। हालांकि यति नरसिंहानंद के खिलाफ कई बार कार्रवाई हो चुकी है। वह अपने विवादित बयानों की वजह से जेल और कोर्ट का चक्कर भी लगा चुका है। कुछ समय पूर्व ही इसी व्यक्ति ने भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने और भारत को मुस्लिम, मदरसा और मस्जिदों से मुक्त कराने जैसी गैर संवैधानिक मांग भी की थी। गोया यह व्यक्ति हर वक्त देश में नफरत फैलाने वाले बयान देता रहता है। आश्चर्य यह भी है कि यह व्यक्ति कथित रूप से उस जूना अखाड़े से संबद्ध महामंडलेश्वर है जिससे एक से बढ़कर एक महान संत महात्मा व अध्यात्मवादी साधु जुड़े रहे हैं।

इतने प्रतिष्ठित अखाड़े ने इतने जहरीले व्यक्ति को आखिर इसकी किस योग्यता के आधार पर महामंडलेश्वर जैसे धार्मिक पद पर बैठा दिया? महान संत कबीर दास जी तो कहते हैं कि जाति पांति पूछे नहिं कोई, हरि को भजे सो हरि का होय। इन पंक्तियों का यही अर्थ है कि ईश्वर किसी व्यक्ति की जाति या पंथ नहीं पूछता। समाज में जातिवाद के होते हुए भी, ईश्वर की दृष्टि में सभी बराबर हैं। जो व्यक्ति पूरी श्रद्धा और निष्ठा से ईश्वर की भक्ति करता है, वह ईश्वर का प्रिय बन जाता है। ईश्वर उसी को अपनाता है, चाहे वह किसी भी जाति या वर्ग से हो। कबीर दास ने अपने इन दोहों के माध्यम से जाति विभाजन का विरोध करते हुए सभी मनुष्यों को एक समान बताया। उन्होंने भक्ति को जातिवाद से ऊपर रखा, यह दर्शाते हुए कि ईश्वर केवल आंतरिक भावनाओं और श्रद्धा को देखता है। कबीर का यह दोहा सामाजिक समरसता और समानता का संदेश है, जहां व्यक्ति की पहचान उसकी भक्ति से होती है, न कि उसके जन्म से। यह पंक्ति ईश्वर की सार्वभौमिकता और सभी के लिए समान प्रेम पर जोर देती है, जो किसी भी जाति या सामाजिक स्थिति से ऊपर है।

सवाल यह है कि क्या यति नरसिंहानंद या इन जैसे और अनेक संत वेशधारी लोग जो पूरे पूरे देश में घूम-घूम कर सरे आम अपनी जुबान से इसी तरह का जहर उगलते फिर रहे हैं यह संत कबीर की उक्त संतवाणी की श्रेणी में आते हैं? यदि नहीं तो इनके संतों की वेशभूषा धारण करने से समाज को सिवाय अपमान के और क्या हासिल है? कोई हिन्दू या किसी भी धर्म की महिला यदि एक बच्चा पैदा करती है तो यह उसके परिवार का निजी निर्णय या उसके आर्थिक व पारिवारिक हालात हो सकते हैं। किसी स्वयंभू संत को क्या अधिकार है कि वह एक बच्चा पैदा करने वाली किसी महिला की तुलना नागिन से करे? निश्चित रूप से ऐसे स्वयंभू संत चूंकि अपने किसी गुण

**इतने प्रतिष्ठित अखाड़े ने इतने जहरीले व्यक्ति को आखिर इसकी किस योग्यता के आधार पर महामंडलेश्वर जैसे धार्मिक पद पर बैठा दिया? महान संत कबीर दास जी तो कहते हैं कि जाति पांति पूछे नहिं कोई, हरि को भजे सो हरि का होय। इन पंक्तियों का यही अर्थ है कि ईश्वर किसी व्यक्ति की जाति या पंथ नहीं पूछता। समाज में जातिवाद के होते हुए भी, ईश्वर की दृष्टि में सभी बराबर हैं। जो व्यक्ति पूरी श्रद्धा और निष्ठा से ईश्वर की भक्ति करता है, वह ईश्वर का प्रिय बन जाता है। ईश्वर उसी को अपनाता है, चाहे वह किसी भी जाति या वर्ग से हो। कबीर दास ने अपने इन दोहों के माध्यम से जाति विभाजन का विरोध करते हुए सभी मनुष्यों को एक समान बताया। उन्होंने भक्ति को जातिवाद से ऊपर रखा, यह दर्शाते हुए कि ईश्वर केवल आंतरिक भावनाओं और श्रद्धा को देखता है। कबीर का यह दोहा सामाजिक समरसता और समानता का संदेश है, जहां व्यक्ति की पहचान उसकी भक्ति से होती है न कि उसके जन्म से।**

और ज्ञान से समाज का मार्गदर्शन नहीं कर सकते क्योंकि गुण ज्ञान तो इनके पास है ही नहीं? लिहा. जा नफरत फैलाकर विद्वेष की बातें कर मीडिया में सुर्खियां बंटोरकर अपनी दुकानदारी चलाते हैं। दूसरा सवाल यह कि बार-बार ऐसे ही आरोपों में जेल की हवा खाने के बावजूद इनकी बदजुबानियों पर लगाम न लगना भी यह सवाल खड़े करता है कि इन्हें संरक्षण कहां से मिल रहा है? इनकी जहरीली बयानबाजियों का राजनैतिक लाभ किसे मिल रहा है? आखिर ऐसे जहरीले लोग कहां से शह पाते हैं?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एक्स्ट्रा डीएनए का नतीजा मनुष्य का बड़ा दिमाग

सवाल उठा कि रीसस बंदरों के ए लगभग लक्ष्यविहीन डीएनए खंड मनुष्यों में प्रोटीन-निर्माता जीन्स कैसे बन गए? फिर उन्हीं के छात्र ने ऐसे कुछ गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए को केंद्रक से बाहर निकलते देखा। इस खोज के बाद इन शोधकर्ताओं ने कंप्यूटर की मदद से यह पता लगाया कि ऐसे गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए जो केंद्रक से बाहर नहीं निकलते और जो केंद्रक से बाहर निकल पाते हैं, उनके बीच क्या अंतर हैं। पूरी कवायद से पता चला कि अंतर डीएनए के उन खंडों में हैं जिन्हें U1 तत्व कहते हैं। जब ये U1 तत्व आरएनए में जुड़ जाते हैं तो वह आरएनए केंद्रक से बाहर निकलने सक्षम नहीं रह जाता। दूसरी ओर, प्रोटीन-निर्माता जीन्स के U1 तत्वों में ऐसे उत्परिवर्तन पाए जाते हैं कि वे आरएनए की केंद्रक से बाहर निकलने की क्षमता को प्रभावित नहीं करते। ये आरएनए बाहर कोशिका द्रव्य में पहुंचकर राइबोसोम की मदद से प्रोटीन बना देते हैं।

यह तो बरसों से पता रहा है कि प्रोटीन बनाने वाले नए-नए जीन्स मौजूदा जीन्स में दोहराव या परिवर्तन की वजह से बन सकते हैं। लेकिन कुछ प्रोटीन-निर्माता जीन्स डीएनए के ऐसे खंडों से भी बन सकते हैं जो पहले लक्ष्यहीन आरएनए बनाया करते थे। गौरतलब है कि जब डीएनए के किसी हिस्से से सम्बंधित प्रोटीन बनवाना होता है तो उसकी एक प्रतिलिपि आरएनए के रूप में बनती है जो केंद्रक से बाहर जाकर प्रोटीन निर्माण करवाती है। जब कोई डीएनए ऐसा आरएनए बनाए जिसका उपयोग प्रोटीन निर्माण में न हो सके तो वह फालतू ही हुआ ना? लेकिन इस तरीके से नए जीन्स बन जाएं, यह समझ से परे था। अब एक नए अध्ययन से पता चला है कि यह करिश्मा कैसे होता है कि डीएनए की फालतू शृंखला से बनने वाले आरएनए में ऐसी निपुणता पैदा हो जाती है कि वह केंद्रक से बाहर निकल जाता है।

आरएनए का केंद्रक से बाहर निकलना उसके द्वारा प्रोटीन संश्लेषण की दिशा में पहला कदम होता है। इस अध्ययन के शोधकर्ताओं ने ऐसे 74 मानव प्रोटीन-निर्माता जीन्स उजागर किए हैं जो मनुष्य के चिम्पैंजी से अलग होने के बाद अस्तित्व में आए हैं। इनमें से कुछ जीन्स ने हमें ज्यादा बड़े और जटिल मस्तिष्क प्रदान किए हैं। नेचर इकॉलॉजी एंड इवोल्यूशन पत्रिका में शोधकर्ताओं ने बताया है कि जब ए जीन्स चूहों वगैरह जैसे कृन्तक जीवों में जोड़े गए तो उनके मस्तिष्क अपेक्षाकृत बड़े और मानव-सदृश हो गए। देखा जाए तो जीन्स द्वारा बनाए गए आरएनए में से कुछ तो स्वयं कुछ नियामक भूमिका निभाते हैं। यह केंद्रक से बाहर नहीं जाते। दूसरी और प्रोटीन का संश्लेषण करवाने वाले आरएनए (संदेशवाहक आरएनए) केंद्रक से



निकलकर कोशिका द्रव्य में पहुंचते हैं और राइबोसोम की मदद से प्रोटीन का निर्माण करवाते हैं। मामले की शुरुआत पेकिंग विश्वविद्यालय के जीव वैज्ञानिक चुआन-युन ली की इस खोज के साथ हुई थी कि मनुष्यों में कुछ प्रोटीन-निर्माता जीन्स रीसस बंदरों में पाए जाने वाले गैर-प्रोटीन निर्माता डीएनए खंडों से बहुत मिलते-जुलते होते हैं। तो सवाल उठा कि रीसस बंदरों के ए लगभग लक्ष्यविहीन डीएनए खंड मनुष्यों में प्रोटीन-निर्माता जीन्स कैसे बन गए? फिर उन्हीं के छात्र ने ऐसे कुछ गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए को केंद्रक से बाहर निकलते देखा। इस खोज के बाद इन शोधकर्ताओं ने कंप्यूटर की मदद से यह पता लगाया कि ऐसे गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए जो केंद्रक से बाहर नहीं निकलते और जो केंद्रक से बाहर निकल पाते हैं, उनके बीच क्या अंतर हैं। पूरी कवायद से पता चला कि अंतर डीएनए के उन खंडों में हैं जिन्हें U1 तत्व कहते हैं। जब ये U1 तत्व आरएनए में जुड़ जाते हैं तो वह आरएनए केंद्रक से बाहर निकलने सक्षम नहीं रह जाता। दूसरी ओर, प्रोटीन-निर्माता जीन्स के U1 तत्वों में ऐसे उत्परिवर्तन पाए जाते हैं कि वे आरएनए की केंद्रक से बाहर निकलने की क्षमता को प्रभावित नहीं करते। ये आरएनए बाहर कोशिका द्रव्य में पहुंचकर राइबोसोम की मदद से प्रोटीन बना देते हैं। आगे खोजबीन के लिए ली के दल ने मनुष्य व चिम्पैंजी के ऐसे नवीन प्रोटीन-निर्माता जीन्स की तलाश की जो रीसस बंदरों में गैर-प्रोटीन निर्माता आरएनए के रूप में मौजूद थे। इसके अलावा उन्होंने U1 तत्व में वह उत्परिवर्तन भी खोज निकाला जो केंद्रक से बाहर निकलने के लिए जरूरी है। अंततः उन्हें 45 मानव जीन्स और 29 मानव तथा चिम्पैंजी के साझा जीन्स मिले जो इस शर्त को पूरा करते हैं। इतना होने के बाद उन्होंने इनमें से उन नौ जीन्स पर ध्यान केंद्रित किया जो मानव मस्तिष्क में सक्रिय होते हैं। वे देखना चाहते थे कि ए जीन्स क्या भूमिका निभाते हैं। उन्होंने इन जीन्स सहित और इनसे रहित कृत्रिम मस्तिष्क ऊतक विकसित किए। इसके आधार पर उन्होंने दो जीन्स पहचाने हैं जो मस्तिष्क को सामान्य से थोड़ा बड़ा बनाने में मदद करते हैं। उन्होंने इनमें से एक जीन को चूहों में भी डालकर देखा और पाया कि उन चूहों का दिमाग सामान्य चूहों की अपेक्षा बड़ा हो गया। और तो और, उनमें कॉर्टेक्स भी बड़ा बना जो तर्क व भाषा के लिए जिम्मेदार होता है। एक अन्य जीन का भी ऐसा ही असर रहा और इस जीन से लैस चूहों का याददाश्त के परीक्षण में प्रदर्शन बेहतर रहा। शोधकर्ताओं का कहना है कि मानव मस्तिष्क के विकास में कुछ सर्वथा नए जीन्स की भूमिका रही है जो प्रोटीन-निर्माता जीन्स में उत्परिवर्तनों से नहीं बल्कि गैर-प्रोटीन जीन्स के कारण बने हैं। इस ताजा खोज से नए जीन्स बनने की क्रियाविधि समझने में मदद मिलेगी।

**...स्रोत फीचर्स**

# एआईः अवसरों और चुनौतियों का नया युग



**रजनीश कपूर**

आज का युग तकनीकी नवाचारों का युग है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्धएआईॠ इस परिवर्तन का केंद्र बिंदु बन चुकी है। एआई ने विभिन्न उद्योगों में अभूतपूर्व बदलाव लाए हैं जिससे दक्षता, नवाचार और विकास की नई संभावनाएं सामने आई हैं। स्वास्थ्य सेवा से लेकर वित्त, शिक्षा, परिवहन और मनोरंजन तक, एआई ने हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है। लेकिन इस तकनीकी क्रांति के साथ एक गंभीर चुनौती भी उभर कर सामने आई है, रोजगार का नुकसान। जैसे-जैसे मशीनें और एल्गोरिदम मानव द्वारा किए जाने वाले कार्यों को अपने कब्जे में ले रहे हैं, लाखों कर्मचारी खुद को बेरोजगार और नई आर्थिक परिस्थितियों में अनुकूलन के लिए संघर्ष करते हुए पा रहे हैं। फिर भी, यह चुनौती एक अनूठा अवसर भी प्रदान करती है। हमें अपने कार्य और रोजगार के दृष्टिकोण को पुनर्विचार करने का मौका देती है।

एआई ने उद्योगों को पहले की तुलना में कहीं अधिक तेजी और सटीकता के साथ कार्य करने में सक्षम बनाया है। उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य सेवा में, एआई-संचालित उपकरण रोगों का शीघ्र निदान कर रहे हैं और व्यक्तिगत उपचार योजनाएं बना रहे हैं। विनिर्माण क्षेत्र में, स्वचालित मशीनें और रोबोट उत्पादन प्रक्रियाओं को तेज और लागत प्रभावी बना रहे हैं। वित्तीय क्षेत्र में, एआई धोखाधड़ी का पता लगाने और निवेश रणनीतियों को अनुकूलित करने में मदद कर रहा है। यहां तक कि रचनात्मक क्षेत्रों जैसे लेखन,



कला और संगीत में भी, एआई नए रास्ते खोल रहा है। ए प्रगतियां न केवल उत्पादकता बढ़ा रही हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं और अनुभव भी प्रदान कर रही हैं।

हालांकि, इन फायदों के साथ एक कड़वी सच्चाई भी जुड़ी है। एआई और स्वचालन ने कई पारंपरिक नौकरियों को अप्रचलित कर दिया है। डेटा प्रविष्टि, विनिर्माण, ग्राहक सेवा और यहां तक कि कुछ विश्लेषणात्मक कार्य अब मशीनों द्वारा किए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार, अगले कुछ दशकों में विश्व स्तर पर लाखों नौकरियां स्वचालन के कारण खत्म हो सकती हैं। भारत जैसे देश में, जहां बड़ी आबादी कार्यबल में शामिल है, यह चुनौती और भी गंभीर है। विशेष रूप से, निम्न-कौशल और मध्यम-कौशल वाली नौकरियां सबसे अधिक जोखिम में हैं। ड्राइवर, फैक्ट्री वर्कर और कॉल सेंटर कर्मचारी जैसे पेशे अब तेजी से मशीनों द्वारा प्रतिस्थापित किए जा रहे हैं।

एआई के कारण होने वाला रोजगार नुकसान केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक चुनौती भी है। बेरोजगारी न केवल व्यक्तियों की आय को प्रभावित करती है, बल्कि उनके आत्मसम्मान और सामाजिक स्थिति को भी ठेस पहुंचाती है। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां पहले से ही बेरोजगारी और अंडरएंप्लॉयमेंट की समस्या है, एआई-प्रेरित नौकरी हानि स्थिति को और जटिल बना सकती है। इसके अलावा, नई तकनीकों को अपनाने की गति और कौशल की कमी के बीच का अंतर बढ़ता जा रहा है। कई श्रमिकों के पास नई तकनीकों को सीखने के लिए आवश्यक संसाधन या अवसर नहीं हैं, जिसके परिणामस्वरूप वे आर्थिक मुख्यधारा से बाहर हो रहे हैं। इस संकट का सामना करने के लिए, पुनः कौशल विकास और कौशल उन्नयन सबसे प्रभावी समाधान के रूप में उभर कर सामने आए हैं। पुनः कौशल विकास का अर्थ है श्रमिकों को पूरी तरह से नए कौशल सिखाना, जो उन्हें बदलते नौकरी बाजार में प्रासंगिक बनाए रखे। दूसरी ओर, कौशल उन्नयन मौजूदा कौशलों को और उन्नत करने पर केंद्रित है ताकि श्रमिक अपनी वर्तमान भूमिकाओं में अधिक प्रभावी हो सकें। उदाहरण के लिए, एक फैक्ट्री कर्मचारी को रोबोटिक्स या डेटा विश्लेषण में प्रशिक्षित किया जा सकता है, जबकि एक ग्राहक सेवा प्रतिनिधि को एआई-संचालित चैटबॉट्स के प्रबंधन में प्रशिक्षण दिया जा सकता है। इसके लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थान और निजी क्षेत्र को एकजुट होकर काम करना होगा। सरकार को नीतियां बनानी होंगी जो प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सुलभ और सस्ता बनाएं। भारत में, श्स्किल इंडियाश जैसे कार्यक्रम पहले से ही इस दिशा में काम कर रहे हैं, लेकिन इनकी पहुंच और प्रभाव को और बढ़ाने की आवश्यकता है। विशेष रूप से, ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए, जहां अधिकांश निम्न-कौशल श्रमिक रहते हैं। शैक्षणिक संस्थानों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। स्कूलों और कॉलेजों को अपने पाठ्क्रमों को अद्यतन करना होगा ताकि वे डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा और अन्य उभरते क्षेत्रों पर ध्यान दें। इसके अलावा, ऑनलाइन शिक्षण मंचों और मूक जैसे संसाधनों को बढ़ावा देना होगा ताकि लोग घर बैठे नई तकनीकों को सीख सकें। निजी क्षेत्र की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। कंपनियों को अपने कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। कई वैश्विक कंपनियां, जैसे कि गूगल और माइक्रोसॉफ्ट, पहले से ही अपने कर्मचारियों को एआई और डिजिटल कौशल सिखाने के लिए निवेश कर रही हैं। भारतीय कंपनियों को भी इस दिशा में कदम उठाने होंगे। इसके अलावा, स्टार्टअप और छोटी कंपनियां, जो भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, को भी अपने कर्मचारियों के कौशल विकास में योगदान देना चाहिए।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक दोधारी तलवार है, यह अभूतपूर्व अवसर प्रदान करती है, लेकिन साथ ही गंभीर चुनौतियां भी लाती है। रोजगार का नुकसान एक ऐसी चुनौती है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि, पुनः कौशल विकास और कौशल उन्नयन के माध्यम से, हम इस संकट को एक अवसर में बदल सकते हैं। भारत, जिसके पास दुनिया की सबसे अधिक युवा कार्यबल आबादी है, इस बदलाव का नेतृत्व कर सकता है। बशर्ते सरकार, शैक्षणिक संस्थानों और निजी क्षेत्र इसके लिए संयुक्त प्रयास करें। भारत एक ऐसी कार्यबल तैयार कर सकता है, जो न केवल एआई-प्रधान दुनिया में प्रासंगिक रहे, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभाए। समयकी मांग है कि हम इस चुनौती को स्वीकार करें और एक समावेशी, कौशल-प्रधान भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ट्रम्प ने फिर रट लगाई, भारत-पाक युद्ध रुकवाने की

## कहाः दुनिया में 7 जंग रोकने की जिम्मेदारी यूएन की थी, लेकिन यह काम मुझे करना पड़ा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने का दावा किया। उन्होंने न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने 56 मिनट के भाषण के दौरान यह बात कही, जबकि उनके बोलने के लिए 15 मिनट तय थे। यूएनजीए को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहाः दुनिया में जारी 7 जंग रुकवाने की जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र की थी, लेकिन मैंने ये सभी जंग खत्म कराईं।

ट्रम्प ने अवैध प्रवासियों, अमेरिका के आर्थिक हालात, रूस-यूक्रेन जंग, इजरा. इल-हमास जंग, कार्बन फुट प्रिंट जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखी। ट्रम्प के भाषण की शुरुआत में टेलिप्राम्प्टर खराब हो गया। इस पर उन्होंने कहा कि इससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं है, इस तरह आप दिल से बात कर पाते हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रम्प ने पहली बार यूएनजीए को संबो. धित किया। इससे पहले उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति रहते आखिरी बार 2020 में यूएन को संबोधित किया था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड 25 सितम्बर 2018 को ट्रम्प संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भाषण दे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि



अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रम्प ने पहली बार यूएनजीए को संबोधित किया

2 साल से भी कम समय में उन्होंने बाकी सभी अमेरिकी राष्ट्रपतियों से ज्यादा काम किया है। ट्रम्प की बात सुनकर सभा में मौजूद दुनियाभर के नेता हंसने लगे। ट्रम्प ने न्यूजीलैंड की तत्कालीन पीएम जैसिंडा अर्डन को देखकर कहाः मुझे ऐसे रिएक्शन की उम्मीद नहीं थी। कोई बात नहीं। अब 7 साल बाद ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में पहली बार यूएन को संबोधित किया। लेकिन इस बार हालात पूरी तरह से बदले नजर आए। भाषण शुरू होने से पहले ही उनका टेलीप्राम्प्टर खराब हो गया है। इस पर ट्रम्प ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहाः टेलीप्राम्प्टर खराब है तो क्या, इससे दिल से बोलने का मौका मिलता है। लेकिन जो इसे चला रहा है, वो मुश्किल में है।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने मैक्रों, किंग अब्दुल्ला और रेसेप तईप एर्दोआन से की मुलाकात



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ संक्षिप्त बातचीत की। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रों ने कल घोषणा की थी कि फ्रांस फलस्तीन राज्य को मान्यता दे रहा है तथा दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच अधिक. ांश बातचीत गाजा में संकट का समाधान ढूंढने पर केंद्रित रही। इस संबंध में ट्रम्प ने संवाददाताओं को बताया कि आज क्षेत्र के नेताओं के साथ उनकी बैठक है और उन्होंने कहा कि हम बहुत जल्द ही कोई परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। मैक्रों के साथ यह बैठक ट्रम्प के इस सुझाव के तुरंत बाद हुई कि यूक्रेन रूस के खिलाफ लड़ाई में अपना सारा क्षेत्र वापस जीत सकता है। मैक्रों के अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला और तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन से भी मुलाकात की।

### भारत हमारी तरफ है यूएनजीए में जेलेंस्की का अहम बयान

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भारत को लेकर एक अहम बयान दिया है। एक अमेरिकी मीडिया समूह को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि 'भारत अधिकतर हमारी तरफ ही है'। जेलेंस्की का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति के संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में किए गए उन दावों के बिल्कुल उलट माना जा रहा है, जिसके तहत ट्रम्प ने आरोप लगाया था कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध का मुख्य वित्तपोषक है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन में चल रहे रूसी युद्ध की फंडिंग कर रहे हैं। चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर इस युद्ध को वित्तपोषित करने वाले मुख्य देश हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यह माना कि भारत-रूस के ऊर्जा सौदों के कारण कुछ जटिलताएं आई हैं, लेकिन उन्होंने आशा जताई कि भारत रूसी ऊर्जा सेक्टर के प्रति अपने दृष्टिकोण में बदलाव करेगा।

## घातक तूफान रागासा की चपेट में ताइवान, 17 लोग मरे



चीन में 20 लाख लोग विस्थापित

**नई दिल्ली/हांगकांग।** शक्तिशाली तूफान, रागासा से ताइवान में 17 लोगों की मौत हो गई है और 18 अन्य घायल हो हुए हैं। ताइवान में कहर बरपाने के बाद रागासा तूफान दुनिया के सबसे घनी आबादी वाले तटों में से एक की ओर बढ़ रहा है जिसे देखते हुए अब तक दक्षिणी चीन में लगभग 20 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि रागासा के कारण लगभग 100 लोग अभी भी फंसे हुए हैं। इस वर्ष के सबसे शक्तिशाली तूफान रागासा ने बुधवार को वित्तीय केंद्र हांगकांग और दक्षिणी चीन के बड़े हिस्सों को ठप कर दिया। यह तूफान फिलीपींस के सुदूर द्वीपों और ताइवान के पहाड़ी क्षेत्रों से होकर गुजरा, जहां इसने भूस्खलन, बाढ़ और ऊंची लहरों के साथ भारी तबाही मचाई। अब यह चीन के ग्वांगडोंग प्रांत की ओर बढ़ रहा है, जहां शेनझेन और ग्वांगझोउ जैसे विशाल शहर स्थित हैं। ताइवान में इसकी चपेट में आकर कम से कम 17 लोगों की मौत हो चुकी है और बुधवार दोपहर तक 18 अन्य लोग लापता हैं। यह तबाही एक प्राकृतिक झील के टूटने के बाद आई जो भूस्खलन के मलबे से बनी थी और इसमें काफी मात्रा में पानी जमा था। इसके टूटने से लगभग सत्तर लाख टन पानी निचले क्षेत्रों में प्रवाहित हो गया जिसने पास के ग्वांगफू टाउनशिप में बाढ़ ला दी।

## संक्षिप्त समाचार

### रोहिंग्या विद्रोहियों को उकसाने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** अराकान आर्मी (एए) के कमांडर-इन-चीफ मेजर जनरल तुन म्यात नाइंग ने बांग्लादेश सीमा सुरक्षा बल के कुछ अधिकारियों पर रोहिंग्या विद्रोही समूहों, अराकान रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी और रोहिंग्या सॉलिडैरिटी ऑर्गनाइजेशन (आरएसओ), को एए के ठिकानों पर हमले के लिए उकसाने का गंभीर आरोप लगाया है। मेजर जनरल ने 'द इरावाडी' को दिए एक विशेष साक्षात्कार में खुलासा किया कि 18 सितम्बर की रात उत्तरी रखाइन राज्य के माउंगडॉ टाउनशिप में एए के बेस पर एआरएसए और आरएसओ के लड़ाकों ने समन्वित हमला किया।

### रूसी भाषियों के उत्पीड़न का विरोध

**मॉस्को।** रूसी उप विदेश मंत्री दिमित्री ल्यूबिस्की ने कहा है कि बाल्टिक देशों में रूसी भाषियों पर अत्याचार पुरानी यूरोपीय 'सभ्यता' के सभी मानदंडों का उल्लंघन है। ल्यूबिस्की ने कहा कि मैं बाल्टिक देशों में रूसी भाषी लोगों पर बढ़ते हुए कठोर उत्पीड़न का उल्लेख करना चाहूंगा जो पुरानी यूरोपीय 'सभ्यता' के सभी मानदंडों का उल्लंघन है। बेलारूस के विदेश मंत्री मैक्सिम रायजेनकोव ने इस वर्ष की शुरुआत में कहा था कि बाल्टिक देशों को किसी भी महत्वपूर्ण, शांतिपूर्ण या विकासोन्मुख अंतर्राष्ट्रीय पहल को लागू करने में कोई उपलब्धि प्राप्त नहीं हुई है।

### रूस ने 70 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने मंगलवार रात पांच रूसी क्षेत्रों और काला सागर में 70 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया पिछली रात बेलगोरोड, कुर्स्क, रोस्तोव, वोल्गोग्राड क्षेत्रों, क्रीमिया गणराज्य और काला सागर के ऊपर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 70 यूक्रेनी मानवरहित ड्रोन प्रणालियों को नष्ट करते हुए उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया।

### ओस्लो में विस्फोट के बाद अलर्ट जारी

**ओस्लो।** नॉर्वे पुलिस ने ओस्लो में एक विस्फोट की खबर के बाद मंगलवार शाम आपातकालीन अलर्ट जारी किया, जिसमें क्षेत्र के निवा. सियों से खिड़कियों से दूर रहने और घटनास्थल पर न जाने का आग्रह किया गया। यह घटना पहली बार स्थानीय समयानुसार लगभग 20:43 बजे मध्य ओस्लो के बिस्लेट के पास रिपोर्ट की गई। नॉर्वेजियन प्रसारक एनआरके के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने एक बड़ा धमाका सुनने की बात की।

## रूसी प्लेन NATO देशों से गुजरें, तो मार गिराएंः ट्रम्प

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस को कागजी शेर बताया, रूस बोलाः हम शेर नहीं खतरनाक भालू हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर रूसी विमान, छ।ज्ञ देशों के एयरस्पेस में घुसते हैं तो उन्हें मार गिराया जाए। उन्होंने रूस को कागजी शेर बताया। ट्रम्प ने कहा कि रूस पिछले साढ़े तीन साल से युद्ध में फंसा हुआ है, लेकिन जीत हासिल नहीं कर सका। उनके मुताबिक, अगर रूस असली सैन्य ताकत होता तो यह युद्ध एक हफ्ते में खत्म हो जाना चाहिए था।

उन्होंने भरोसा जताया कि यूक्रेन रूस से सारा कब्जा किया इलाका वापस ले सकता है। रूस के राष्ट्रपति आफिस क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेसकोव ने ट्रम्प के बयान को खारिज करते हुए कहाः रूस अपनी आर्थिक स्थिरता बनाए हुए है। कुछ सेक्टर में समस्याएं हैं, लेकिन रूस कोई शेर नहीं, बल्कि एक खतरनाक भालू है, और श्पेपर भालूश् जैसी कोई चीज नहीं होती। ट्रम्प ने जेलेंस्की के साथ बैठक से पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में दिए अपने भाषण में यूरोपीय देशों से अपील की कि वे रूस से तेल-गैस खरीदना पूरी तरह बंद करें। उन्होंने



अगर रूस असली सैन्य ताकत होता, तो यह युद्ध एक हफ्ते में खत्म हो जाना चाहिए था

कहा कि नाटो देश खुद ही युद्ध को फंड कर रहे हैं। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूरोप और नाटो के सहयोग से यूक्रेन युद्ध से पहले वाली सीमाएं वापस पा सकता है, क्योंकि रूस की अर्थव्यवस्था दबाव में है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेंस्की ने भी सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका से रूस पर और दबाव डालने की मांग की। ट्रम्प के जमीन वापस लेने के बयान को गेम चेंजर भी कहा। पहले ट्रम्प कई बार कह चुके थे कि युद्ध खत्म करने के लिए यूक्रेन को कुछ जमीन छोड़नी पड़ सकती है। मंगलवार देर रात फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में जेलेंस्की ने कहा है कि उन्हें ट्रम्प के यूक्रेन पर अचानक बदले रुख से हैरानी हुई है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प का यह रुख युद्ध खत्म करने में मददगार हो सकता है। उन्होंने कहा कि इससे समझ आता है कि अमेरिका युद्ध खत्म होने के बाद भी यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने को तैयार है। हालांकि, जेलेंस्की ने माना कि अभी ऐसी कोई ठोस डिटेल नहीं है। लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में और ज्यादा हथियार, एयर डिफेंस सिस्टम और ड्रोन मिलने की संभावना है। जेलेंस्की ने इंटरव्यू में कहा कि अब उनके और ट्रम्प के बीच ज्यादा बातचीत और मुलाकातें हो रही हैं, जिससे रिश्ते बेहतर हो रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि पुतिन ने बार-बार ट्रम्प से झूठ बोला, यही वजह है कि अब हमारे (ट्रम्प और जेलेंस्की) रिश्ते बेहतर हुए हैं।

## एच-1बी वीजा लॉटरी सिस्टम को खत्म करने जा रहे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने एच-1बी वीजा चयन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव प्रस्तावित किया है। इसके तहत अमेरिका में एच-1बी वीजा पाने के नियम बदल सकते हैं।

अभी तक यह वीजा लाटरी सिस्टम के जरिए मिलता है, लेकिन नई योजना के मुताबिक अब ज्यादा वेतन वाली नौकरियों को प्राथमिकता दी जाएगी। मतलब अगर किसी साल आवे. दन 85000 की तय सीमा से ज्यादा आते हैं, तो उन लोगों के चुने जाने की संभावना ज्यादा होगी, जिनकी नौकरी में वेतन ऊंचा है। नए नियम के तहत सभी उम्मीदवारों को लेबर डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के आधार पर चार सैलरी कैटेगरी में रखा जाएगा। सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले, जिन्हें लगभग 162500 डालर (करीब 1.44 करोड़ रुपये) सालाना वेतन मिलता है, वे

■ अब मोटी सैलरी से चयन, करीब 1.44 करोड़ के पैकेज वाले को चार मौके मिलेंगे

लाटरी में चार बार शामिल होंगे। सबसे कम सैलरी वाले सिर्फ एक बार शामिल होंगे। इसका मकसद है कि हाई स्किल्ड और हाई सैलरी वाले कर्मचारियों को प्राथमिकता मिले। हाई सैलरी सिस्टम के आधार पर वीजा देने का प्रस्ताव फेडरल रजिस्टर में जारी हो चुका है। इस पर 30 दिन तक जनता की राय ली जाएगी। मंजूरी मिलने के बाद व्यवस्था अगले वीजा साइकिल (अप्रैल 2026) से लागू हो सकती है। इससे पहले ट्रम्प सरकार ने 22 सितम्बर से नए एच-1बी आवे. दन पर 100,000 डालर (करीब 88 लाख रुपये) फीस कर दी। पहले यह 6 लाख रुपये के करीब लगती थी।

### संयुक्त राष्ट्र में गूंजा 'ओम शांति, शांति ओम'

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने सुबियांता दुनिया से शांति, न्याय और समान अवसर की अपील की दुनिया से शांति, न्याय और समान अवसर की अपील की। अपने 19 मिनट के संबोधन के अंत में उन्होंने संस्कृत मंत्र 'ओम शांति, शांति, शांति ओम' का उच्चारण कर पूरी दुनिया को सौहार्द्र और एकजुटता का संदेश दिया। अपने भाषण के दौरान राष्ट्रपति सुबियांतो ने गाजा और फलस्तीन में जारी हिंसा और मानवीय संकट पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने घोषणा की कि इंडोनेशिया शांति स्थापना में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया 20000 या उससे भी अधिक सैनिकों को गाजा और फलस्तीन में शांति स्थापित करने के लिए भेजने को तैयार है।

## बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर बम हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर बम हमले में करीब 12 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक, यह हमला उस समय हुआ जब क्वेटा जा रही ट्रेन मस्तुंग जिले के स्पिजेंड इलाके से गुजर रही थी। ट्रेन में करीब 270 यात्री सवार थे। हमले में ट्रेन की छह बोगियां पटरी से उतर गईं और एक बोगी पलट गई।

अधिकारियों ने बताया कि इस इलाके में 10 घंटे के अंदर ये दूसरा धमाका था। मंगलवार सुबह इससे पहले एक और बम धमाका रेलवे ट्रैक के पास हुआ था। उस समय पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस क्वेटा स्टेशन से निकली थी। धमाके के बाद ट्रेन को कुछ देर रोका गया, लेकिन सुरक्षा बलों ने ट्रैक साफ कर ट्रेन को आगे बढ़ने दिया था। लोकल पुलिस ने पुष्टि की कि दूसरा

■ छह बोगियां पटरी से उतरीं, 12 लोग घायल, 10 घंटे में दूसरा धमाका

धमाका ट्रैक पर लगाए गए एक प्म्क (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की वजह से हुआ। पाकिस्तान रेलवे के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि पलटी हुई बोगी में पांच यात्री घायल हुए, जबकि बाकी लोग पास की बोगियों के पटरी से उतरने से चोटिल हुए। रेस्क्यू टीमें और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में एडमिट किया। रेलवे अधिका. रियों ने कहा कि अगर ट्रेन पूरी रफ्तार से चल रही होती, तो यह हादसा और बड़ा हो सकता था। अभी तक किसी विद्रोही संगठन ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। जाफर एक्सप्रेस को इस साल मार्च में भी बलूच लड़ाकों ने निशाना बनाया था।



पटना। विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व पार्टी नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ।

### जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र के आसपास बिजली गुल होने से सुरक्षा को खतरा

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था ने कहा है कि ज़ापोरीज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास मंगलवार को बिजली गुल हो गई जिससे परमाणु सुरक्षा के लिए लगातार खतरा बना हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने मंगलवार को सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के दौरान बिजली की यह 10वीं कटौती है। एजेंसी ने कहा कि उसकी टीम घटना के कारणों की जांच कर रही है। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने जापोरिज्जिया में अपनी टीम का हवाला देते हुए कहा कि संयंत्र में बिजली की आपूर्ति के लिए आपातकालीन डीजल जनरेटरों ने काम करना शुरू कर दिया है।

## फिनलैंड के राष्ट्रपति बोलेः भारत उभरती हुई ताकत

**हेलसिंकी।** फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने कहा है कि भारत उभरती हुई महाशक्ति है। उसे रूस और चीन की तरह नहीं माना जा सकता। स्टब ने हेलसिंकी सिक्योरिटी फोरम 2025 की बैठक में पश्चिमी देशों को दिल्ली के साथ और गहरे संबंध बनाने के लिए कहा।

स्टब ने रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने में भारत की अहम भूमिका पर भी जोर दिया। फोरम 2025 में बोलते हुए स्टब ने कहा मैंने पीएम मोदी से यूक्रेन के हालात पर बात की है। भारत का इसमें भू-राजनैतिक हित है, इसलिए हमें उन्हें शांति प्रयासों में शामिल करना होगा। स्टब ने कहा है कि यूक्रेन में शांति प्रक्रिया की शुरुआत युद्धविराम से होनी चाहिए। इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति

■ भारत को चीन-रूस जैसा न मानें, पश्चिमी देश दिल्ली से मजबूत रिश्ते बनाएंः अलेक्जेंडर स्टब

व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक की औपचारिक तारीख तय होनी चाहिए। स्टब ने कहा कि रूस पर आर्थिक प्रतिबंध जारी रखना चाहिए और साथ ही यूक्रेन को सैन्य मदद भी बढ़ानी होगी। स्टब को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का करीबी माना जाता है। मार्च में फ्लोरिडा के मार-ए-लागो रिसार्ट में सात घंटे लंबे गोल्फ राउंड के दौरान उनकी दोस्ती और गहरी हुई थी। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, स्टब उन चुनिंदा यूरोपीय नेताओं में हैं जिनकी राय ट्रम्प पर असर डाल सकती है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि छोटे देशों में स्टब की बराबरी का कोई भी नेता नहीं है। उनकी ट्रम्प तक बहुत अच्छी पहुंच है।

## तुर्की के राष्ट्रपति ने यूएन में फिर कश्मीर मुद्दा उठाया

### कहाः भारत-पाक सुरक्षा परिषद की मदद लें, 2019 से छह बार जिक्र कर चुके

**वाशिंगटन।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने मंगलवार को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत के जरिए कश्मीर मुद्दे को हल करने की वकालत की। एर्दोगन ने कहा कि हमें खुशी है कि अप्रैल में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद सीजफायर हुआ। कश्मीर के हमारे भाइयों और बहनों के लिए, इस मुद्दे को यूएन सुरक्षा परिषद की मदद से सुलझाना चाहिए। भारत पहले भी ऐसी टिप्पणियों को खारिज कर चुका



■ कश्मीर के हमारे भाइयों और बहनों के लिए, इस मुद्दे को यूएन सुरक्षा परिषद की मदद से सुलझाना चाहिए

है। भारत का कहना है कि जम्मू-कश्मीर हमारा आंतरिक मामला है।

एर्दोगन 2019 से हर साल (2024 छोड़कर) यूएन में कश्मीर का जिक्र करते रहे हैं, जिसमें वे पाकिस्तान के तरफ अपना समर्थन दिखाते हैं। एर्दोगन ने भारत-पाक संघर्ष के बाद 17 मई, 2025 को कश्मीर मुद्दे को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की थी। उन्होंने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। एर्दोगन ने कहा था कि वो कश्मीर मुद्दा सुलझाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे। उन्होंने भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। एर्दोगन ने कहा था कि अगर दोनों देश तैयार हो तो वो कश्मीर मामले में रोल निभाएंगे। हम शांति चाहते हैं, हम दो पड़ोसियों के बीच कोई तनाव नहीं चाहते। वही, इस्तांबुल में 24 मई, 2025 को शहबाज शरीफ ने एर्दोगन से मुलाकात की थी।

इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को खुफिया जानक. ारी, टेक्नोलाजिकल सपोर्ट, एनर्जी, ट्रांसपोर्ट और डिफेंस सेक्टरों में सहयोग देने का बाद कही थी। एर्दोगन की टिप्पणी पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

## विकासशील देशों के समक्ष बड़ी चुनौतियांः जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने दुनिया भर में बढ़ती अनिश्चितता की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस स्थिति में विकासशील देशों को विशेष रूप से अपने अधिक. ारों और अपेक्षाओं को पूरा करने में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। डा. जयशंकर ने बहुपक्षवाद की अवधारणा को खतरे में बताते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संगठन अप्रभावी हो रहे हैं या संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं और समकालीन व्यवस्था की आधारशिलाएं बिखरने लगी हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाओं में अत्यंत आवश्यक सुधारों में देरी का परिणाम सबके सामने है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सत्र में हिस्सा लेने न्यूयार्क गए डॉ. सिंह ने समान विचारधारा वाले ग्लोबल साउथ देशों की उच्च स्तरीय बैठक में भारत का दृष्टिकोण रखा। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि डॉ. सिंह ने मौजूदा वैश्विक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों के लिए बड़ी चुनौती है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108